सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-307 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 02 मई 2025
03 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# हमारे साहस और एकता की परीक्षा : धनखड़

- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन किया
- हमारी संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें



मुख्यमंत्री योगी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को भेंट किया चांदी का कलश

**लखनऊ।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि पहलगाम जैसी घटनाएं हमारे साहस और एकता की परीक्षा लेती हैं, लेकिन हमें हर परिस्थिति का मुकाबला करना आता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरे देश को भरोसा है।

पिछले दिनों न्यायपालिका को उसके अधिकारों को लेकर चेताने वाले धनखड़ ने यहां भी अपनी बात को आगे बढ़ाया और कहा कि मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं, लेकिन स्पष्ट करना चाहता हूं कि न्यायपालिका का कार्य निर्णय देना है और विधायिका का कार्य कानून बनाना है। लोकतंत्र सहयोग, सहकारिता और एकजुटता से चलता है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) परिसर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का गुरुवार को विमोचन करने के बाद संबोधन में उप राष्ट्रपति ने लोकतंत्र में अभिव्यक्ति और वाद-विवाद को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति का अधिकार जब मैं ही सही हूं की जिद में बदल जाए और दूसरों की बात न सुनी जाए, तो यह अधिकार विकार में परिवर्तित हो जाता है।' उन्होंने यूपी को उत्तम प्रदेश बताते हुए कहा, 'बिना टैक्स बढ़ाए उत्तर प्रदेश की जीडीपी को 30 लाख करोड़ तक पहुंचाना एक बड़ी उपलब्धि है, जो हर अर्थशास्त्री के लिए शोध का विषय बन सकती है। कहा कि यह हमारा बाध्यकारी कर्तव्य है कि हमारी संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहती हैं। हमारा लोकतंत्र तब फलता फूलता नहीं है जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो। कहा कि आनंदी बेन पटेल नाम ही काफी है। जिस प्रदेश में वह शिक्षक रहीं, मंत्री रहीं और मुख्यमंत्री रहीं। आज उस प्रदेश का स्थापना दिवस है। आज श्रमिक दिवस भी है। इस दिन को उनके जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन रखा गया। यह कितना सोच समझकर किया गया होगा। आनंदी बेन इतनी सरल नहीं हैं, जितनी दिखती हैं। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश है। सीएम योगी को युवा कहा जा सकता है।

### भारत के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे यूपी में

सीएम उत्तम प्रदेश के सारथी हैं। आपका भी आकलन आसान नहीं है। आठ साल में यूपी को बिना टैक्स के ही 12 लाख करोड़ से 30 लाख करोड़ तक ले गए। यह हर अर्थशास्त्री के लिए अचंभा है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। भारत के सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे यहां है। आपके यहां छह शहरों में मेट्रो है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति व वाद-विवाद जरूरी है। अभिव्यक्ति का कोई कोई अर्थ नहीं है। यदि उसमें वाद विवाद नहीं है। लेकिन, यहां भी एक ईको सिस्टम होना चाहिए।

# रूह अफजा विवाद मामले में रामदेव को हाईकोर्ट की फटकार

- रामदेव किसी के वश में नहीं, वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं
- भेजा जाएगा नोटिस
- योगगुरु ने कोर्ट की रोक के बावजूद वीडियो जारी किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट उच्च न्यायालय ने 'हमदर्द' के रूह अफजा के खिलाफ योग गुरु रामदेव के विवादास्पद ''शरबत जिहाद'' वाले बयान पर बृहस्पतिवार को उन्हें प्रथम दृष्टया अदालत के आदेश की अवमानना का दोषी पाया और कहा कि रामदेव ''किसी के वश में नहीं हैं'' और वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं। अदालत ने पहले उन्हें 'हमदर्द' के उत्पादों के बारे में भविष्य में कोई बयान जारी नहीं करने या वीडियो साझा नहीं करने का आदेश दिया था।

न्यायमूर्ति अमित बंसल को बृहस्पतिवार को सूचित किया गया कि अदालत के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो प्रसारित किया है। इसके बाद उन्होंने कहा, ''पिछले आदेश के मद्देनजर, उनका हलफनामा और यह वीडियो प्रथम दृष्टया अवमानना के अंतर्गत आता है। मैं अब अवमानना नोटिस जारी करूंगा। हम उन्हें यहां बुला रहे हैं। न्यायमूर्ति ने टिप्पणी की, ''वह (रामदेव) किसी के वश में नहीं हैं। वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं।'' रामदेव के वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई कुछ समय बाद की जाए, क्योंकि मामले में बहस करने वाले वकील उपलब्ध नहीं हैं। इसके बाद, अदालत ने सुनवाई कुछ समय के लिए टाल दी। 'हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया' ने विवादित टिप्पणी को लेकर रामदेव और उनकी 'पतंजलि फूड्स लिमिटेड' के खिलाफ याचिका दायर की है। अदालत ने पिछली बार कहा था कि 'हमदर्द' के रूह अफ़ज़ा पर रामदेव की ''शरबत जिहाद'' वाली टिप्पणी अनुचित है और इसने उसकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है, जिसके बाद योग गुरु ने आश्वासन दिया था कि वह संबंधित वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट तुरंत हटा देंगे।

## नैनीताल : जेल भेजा गया किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी, आक्रोश बरकरार




**नैनीताल।** नैनीताल में 12 साल की एक किशोरी के साथ कथित रूप से दुष्कर्म के आरोपी, ठेकेदार मुहम्मद उस्मान 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच उस्मान को कोर्ट में पेश किया। इस बीच आक्रोशित भीड़ और वकीलों ने आरोपी को पीटने की कोशिश की। लेकिन पुलिस के कड़े पहरे के कारण वे ऐसा नहीं कर सके। उधर, इस घटना पर नैनीताल में आक्रोश बरकरार है। हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने यहां समुदाय विशेष के दुकानों को निशाना बनाया। तोड़फोड़-मारपीट की। एक धार्मिक स्थल पर भी पथराव किया। पुलिस हालात कंट्रोल करने में जुटी है। एसएसपी ने कहा कि नैनीताल का माहौल खराब नहीं होने देंगे। बुधवार को जब से ये घटना सामने आई-उसके बाद से यहां बवाल कटा है। आक्रोशित भीड़ ने पहले थाने का घेराव किया।

# हमारी अनुमति के बिना नहीं काट सकते ताजमहल के पास के एक भी पेड़ : एससी

**अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**

**8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा**



**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के पांच किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किलोमीटर की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर के क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) की पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी और अधिकारी उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। पीठ ने कहा, ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। यह अदालत केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति से अनुशंसा मांगेगी और उसके बाद पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी। इसमें कहा गया है, जब तक पेड़ों को काटने की बहुत आवश्यकता न हो, तब तक प्रभागीय वन अधिकारी को यह शर्त लगानी होगी कि वास्तविक पेड़ों की कटाई तभी की जा सकती है, जब प्रतिपूरक वनरोपण समेत अन्य सभी शर्तों का अनुपालन किया जाए। डीएफओ या सीईसी को पहले पेड़ों को काटने की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, हम यह स्पष्ट करते हैं कि अपवाद केवल तभी लागू होगा, जब पेड़ों को काटने की बहुत आवश्यकता हो, क्योंकि यदि पेड़ों को काटने की कार्रवाई तुरंत नहीं की जाती है, तो मानव जीवन के नुकसान की संभावना हो सकती है।

अदालत ने मामले में सीईसी से एक रिपोर्ट भी मांगी, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि क्या आगरा किला और फतेहपुर सीकरी जैसे दो अन्य विश्व धरोहर संरचनाओं की सुरक्षा के लिए कोई अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस बीच, अदालत ने आगरा में मौजूद एक ट्रस्ट की एक अन्य याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें निजी भूमि पर पेड़ों को काटने के लिए पूर्व अनुमति प्राप्त करने की शर्त में ढील देने की मांग की गई थी।

# पूरा देश एक, सुरक्षाबलों का मनोबल न गिराएं

- पहलगाम आतंकी हमले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार, यह हमें स्वीकार्य नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमले की न्यायिक जांच की मांग संबंधी याचिका पर विचार करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। पहलगाम में पिछले माह (22 अप्रैल) को पर्यटकों पर हुए इस हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अधिवक्ता फतेश कुमार साहू और विक्की कुमार तथा एक अन्य व्यक्ति जुनैद मोहम्मद जुनैद की ओर से दायर याचिकाओं को सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने वाला बताते हुए खारिज कर दी और कई टिप्पणियां कीं। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, यह सही समय नहीं है। यह महत्वपूर्ण समय है, जब हर नागरिक ने हाथ मिलाया है। ऐसी कोई प्रार्थना न करें, जिससे सुरक्षा बलों का मनोबल गिरे?। यह हमें स्वीकार्य नहीं है। मामले की संवेदनशीलता को देखें न्यायालय ने पीठ के समक्ष वकील की ओर से इस जनहित याचिका का उल्लेख करने की कोशिश के दौरान ही इन टिप्पणियों के साथ याचिका पर सुनवाई करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। पीठ ने वकील से पूछा कि क्या वह याचिका पर बहस करना चाहते हैं।

## यूपी के कई जिलों में बारिश के साथ गिरे ओले


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बदले हुए मौसम के बीच बृहस्पतिवार को गोरखपुर, महराजगंज, संतकबीरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ीं। गोरखपुर में बारिश और तेज रफ्तार हवा के साथ ओले भी गिरे। इससे पारे में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए तराई और दिल्ली से सटे 16 जिलों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में एक शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त पुरवाई और दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं के समागम से प्रदेश में अगले कुछ दिन मौसम प्रभावित रहने वाला है। शुक्रवार को बुंदेलखंड और दिल्ली एनसीआर के 12 जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलने के आसार हैं।

# आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : अमित शाह

- भारत की इंच-इंच भूमि से आतंकवाद मिटाने का संकल्प
- बोडोफा सभी छोटी जनजातियों के लिए महत्वपूर्ण
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी, उचित दंड दिया जाएगा : केंद्रीय गृहमंत्री

### आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ

गृह मंत्री ने दहशतगर्दों को चेतावनी देते हुए कहा, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस देश की इंच-इंच भूमि पर से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ने का हमारा संकल्प है। वह सिद्ध होकर रहेगा। इस लड़ाई में न केवल 140 करोड़ भारतीय, बल्कि पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। लामबंद होकर दुनिया के सभी देश आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारत की जनता के साथ हैं। बता दें कि शाह ने जिस कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले पर टिप्पणी की, उसमें बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की विरासत को सम्मानित करने के लिए सड़क और प्रतिमा का उद्घाटन भी किया गया। इस समारोह में शाह ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे दिल्ली की कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का उद्घाटन करने का अवसर मिला है।



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निहत्थे पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए आज गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 1990 के दशक से कश्मीर में जो आतंकवाद चला रहे हैं, उनके खिलाफ पीएम मोदी ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। सरकार मजबूती से उनके खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

बकौल अमित शाह, हमारे 27 नागरिकों की जान लेकर आतंकवादी लड़ाई जीत गए हैं, उन्हें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा, वे यह संकल्प दोहराना चाहते हैं कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। जिन लोगों ने यह कृत्य किया है, उन्हें निश्चित रूप से उसका उचित दंड दिया जाएगा। शाह ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, ये लड़ाई का अंत नहीं, ये केवल एक पड़ाव है। हर शख्स को चुन-चुन कर जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर, वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र हो या कश्मीर पर आतंकवाद की छाया हो, सरकार ने सबका मजबूती से जवाब दिया है। अगर कोई कायराना आतंकी हमला कर समझता है कि ये उनकी बड़ी जीत है। यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की मूर्ति न केवल बोडो समुदाय बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर बीते 22 अप्रैल की दोपहर में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन



**जयपुर।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का गुरुवार को अहमदाबाद में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। बताया गया है कि गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं। करीब 90 प्रतिशत तक जलने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उन्होंने अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर उदयपुर लाया जा रहा है, जहां उनके अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार की व्यवस्था की जा रही है। डॉ. व्यास का राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान रहा है। वे राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी थीं।

## आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने का आग्रह किया। एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और मृतकों को शहीद के रूप में आधिकारिक मान्यता देने की उनकी मांग का समर्थन किया। गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख और उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की उनकी मांग के साथ खड़ा हूं। प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें यह सम्मान दें। इससे पहले बुधवार को रायबरेली से कांग्रेस सांसद ने कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि वे मृतक के लिए शहीद का दर्जा चाहते हैं।

# भारत की कार्रवाई से खौफ में पाकिस्तान, ट्रंप से लगाई गुहार

- पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ा है तनाव



**वाशिंगटन।** अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की है कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति लाने की कोशिश कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप के लिए कश्मीर से बड़ा कोई संकट नहीं है।

यह बयान उस वक्त आया है जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में फिर से तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे दखल देकर भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित संघर्ष को रोकें। इधर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना के शीर्ष अधिकारियों से कहा है कि वे भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, समय और लक्ष्यों का खुद फैसला करें। यानी सेना को पूरी आजादी दी गई है कि वह आतंकवादी हमले का जवाब कैसे और कब दे। पाकिस्तानी राजदूत शेख ने एक अमेरिकी मैगजीन से कहा, अगर हमारे पास एक ऐसा राष्ट्रपति है, जो दुनिया में शांति कायम करने के लिए अपनी पहचान बनाना चाहता है, तो कश्मीर से बड़ा कोई और परमाणु संकट नहीं है। भारत, पाकिस्तान और चीन –तीनों परमाणु ताकतें हैं। इसलिए मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन को सिर्फ तात्कालिक तनाव कम करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, बल्कि कश्मीर समस्या का स्थायी हल निकालना चाहिए ताकि हर बार हल्की सी घटना से फिर से युद्ध जैसी स्थिति न बने। इस बीच अमेरिका ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के लिए गहरी संवेदना जताई और कहा कि अमेरिका भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है।

**मनोरंजन सम्मेलन**

### वेव्स समिट का प्रधानमंत्री ने किया उद्‍घाटन

# सिनेमा देश की संस्कृति की आवाजः मोदी

- चार दिन का इवेंट है, जिसमें मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सारे दिग्गज एकसाथ आएंगे
- मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है : पीएम मोदी




**मुंबई।** प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि 'वेव्स' सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं और रचनात्मकता के वैश्विक परिवेशी तंत्र की आधारशिला रखेगा। पीएम मोदी ने यहां पहले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह ''भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन'' का सही समय है जब दुनिया कहानी कहने के नए तरीके तलाश रही है और भारत के पास इस दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ है।

प्रधानमंत्री ने रचनात्मक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और मानवीय संवेदनाओं को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा, ''मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। मोदी की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं जिसे लेकर उच्चतम न्यायालय ने सरकार से जवाब मांगा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वेव्स' में ऐसे समय में एक मंच पर वैश्विक प्रतिभाओं को लाने की क्षमता है, जब भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारतीय खाना लोकप्रिय है, ''मुझे विश्वास है कि भारतीय गाना भी दुनियाभर में मशहूर होगा।' स्क्रीन का आकार भले ही छोटा हो रहा हो, लेकिन संदेश (भारतीय कहानियां) बड़ा रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है; यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन पहले ही क्षण से दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। मोदी के मुताबिक, भारत के पास देने के लिए बहुत कुछ है, एक अरब से अधिक आबादी वाला देश होने के अलावा यह एक अरब से अधिक कहानियों का देश भी है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है।

# श्रमिकों की मेहनत से ही बनता है समृद्ध समाजः दुर्गा शक्ति नागपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित एक भव्य समारोह का आयोजन विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित श्रमिक सम्मान, हित लाभ वितरण एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम ने न सिर्फ श्रमिकों को उनके अधिकारों और उपलब्ध योजनाओं से जोड़ा, बल्कि उनके योगदान को खुले मंच से सम्मान भी दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एवं सहायक श्रमायुक्त ने दीप प्रज्वलन के साथ की। कार्यक्रम का सफल संयोजन सहायक श्रमायुक्त ने किया कार्यक्रम में विधायक और डीएम, सीडीओ ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को प्रतीकात्मक रूप से लाभ वितरित किए। इसमें 03 शिशु हितलाभ, 02 कन्या विवाह सहायता, 06 सावधि जमा (एफ.डी.), 05 ई-श्रम कार्ड और 04 पीएम-श्रम योगी मानधन कार्ड शामिल रहे। इस कार्यक्रम में श्रमिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत कुल 137 श्रमिकों को ?43.05 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही, 5 श्रमिकों को ?25-25 हजार की फिक्स्ड डिपॉजिट (स्रष्ठ) भी सौंपी गई कार्यक्रम के दौरान अटल आवासीय विद्यालय की मंडल टॉपर के पिता श्रमिक अनिल दीक्षित और छत्तीसगढ़ निवासी रामा बाई कौशिक, वर्तमान में निर्माणाधीन जिला चिकित्सालय, लखीमपुर खीरी में कार्यरत एक महिला राजमिस्त्री को उनकी कड़ी मेहनत और प्रेरणादायक योगदान के लिए शाल उड़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया

## मजिस्ट्रियल जाँच हेतु उपलब्ध कराए साक्ष्य/अभिकथन

**लखीमपुर खीरी ।** दिनांक 01-05-2009 को सीतापुर डिपो की बस संख्या यू0पी0 30-6130 जो सीतापुर से लखीमपुर आ रही थी, पूर्वान्ह 10-15 बजे कस्बा ओयल के आगे ग्राम मोहम्मदाबाद के मोड़ पर आगे चल रहे ट्रक द्वारा अचालन ब्रेक लगाने से, असन्तुलित होकर खाई में पलट गयी, जिसके कारण बस में सवार 05 यात्रियों की मृत्यु हो गयी थी। इस घटना की मजिस्ट्रीरियल जॉच उपजिला मजिस्ट्रेट लखीमपुर द्वारा की जा रही है अतः मृतकों एवं घायलों से की जानकारी रखने वाले समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि वे 05 मई से 10 मई 2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में उपजिला मजिस्ट्रेट लखीमपुर के कार्यालय में अपना आधारकार्ड, मृतक का आधार कार्ड, उत्तरधिकारीगण की पासबुक, उत्तराधिकार प्रमाणपत्र आदि अभिलेखों सहित उपस्थित होकर अपना साक्ष्य / अभिकथन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कलक्ट्रेट गेट पर सपा महिला सभा ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर सरकार को जमकर कोसा

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए हमले के विरोध में सपा ने बृहस्पतिवार को लखीमपुर में जोरदार प्रदर्शन किय। इस दौरान उत्तर प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा और कलक्ट्रेट गेट पर सपा महिला सभा ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर सरकार को जमकर कोसा। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की बृहस्पतिवार को लोहिया भवन से कलक्ट्रेट तक जुलूस की शक्ल में बड़ी संख्या में सपाइयों ने पार्टी जिलाध्यक्ष की अगुवाई में प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि उत्तर प्रदेश में जनता के उत्पीड़न, हत्या, लूट, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अराजकता की घटनाएं आम हो गई हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधियों के हौसले बढ़ गए है। भाजपा सरकार कानून का शासन स्थापित करने में पूरी तरह विफल हो गई है। यह भी बताया कि करणी सेना लगातार सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले और घर पर हमला कर रही है। यह हमला सांसद पर नहीं बल्कि पीडीए पर हमला है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-271/25 धारा-87/137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त लवकुश पुत्र उत्तम उम्र 20 बर्ष निवासी ग्राम लक्ष्मनजती कस्बा व थाना गोला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खेत देखने जा रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र में बुधवार की रात खेत देखने जा रहे गांव महम्मदबाद निवासी शंभूलाल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है गांव महम्मदबाद निवासी पवन ने बताया कि उसके पिता बुधवार की रात करीब 11 बजे घर से खाना खाकर खेत की रखवाली करने के लिए निकले थे। गजनीपुर के सामने सीतापुर रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने पिता को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद उन्हें हादसे की जानकारी हुई। इस पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो देखा पिता का शव पड़ा था। यह देख उनमें चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पुत्र पवन ने अज्ञात वाहन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

## एसपी आरए की अध्यक्षता में किया गया बैठक का आयोजन, दिए निर्देश



**बदायूं।** पुलिस कार्यालय में एसपी आरए की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उनके द्वारा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल तथा सम्मन सेल की बैठक का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0 के0 सरोज की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधीनस्थों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में बताया गया।इस दौरान उन्होंने सम्मन तामील से जुड़े पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

## बाघिन को पकड़ने के सात दिन बाद वन विभाग ने उसके बिछडे शावक को भी पकड़ा

**लखीमपुर-खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग में दो किसानों की जान लेने वाली बाघिन को पकड़ने के सात दिन बाद वन विभाग ने उसके बिछडे शावक को भी पकड़ लिया। यह शावक मां से अलग होकर भटक रहा था। गुरुवार सुबह महेशपुर वन रेंज की आंवला बीट में लगाये गए पिंजरे में शावक फंस गया। वन विभाग ने 23 अप्रैल को बाघिन को उसके एक शावक के साथ पकड़ा था। बाघिन को ट्रेंकुलाइज करके और शावक को जाल में फंसा कर विभाग ने काबू किया था। पर बाघिन का दूसरा शावक भाग निकला।

## जेल में जन्मी बच्ची को लिया गोद धर्मार्थ समर्पण न्यास और अनमोल सेवा समिति की अनूठी पहल



**नूरपूर।** धर्मार्थ समर्पण न्यास ने बिटिया सोना के जन्मदिन को सेवा और करुणा के अद्वितीय रूप में मनाकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस विशेष अवसर पर न्यास के सदस्यों ने वाराणसी जेल का दौरा किया और वहां 15 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान एक भावुक क्षण तब आया, जब यह जानकारी मिली कि जेल में दो दिन पूर्व एक बच्ची का जन्म हुआ है। इस पर धर्मार्थ समर्पण न्यास ने तत्काल निर्णय लिया कि बच्ची को अनमोल सेवा समिति द्वारा गोद लिया जाएगा। साथ ही, सोना के जन्मदिन पर होने वाले पारंपरिक खर्च को रोककर, उस राशि से नवजात बच्ची और उसकी मां की आवश्यकताओं – जैसे कपड़े, दवाइयां और अन्य जरूरी वस्तुओं – की पूर्ति की जाएगी।इस सेवा कार्य के उपरांत न्यास के सदस्य केशव जालौन जी के निवास स्थान पर पहुंचे, जहां तुलसी का पौधा भेंट किया गया और लोगों को इस सेवा अभियान से जुड़ने का आमंत्रण दिया गया।धर्मार्थ समर्पण न्यास और अनमोल सेवा समिति की यह पहल समाज के उन वर्गों तक सहायता पहुँचाने का प्रयास है, जिन्हें सबसे अधिक सहारे की जरूरत है। यह सेवा न केवल एक नवजीवन को आश्रय प्रदान करेगी, बल्कि समाज में संवेदना, करुणा और दानशीलता की नई राहें भी प्रशस्त करेगी।

# 4 को सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी नीट यूजी परीक्षा, डीएम दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर आगामी 4 मई को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यू0जी0) होना प्रस्तावित है।परीक्षा को सफलतापूर्वक, निष्पक्ष, पारदर्शी व शुचितापूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि परीक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। जनपद में कुल 2839 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी तथा परीक्षा केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी 07 परीक्षा केंद्रो पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को नामित कर दिया गया है। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति, सी0सी0टी0वी0 कैमरे की स्थापना, फर्नीचर की व्यवस्था, परीक्षा कक्ष में अनुमन्य अधिकतम 24 परीक्षार्थियों के बैठने, साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था, क्लॉक रूम, खाद्य सुरक्षा, यातयात, पेयजल, एन0टी0ए0 के दिशा निर्देशानुसार फ्रिस्किंग आदि की व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों व केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर की परिधि में किसी भी फोटो कॉपी की दुकान, साइबर कैफे तथा पी0सी0ओ0 आदि परीक्षा के दौरान नहीं खुलेंगे।जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि जनपद में नीट परीक्षा 04 मई को 07 परीक्षा केंद्रों पर आहुत की जाएगी, जिसमें कुल 2839 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा अपराह्न 2 से सायं 5 बजे तक एक पाली में होगी जिसके लिए परीक्षार्थियों को अपने संबंधित परीक्षा केंद्र पर अपराह्न 1:30 बजे तक पहुंचना होगा।उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र केदारनाथ महिला इण्टर कालेज बदायूँ में 480



परीक्षार्थी, एनएमएसएन दास पी0जी0 कालेज में 480, श्री कृष्णा इण्टर कालेज में 720, पी0एम0 श्री राजकीय इण्टर कालेज में 384, पी0एम0 श्री राजकीय कन्या इण्टर कालेज में 384, पी0एम0 श्री केन्द्रीय विद्यालय शेखूपुर में 288, हाफिज सिददीकी इस्लामियां इण्टर कालेज में 103 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## डीएम ने किया महिला पीएसी बटालियन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने गुरुवार को तहसील दातागंज के सैजनी में निर्माणाधीन महिला पी0ए0सी0 बटालियन के निर्माण कार्यों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने नक्शे का अवलोकन कर निर्माण कार्यों के सम्बंध में अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं को निर्देशित किया। उन्होंने बटालियन के समीप पुलिस मॉडल स्कूल बनाए जाने के लिए ग्रामसभा की भूमि को चिन्हित करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने महिला पी0ए0सी0 बटालियन में बनाए जा रहे आवासीय व अनावासीय परिसरों के निर्माण की स्थिति को जाना। उन्होंने कहा कि जो निर्माण कार्य शेष हैं उनको जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन भवनों में पानी की निकासी की स्थिति को भी जाना व इस संबंध में संबंधित को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

## आम की बाग में संदिग्ध हालात में पेड़ से लटकते पाया गया युवक का शव

**लखीमपुर-खीरी। थाना** धौरहरा क्षेत्र के महाराजनगर निवासी एक युवक का शव गांव के बाहर स्थित आम की बाग में संदिग्ध हालात में पेड़ से लटकते पाया गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना धौरहरा क्षेत्र के महाराजनगर निवासी राधे श्याम के 25 वर्षीय बेटे रमाकांत का शव गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक आम की बाग में बुधवार की शाम करीब पांच बजे पेड़ से लटकते पाया गया। राहगीरों ने घटना की सूचना गांव वालों को दी।

## स्प्रिंग बैल्स स्कूल स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*



सहारनपुर। महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था स्प्रिंग बैल्स स्कूल में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया गया। दिल्ली रोड स्थित स्कूल में जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जागरूकता अभियान के कोऑर्डिनेटर सुरेन्द्र चौहान, मोटिवेशनल स्पीकर गुलशन नागपाल, स्कूल के संस्थापक राणा करण सिंह ,बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज, स्कूल की प्रधानाचार्य अलका कुमार, जिला प्रोबेशन कार्यालय में तैनात संरक्षण अधिकारी नेहा शर्मा, रोबिन सैनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि बच्चें अपना लक्ष्य निर्धारित कर लग्न व मेहनत के साथ शिक्षा हासिल करें। साथ ही अपने माता-पिता व गुरुजन का सम्मान करें तथा अपने माता-पिता का अपेक्षाओं को पूरा करने का हर संभव प्रयास करें। उन्होंने बच्चों से सोशल मीडिया का कम प्रयोग करने व अभिभावकों से कोई भी अनुचित डिमांड न करने का भी आह्वान किया।

मोटिवेशनल स्पीकर गुलशन नागपाल ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का महत्व है। इसलिए बच्चे संस्कारों का ख्याल रखें। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपने माता-पिता का सम्मान करें। बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के दुरुपयोग के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से किसी का डाटा चोरी कर उसका अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के प्रयोग से बचना चाहिए। स्कूल के संस्थापक राणा करण सिंह ने छात्र-

## फायर सेफ्टी व स्वास्थ्य सुरक्षा के मापदण्डो के प्रति किया जागरूक

**सहारनपुर।** स्टार पेपर मिल प्रांगण में आज अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टाफ व कर्मचारियों को फायर सैफ्टी व स्वास्थ्य सुरक्षा के मापदण्डों के बारे मे जागरूक किया। कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे मे जागरूक किया गया। स्टार पेपर मिल प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मिल के स्टाफ व कर्मचारी शामिल हुए। अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को बताया गया कि सुरक्षा का महत्व केवल कारखानों में ही नहीं, बल्कि हमारे जीवन के हर क्षेत्र में है। जब हम अपनी गाडी रोड़ पर चलाते है, तो हमे सीट बैल्ट व हैलमेट का प्रयोग करते है, क्योकि असुरक्षा की छोटी सी भूल हमें एक बहुत बड़े हादसे की तरफ धकेल सकती है, जिसका संस्थान व परिवार पर गहरा प्रभाव पडता है। इसलिये कार्यस्थल पर चेतन अवस्था मे रह कर कार्य करना चाहिए।

## खेत से वापस लौटे युवक की अचानक हुई तबीयत खराब, इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव दरिगापुर निवासी एक युवक देर शाम खेत से वापस लौटा और अपनी तबीयत खराब होने की जानकारी घरवालों को दी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव दरिगापुर निवासी विजय कुमार का 32 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार मिश्रा बुधवार की रात खेतों पर फसल की रखवाली कर रहा था। देर रात वह घर पर लौटा और परिजनों से अपनी तबीयत खराब होने की बात कही।

## कुंभी चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक ने पुलिस को दी तहरीर

**लखीमपुर-खीरी।** बलरामपुर चीनी मिल के जीएम ने कुंभी की पीएलए यूनिट में कुछ दबंगों ने सुरक्षा कर्मियों को धमका कर व बंदूक नोक पर जबरन घुसने के प्रयास को लेकर पुलिस से शिकायत की गई है। कुंभी चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि ग्राम कुम्भी में आधुनिकतम एवं उत्तरप्रदेश सरकार की महत्पूर्ण परियोजना में से एक बायो केमिकल प्लांट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 फरवरी को किया गया था। परियोजना का कार्य तीव्र गति से आरम्भ हो चुका है। जिसका कार्य विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है।

# जर्जर अवस्था वाले आवासीय कमरों को तुरंत कराए रिनोवेट, जिससे न हो पाए कोई अनहोनीः डीएम

### बैठक का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में श्री विदुर सेवा आश्रम, दारानगर गंज, जिला बिजनौर से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि विदुर आश्रम में कोई भी आवासीय कमरा अनाधिकृत रूप से कब्जे में ना रहे और जिन कमरों में लोग प्रवास कर रहे हैं उनसे निर्धारित किराया भी वसूल किया जाना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जर्जर अवस्था वाले आवासीय कमरों को रिनोवेट कराएं ताकि किसी दुर्घटना का अंदेशा न रहे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विदुर कुटी आश्रम के प्रमुख द्वारा एवं मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं और उनके कंट्रोल के लिए एक रूम निर्धारित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि विदुर कुटी परिसर में एक पुलिस चौकी स्थापित कराने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि विदुर कुटी आश्रम एक प्रसिद्ध स्थान एवं पर्यटन स्थल है, जिसके भ्रमण एवं दर्शन के लिए स्थानीय, अन्य जिलों एवं प्रदेश के लोग भी यहां आते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुविधा के लिए एक अच्छी कैंटीन जिसमें खान-पीन की व्यवस्था के साथ-साथ धार्मिक पुस्तकें, पूजा की सामग्री एवं धार्मिक वस्त्र की उपलब्धता भी हो, की समुचित व्यवस्था कराना सुरक्षित करें। इसी के साथ उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि विदुर कुटी स्थित मंदिर एवं विशेष स्थान में धार्मिक गतिविधियों का नियमित रूप से संचालन करने के लिए किसी स्वयंसेवी संस्था को नामित करें और वहां पर नियमित रूप से योग एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित कराए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विदुर कुटी आश्रम के खाली स्थान पर रुद्राक्ष आदि पौधों का रोपण भी कराएं और उनकी विशेष रूप से सुरक्षा की व्यवस्था भी करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विदुर कुटी को सौंदर्यीकरण और विविधीकरण तथा आवश्यक सुविधाओं से संतृप्त करें ताकि पर्यटकों के लिए उसमें विशेष आकर्षण पैदा हो।

# नूरपुर में मच्छरों का कहर दुगना, बीमारी फैलने का खतरा बढ़ा

## फॉगिंग न होने से लोग परेशान

*अवधनामा संवाददाता*

**नूरपुर।** नगर में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है और बीमारी फैलने का खतरा मंडराने लगा है। शाम होते ही गंदगी और नालियों से मच्छरों का झुंड निकलने लगता है, जो लोगों को चैन से बैठने तक नहीं दे रहा।स्थानीय निवासियों का कहना है कि मच्छरों की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि न तो भोजन के समय शांति मिलती है और न ही शौचालय तक जाना आसान रहा है। घरों और गलियों में मच्छरों की भरमार ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की स्थिति और भी कठिन बना दी है।चिंता की बात यह है कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से अब तक फॉगिंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय



जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि इस समय फॉगिंग सप्ताह में कम से कम चार बार की जानी चाहिए, ताकि मच्छरों की संख्या पर नियंत्रण पाया जा सके और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके।फिलहाल प्रशासन की चुप्पी और निष्क्रियता लोगों में नाराजगी का कारण बनती जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल फॉगिंग अभियान शुरू करे और साफ-सफाई के लिए ठोस कदम उठाए। स्वास्थ्य से समझौता नहीं समय रहते उठाए कदम, वरना हालात बिगड़ सकते हैं।

# सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर हमले के विरोध में सपाईयों ने दिया धरना

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर करणी सेवा द्वारा किए गए हमले और पिछड़े दलित अल्पसंख्यक समाज के साथ हो रहे उत्पीड़न के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर धरना दिया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। आज समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता हकीकत नगर के रामलीला मैदान पर एकत्रित हुए और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर धरना दिया। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि आज जिस प्रकार से दलित और अल्पसंख्यक पिछड़े और कमजोर वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है और हत्या कर मामले को दबाया जा रहा है। यह सरकार की लचर कानून व्यवस्था को प्रदर्शित करती है। पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान व राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन व प्रदेश सचिव मजिहर राणा ने कहा कि 27 अप्रैल को बुलंदशहर जा रहे सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर अलीगढ़ में करणी सेवा के लोगों ने हमला कर वाहनों को क्षतिग्रस्त किया और कई लोग चोटिल भी हुए, लेकिन इसके बावजूद भी सरकार की ओर से मात्र खानापूर्ति की गई। जो बेहद शर्मनाक है और सरकार की लापरवाही को उजागर करता है। पूर्व विधायक मनोज चौधरी, पूर्व विधायक माविया अली व पूर्व मंत्री विनोद तेजियान ने राष्ट्रपति से मांग की कि इस मामले में हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए और गरीब, वंचित, शोषित, दलित, पिछड़े अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे शोषण को बंद किया जाए। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, पूर्व मंत्री सरफराज खान, प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, जितेंद्र राणा बाबा, अभिषेक टिंकू अरोड़ा, चौधरी सलीम अख्तर, फैसल सलमानी, फरहाद गाड़ा, चौधरी अब्दुल गफूर, रूही अंजुम, ममता चौधरी, वासिल, मुस्तकीम राणा, अमित गुर्जर, काशिफ अल्वी, जमाल साबरी, महजबी खान समेत भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नम आंखों से रुखसत हुए जिले से 186 हज यात्री



अवधनामा संवाददाता

**त्रिलोकपुर बाराबंकी।** पवित्र हज यात्रा के लिए लोगो का तेजी से जाना शुरू हो गया। हज सेवा समिति के सदर हाजी इरफान अंसारी ने बताया कि इस साल जनपद से 4 हज सेवको के 186 लोग हज यात्रा पर जा रहे है। जिसमे सबसे कम उम्र 24 साल की अक्सा जावेद और मुनज्ज़ा बानो के अलावा सबसे ज्यादा उम्र 73 वर्षीय हाफिज जमील यात्रा पर गए गुरुवार को कस्बा सआदतगंज से जीशान इसराक अपनी माँ के साथ रवाना हुए इन्हें रुखसत करने सैकड़ो लोग पहुचे। इस साल कुल 14 फ्लाइट जाएगी 2 मई को जाने वाली फ्लाइट से इस जनपद के तकरीबन सभी यात्री रवाना हो गए। इस्लाम धर्म मे शहादा, नमाज़, रोज़ा ज़कात, हज फर्ज है। इस लिए हज यात्रियों से मुलाकात करके लोग हज के दौरान अपने व समाज मुल्क के लिए दुआ करने की गुजारिश करते है। गुरुवार को युवा हाजी जीशान से मिलने वालों का तांता लगा रहा। जिले की हज सेवा समिति के सदर श्री अंसारी ने बताया कि 14 वर्ष की उम्र में हज फर्ज अर्थात कम्पलसरी हो जाता है। लिहाजा यह अरकान जल्दी से जल्दी अदा करना बेहतर करार दिया गया है। जवानी की इबादत अल्लाह को बहुत पसंद है। इस मौके पर मुख्य रूप से असरार प्रधान हसन मो. रिजवान मिसबाहुद्दीन बाबा अंसारी इरसाद प्रधान हारिश शौकत मो. अनवर बीडीसी मो. मुजीब राईन सुवालेह अंसारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सपा सांसद पर हुए हमले को लेकर गन्ना संस्थान में सपाइयों ने किया धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** हम समाजवादी लोग संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं हम हिंसा का सहारा नहीं लेते हमारा हथियार एकता शांति है जिसके दम पर सर्व समाज के हक अधिकारों की रक्षा सुरक्षा की लड़ाई लड़ते रहे हैं इस लड़ाई में ना झुकेंगे ना डरेंगे ना टूटेंगे और जब-जब पीडीए समाज को जुल्म और ज्यादती से दबाने का प्रयास होता हैं हम समाजवादी हर उस जुल्म के खिलाफ सीना तानकर हर संघर्ष करने को हरदम तैयार रहते हैं समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा गरीब कमजोरों के हक अधिकारों की रक्षा सुरक्षा के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार रहते हैं।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर और उनके काफिले पर किए गए कायराना हमले के विरोध में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में गन्ना दफ्तर प्रांगण में आयोजित विरोध प्रदर्शन धरने में रामजीलाल सुमन पर हुए हमले की निंदा करते हुए उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने रामजीलाल सुमन पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का रास्ता अपनाने वालों की कायरता और अराजकता ना समाजवादी पार्टी ने कभी बर्दाश्त की है ना कभी बर्दाश्त करेगी हम सब पीड़ीए समाज के लोग रामजीलाल सुमन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े।

धरने को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि रामजीलाल सुमन पर करणी सेना द्वारा किया गया हमला न केवल एक व्यक्ति पर है बल्कि या हमारे संवैधानिक मूल्य अभिव्यक्त की स्वतंत्रता और दलित समुदाय की आवाज की स्वतंत्रता दबाने की साजिश है हम इसकी पुरजोर निंदा करते हुए संवैधानिक कार्रवाई करने की मांग करते हैं। जैदपुर विधायक ने कहा कि रामजीलाल सुमन पर हुआ हमला अकेले रामजीलाल पर हुआ हमला नहीं है।

यह हमला हम सब दलित पिछड़े पीड़ीए समाज के लोगों पर किया गया हमला इस हमले की गूंज 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में दिखाई देगी। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा रामजीलाल सुमन पर किया गया हमला समाजवादी पार्टी की विचारधारा पर किया गया हमला करणी सेना ने उनके बयान को बहाना बनाकर या जो हिंसा का रास्ता अपनाया है यह सरा सर गलत है क्या एक संसद को अपनी बात कहने का हक नहीं है हम इस घटना की न्याय जांच करने की मांग करते हैं और दोषियों को शीघ्र सजा मिले जिससे गरीब कमजोर वर्ग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

## चेयरमैन ने सभी बच्चों को पढ़ाई के लिए किताब देकर किया प्रेरित



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बिस्कोहर में स्थित कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरौली कैथवलिया में गुरुवार को पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत चेयरमैन अजय गुप्ता ने शिरकत की। चेयरमैन ने कक्षा 6, 7 और 8 के विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कीं। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया। नई किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अजय गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही देश और समाज का विकास संभव है। उन्होंने छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित रूप से विद्यालय आने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लड़का-लड़की में बिना भेदभाव के सभी को शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि लाल जायसवाल, अमन चौरसिया, शिवपत उपाध्याय, संजय पांडेय और उत्तम शर्मा सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## भाजपा नेता ने मजदूरों को किया सम्मानित



**बाराबंकी अवधनामा संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विधानसभा सदर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने मेहनतकश मजदूरों को सम्मानित करते हुए फल व मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मजदूरों के स्वागत से हुई, जहां राकेश कर्रा ने उपस्थित श्रमिकों से संवाद करते हुए कहा कि श्रमिक वर्ग देश की रीढ़ है और उनके बिना किसी भी राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। फल व मिष्ठान वितरण के दौरान सैकड़ों मजदूरों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में राकेश कर्रा ने सभी मजदूरों को विश्व श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें जागरूक रहने, संगठित रहने तथा अपने हक के लिए डटकर खड़े होने का संदेश भी दिया।इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से एक सकारात्मक संदेश दिया गया कि श्रमिकों का सम्मान ही सच्चा राष्ट्र निर्माण हैं।

## जनपद में आयोजित किया गया अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर गरिमामय समारोह





**उरई (जालौन)।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने श्रमिक दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रमिक वर्ग किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की नींव होते हैं। उनकी मेहनत, निष्ठा और योगदान के बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रमिक कल्याण योजनाएं उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि शिशु मातृत्व एवं बालिका मदद योजना- महिला श्रमिकों को प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता एवं बालिका जन्म पर अतिरिक्त प्रोत्साहन।संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना- कक्षा 1 से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति। कौशल विकास, तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना- श्रमिकों को तकनीकी प्रशिक्षण। कन्या विवाह सहायता योजना- श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु आर्थिक सहयोग।गंभीर बीमारी सहायता योजना- गंभीर बीमारी में इलाज हेतु सहायता।

## आवास विकास के भ्रष्ट अधिकारियों की पोल खोलने पर बिल्डर माफियाओं द्वारा पत्रकार की रेकी, जान माल का खतरा

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** आवास विकास परिषद अलीगढ़ के अधिकारियों के भ्रष्टाचार से सम्बन्धित बिल्डर माफियाओं से मिलकर अवैध निर्माण कराने के संबंधित समाचार को हमारे अखबार द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसमें की आवास विकास कालोनी के सासनी गेट में बिना नक्शा पास और आवासीय भूमि पर व्यवसायिक निर्माण हो रहे हैं। इस संबंध में समाचार प्रकाशित होने पर अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने भू स्वामियों को नोटिस जारी कर कार्य रुकवाया। फिर क्या था बिल्डर माफियाओं में बोखलाहट मच गई और इस बोखलाहट के चलते कुछ बिल्डर माफियाओं द्वारा पत्रकार डॉ सतीश वर्मा को अंजाम भुगतने की धमकी और पत्रकार की रेकी की जा रही हैं। वही कहा गया कि कभी तो सामना होगा। जिस दिन सामना होगा उस दिन से खबरे लगाना भूल जाओगे। यहां अवगत कराना है कि आवास विकास के अधिकारियों का नोटिस भेजने का खेल पुराना है। जिससे इनके भ्रष्टाचार पर पर्दा डला रहे। यही नहीं आवास विकास के अधिकारियों की भ्रष्टाचार से संबंधित और भी कई कॉलोनियों में भी अवैध निर्माण कार्य चल रहा है जहां आवास विकास के अधिकारियों द्वारा मोटी रकम लेकर अवैध निर्माण की खुली छूट दे रखी है। जिसका पूरी जानकारी होने पर समाचार प्रकाशित किया जाएगा। यहां बता दें कि हैरानी की बात तो यह है कि आवास विकास के बाबू सतेंद्र कुमार द्वारा बिल्डर माफियाओं को उपलब्ध कराया। एक ओर जहां सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पत्रकारों के हित की बात करते नहीं थकते तो वही कुछ विभागों के अधिकारी अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए पत्रकारों की जान से खेलने से भी पीछे नहीं हटते।



## एसडीएम ने कस्तूरबा वालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने ग्राम पिण्डारी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और वहां पर साफ सफाई बच्चों के लिए कूलर लगवाने के निर्देश देते हुए खराब पड़े वाटर कूलर को सही कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम है और हीट स्ट्रोक शुरू हो गयी है ऐसे में बच्चों को राहत पहुंचाने के लिए तत्काल ही कूलर लगवाएं और उन्हें ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए खराब पड़े वाटर कूलर को ठीक करवाएं। इसके बाद एस डी एम ने बच्चों को इतिहास भूगोल एवं विज्ञान से सम्बंधित कुछ बातें बताते हुए उन्हें पढ़ने के टिप्स दिए ।जिससे बच्चे आसानी से अपने सिलेबस को पूरा कर सके और उन्हें याद करने में कठिनाई न हो ।वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं का आधार तैयार करने के लिए एस डी एम ने शिक्षिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन सामान्य ज्ञान के 10 प्रश्न देते हुए उन्हें तैयार कराया जाए। क्विज के माध्यम से तैयार सामान्य ज्ञान का परीक्षण भी किया जाए जिससे बच्चों में सामान्य ज्ञान की समझ और भी बेहतर हो ।आपको बताते चलें कि एस डी एम ज्योति सिंह ने जब से तहसील का पदभार संभाला है तब से उनकी प्राथमिकताओं में प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था को सुदृण बनाते हुए गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिया जाना पहली प्राथमिकता है।

## स्कूली मैजिक चालक ने वाहन चालक को पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महेवा कालोनी ट्रांसपोर्टनगर निवासी चक्रधारी यादव पुत्र बृजलाल जो अपने भरण पोषण के लिए वाहन चलता है। वृहस्पतिवार को वाहन लादकर सहजनवा से घसघरा सहजनवा बाजार जा रहा था। सहजनवा ब्रिज पर चढ़ था। की विपरीत दिशा से आ रहा एक स्कूली मैजिक चालक वाहन को रोक लिया। और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे बेहोश हो गया। अस्पताल में इलाज के बाद होश आया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नवल्स एकेडमी के मैजिक चालक, दो अज्ञात अन्य अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## जनहित के कार्यों में अग्रणी रही टांडा पालिकाध्यक्ष

**टांडा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद टांडा की चेयरमैन शबाना नाज़ को स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह निर्णय उत्तर प्रदेश अध्यक्ष देशराज सिंह द्वारा संगठनात्मक मापदंडों और क्षेत्रीय लोकप्रियता के आधार पर लिया गया। शबाना नाज़ का यह कार्यकाल वर्ष 2028 तक प्रभावी रहेगा। उन्हें जनपद के सभी नगर निकाय अध्यक्षों के बीच समन्वय बनाने, प्रशासनिक एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान और अध्यक्षों के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। देशराज सिंह ने कहा, शबाना नाज़ ने अपने कार्यकाल में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। उनसे अपेक्षा है कि वे संगठन को और मजबूत बनाएंगी। इस नियुक्ति पर टांडा नगर पालिका सहित जनपद भर से बधाइयाँ मिल रही हैं। स्थानीय पार्षदों, व्यापारिक संगठनों और समाजसेवियों ने इसे नगर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। शबाना नाज़ टांडा नगर पालिका की पहली महिला चेयरमैन हैं और उन्होंने स्वच्छता, जल निकासी, स्ट्रीट लाइटिंग तथा महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सक्रियता से काम किया है।



## आकाशीय बिजली की चपेट में आने बच्चे की मौत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के बनकटिया गांव के सत्येंद्र पुत्र महेंद्र 12 वर्ष और सौरव पुत्र शत्रुध्न 13 वर्ष आज सुबह बारिश के दौरान गांव के बगीचे में आम बीनने गए थे काफी देर होने पर जब घर वाले खोजबीन किए तो पता चला कि बगीचे में दोनों अचेत अवस्था में पड़े हुए है। आना फानन में परिजन दोनों को सहजनवा सीएचसी लेकर आए जहां हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सौरभ 13 वर्ष की मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल बच्चे सतेंद्र की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि तेज आवाज के साथ बिजली गिरी है उसी के चपेट में दोनों बच्चों आ गए है। घटना की जानकारी मिलने पर सीएचसी सहजनवा के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे एसडीएम तो देखा तैनात डॉक्टर गायब है। जिस पर उन्होंने देर से पहुंचे डाक्टर की जमकर क्लास ली। और हिदायत दिए कि इस तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।

## ट्रेलर और रोडवेज बस में टक्कर से महिला की मौत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के बाघगाड़ा गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर गुरुवार को भोर करीब 5:20 बजे हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि 5 लोग घायल हो गए। मृतका की पहचान प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा निवासी रिंकी सिंह पत्नी अरुण सिंह के रूप में हुई है। हादसे में उनके पुत्र 18 वर्षीय आदर्श सिंह घायल हैं। प्रयागराज से दोहरीघाट डिपो की बस गोरखपुर आ रही थी। नौसड़ चौकी क्षेत्र के बाघागाड़ा पहुंचने पर वहां खड़ी ट्रालर में बस पीछे से टकरा गई। बताया जा रहा है कि बस के चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। बस का बायां हिस्सा ट्रालर में रगड़ते हुए उसके बराबर तक आ गया। बायीं ओर बैठी महिला की मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से दो लोगों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। यह हादसा सुबह लगभग 5 बजकर 20 मिनट पर हुआ। बस की ट्रालर में टक्कर के साथ ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। अपने गंतव्य से लगभग 19 किलोमीटर दूर यह हादसा हुआ। कुछ यात्री सो रहे जबकि कुछ अब उतरने की तैयारी में जुट गए थे। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और लोगों को बाहर निकाला। महिला गोरखपुर में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने आ रही थी। साथ में दो बच्चे भी थे। देवरिया निवासी रीतेश पुत्र सत्यदेव भी इस हादसे में घायल हुए हैं। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

# पूरा कुनबा जब धूप में खुद को तपाता है तब जाकर कहीं घर का चूल्हा जलता है

- ...इन्हें नहीं पता होता क्या है मजदूर दिवस
- मजदूर दिवस पर पड़ताल

शकील अहमद



मथौली क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे पर कार्य करते मजदूर

**कुशीनगर।** भारत समेत दुनिया के कई देशों में 1 मई को लेबर डे के रूप में मनाया जाता है। 1 मई यानी मजदूर दिवस हर साल उस मेहनत को याद करने का दिन है, जिस पर हमारी पूरी दुनिया की नींव टिकी हुई है। चाहे कोई बड़ी इमारत हो, लंबी सड़कें हों या खेतों की हरियाली, इन सबके पीछे किसी न किसी मजदूर के पसीने की कहानी होती है। यह दिन हर उस व्यक्ति को सम्मान देने का अवसर है जो अपने श्रम से समाज को आकार देता है। यह याद दिलाता है कि बिना मजदूर के कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता। यह केवल एक छुट्टी नहीं, सम्मान और सराहना का दिन है। मजदूर दिवस पर पड़ताल किया।गया तो पता चला कि कुछ संस्थानों में मजदूर कार्य करते नजर आए। जैसे ईट भट्ठे, चाय की दुकान, होटल आदि। ईट भट्ठे पर कार्य करने वाले मजदूरों को नहीं पता होता है मजदूर दिवस क्या होता है। इन मजदूरों को समाज के प्रबुद्ध लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इनका जीवन एक बंधुआ मजदूरों की तरह बीतता है। 6 माह से लेकर 9 माह तक चाहे गर्मी, बरसात, ठंड हो, कोई भी मौसम हो ये मजदूर कड़ी मेहनत करते नजर आते है। ये मजदूर अधिकार झारखंड, पश्चिम बंगाल, रांची, बिहार, राजस्थान जैसे प्रदेशों से बिलांग करते है। शासन प्रशासन इन मजदूरों की कभी सुधी भी नहीं लेती है जिससे इनके गुलामी जीवन पर अंकुश लगे। यह भी मजदूर मनरेगा मजदूरों की तरह कार्य करना चाहते है। 1 मई 2025 गुरुवार को नगर पंचायत मथौली में एक ईट भट्ठे पर कार्य करने वाले बिहार प्रांत के नवादा जिले के गांव खुजवा निवासी विजय अपने परिवार के साथ ईट पथाई का कार्य करते है। इन लोगों ने बताया कि हम लोग एक ही ईट भट्ठे पर 6 माह या 9 माह तक मजदूरी करते है। न शुद्ध पानी की व्यवस्था रहती है न शौचालय की। यहां तक कच्ची ईट से चारों तरफ त्रिपाल डालकर हम लोग बरसात, गर्मी व ठंड में जीवन गुजरते है। ईट भट्ठों पर कोई बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती है।

## एक्सपायर्ड कोल्डड्रिंक बेचने बालों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर भाकियू भानू खाद्य विभाग के खिलाफ करेगा आंदोलन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के कस्बा कायमगंज के बजरिया जैन आइसक्रीम सेंटर पर आज दिनांक 1/05/2025 को भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला मीडिया प्रभारी ने कायमगंज के बजरिया मार्केट स्थित जैन आइसक्रीम सेंटर से एक 20 रुपए की कोल्ड ड्रिंक खरीदी दुकानदार ने कैंपा कोला की जनवरी में ही एक्सपायरी हो चुकी बोतल को बेचा। घर आकर जब भाकियू के मीडिया प्रभारी ने देखा तो पता चला कि बोतल अगस्त 2024 की बनी थी और जनवरी 2025 में एक्सपायर हो चुकी थी। गर्मियों का समय है और कोल्डड्रिंक विक्रेता एक्सपायर कोल्डड्रिंक बेच रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में जैन आइसक्रीम सेंटर बजरिया कायमगंज जहां पर भारी मात्रा में कोल्डड्रिंक और आइसक्रीम बिकती है। बड़े पैमाने पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।इस संबंध में भाकियू के जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना ने बताया कायमगंज के कोल्डड्रिंक विक्रेता को खाद्य सुरक्षा विभाग का कोई खौफ नहीं है जो खुलेआम एक्सपायरी कोल्डड्रिंक बेच रहे हैं और लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कोल्डड्रिंक विक्रेताओ से अवैध वसूली के कारण इनको छूट मिल रखी है और एक्सपायर कोल्डड्रिंक जनपद फर्रुखाबाद में बेची जा रही है खाद्य सुरक्षा विभाग कोई कार्यवाही नहीं करना चाहता है। भाकियू भानु की मांग है उक्त विक्रेता जैन आइसक्रीम सेंटर बजरिया कायमगंज की दुकान के स्टाक की जांच कर एक्सपायर कोल्डड्रिंक जब्त कर सख्त कार्यवाही की जाए। यदि कोई कार्रवाई नहीं होती है तो भाकियू भानु जनपद फर्रुखाबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग के खिलाफ आंदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।





## उरई जालौन मार्ग पर सड़क पर पड़ी बालू पर बाइक फिसलने से महिला की की मृत्यु

**उरई (जालौन)।** उरई जालौन मार्ग पर सातमील के पास सड़क पर पड़ी बालू से बाइक सवार दंपत्ति बाइक समेत सड़क पर फिसलकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल पति को उच्च संस्थान रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी सतीश मिश्रा (52) पत्नी कस्तूरी (48) के साथ बाइक से उरई में शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे। उरई जालौन मार्ग पर सात मील के माइनर का निर्माण चल रहा है। माइनर के निर्माण के लिए लाई गई बालू सड़क पर पड़ी थी। सड़क पर पड़ी बालू पर बाइक चढ़ने से बाइक फिसल गई और बाइक सवार दंपत्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां पर चिकित्सक ने महिला कस्तूरी मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं सतीश मिश्रा की हालत गम्भीर होने पर उन्हें मेडीकल कालेज रेफर कर दिया गह। जहां पर उनका उपचार चला रहा है।

# बरसाती यादव इंटर कॉलेज के होनहारो ने बढ़ाया मान हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कॉलेज टॉपर्स हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बरसाती यादव इंटरमीडिएट कॉलेज, पथरदेईया, बढ़नी में आयोजित भव्य समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के कॉलेज के टॉप-10 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधक रामसूरत यादव ने छात्रों की सफलता पर कहाः यह हमारे विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।

हमारे छात्र-छात्राओं ने जिस मेहनत, लगन और अनुशासन से यह सफलता अर्जित की है, वह प्रशंसनीय है। यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत का फल है, बल्कि हमारे शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतीक है। हमारा प्रयास हमेशा से यही रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे आगे चलकर समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें। हम भविष्य में भी छात्रों को हर संभव संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। मैं सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दिल से बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूँ। हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र छात्राओं में प्रिया विश्वकर्मा 90.33 प्रतिशत, आदित्य कुमार चौहान 88.83 प्रतिशत, महेंद्र पाल 88.66, प्राची पांडेय 88 प्रतिशत, चांदनी चौधरी 85.83, विमलेश चौहान 85.33, सपना चौहान 85.16, अंशू यादव 85.16, शिवानी गुप्ता 84.83, अशिमिता गिरी 84 प्रतिशत व इन्टरमीडिएट टापटेन में अजय यादव 82.60 प्रतिशत, फैय्याज 81.40, आयशा 79.60, शिवम अग्रहरि 79.40, सोएब अख्तर 78.80, मो0 जावेद 78.60, अनीता चौधरी 78.40, सौरभ जयसवाल 77.80, रागिनी चौधरी 75.60, पवन सहानी 75.40 आदि शामिल हैं। बरसाती यादव इंटर कॉलेज में मंगलवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समारोह में छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की, और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने मंच से सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

## युवक ने फंदा लगाया तो मां-बेटी ने खा लिया सल्फास

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मां की डांट से नाराज एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। इससे आहत युवक की मां और बहन ने सल्फास खा लिया। जहर खाने से मा-बहन की मौत हो गई। गोरखपुर के हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के कूचडेहरि गांव में मां के डांटने से नाराज मोहित कन्नौजिया (18) ने बुधवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बेटे को फंदे से लटका देख उसकी मां और फिर 14 वर्षीय बहन ने भी जहर (सल्फास) खा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान युवक की बहन सुप्रिया (14) व मां कौशिल्या की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कूचडेहरि निवासी मोहित के पिता अंगद कन्नौजिया की दस वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। पिता की मौत के बाद मोहित कम उम्र में ही काम करने लगा। वर्तमान में अहमदाबाद में कपड़ा प्रेस करने का काम करता था। दस दिन पहले ही वह गांव लौटा था। बुधवार सुबह पारिवारिक मामले को लेकर घर में विवाद होने पर मां ने डांट दिया। इसके बाद मोहित ने दोपहर में कमरे में छत की कुंडी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बाजार गई मां-बेटी घर आईं तो कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर गईं तो मोहित फंदे से लटक रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी। यह देखकर कौशिल्या इस सदमे को बर्दास्त नहीं कर सकीं और घर में रखा सल्फास खा लिया। मां को ऐसा करता देखकर बेटी सुप्रिया ने भी जहर खा लिया। गांव वालों को जानकारी हुई तो उन्होंने प्रधान को बताया। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से मां-बेटी को जिला अस्पताल ले गई, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में सुप्रिया व मा कौशल्या की मौत हो गई। पुलिस ने तीनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। गोरखपुर का हरपुर-बुदहट के कूचडेहरि गांव में बुधवार को हुई घटना से पूरा क्षेत्र अवाक रह गया। मोबाइल बनवाने के लिए 1500 रुपये नहीं मिलने पर नाराज मोहित कन्नौजिया ने (18) फंदे पर लटक कर जान दे दी। जबकि, उस पर ही विधवा मां, बुजुर्ग दादा और अविवाहित बहन की देखरेख का जिम्मा था। 10 साल पहले पिता की मौत के बाद उसने आगे बढ़कर बचपन में ही अपनी जिम्मेदारी संभाली भी थी और अहमदाबाद में कपड़े प्रेस करके भी वह घर का खर्च चला रहा था।

## मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति का कैंडल मार्च आज

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के तत्वाधान में आज शाम 5 बजे शास्त्री चौक से लेकर इंदिरा बाल विहार तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अरविंद राय ने दी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद समाज के लिए ऐसा अभिशाप है जिसका मूल नाश ही एक और एकमात्र विकल्प है समाज पर यह धब्बा है जिसका मिट जाना नितांत आवश्यक है, पहलगाम में घटी आतंकी घटना हमें सोने नहीं दे रही हैं वहां शहीद हुए लोगों की आत्मा हमें झकझोर रही हैं। उनके परिवारों की कतार निगाहें हमसे सवाल कर रही हैं क्या इन दरिंदों को ऐसे ही छोड़ दिया जाए, क्या यह दहशतगर्द ऐसे ही बचकर निकल जाएंगे। क्या इन दहशतगर्दों को सजा नहीं मिलेगी। हर देशवासी को पूरा विश्वास है कि इन सवालों का जवाब मिलेगा। दहशतगर्दों को सजा मिलेगी, हमारे जवान इन्हें ऐसी सजा देंगे कि उनकी रूह तक कांप जाएगी। पहलगाम में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए और देश के वीर जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति आज शाम 5 बजे शास्त्री चौक से लेकर इंदिरा बाल विहार तक कैंडल मार्च निकालेगी। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, डाक्टरों, इंजिनियरों, कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं, सांस्कृतिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों तथा विभिन्न विभागों के संगठनों से कैंडल मार्च में शामिल होने का आह्वान किया है।

# रक्त का कोई विकल्प नहीं : सुरेन्द्र श्रीवास्तव

## ब्लड मैन के जन्मदिन पर लगा भव्य रक्तदान शिविर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ब्लड मैन के नाम से विख्यात आकाश गुप्त के जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय अयोध्या के ब्लड बैंक में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर जय प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व प्रबंधक राम बहल ने की। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ÷रक्त का कोई विकल्प नहीं होता, और हमारे देश में इसकी निरंतर कमी रहती है। युवाओं को आगे आकर रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में भागीदारी करनी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश सिंह ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदाता देवतुल्य होते हैं और रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने बताया कि उनकी संस्था अब तक 150 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर चुकी है, जिससे हजारों मरीजों को जीवनदायिनी सहायता मिली है। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष पत्रिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। संस्था के संरक्षक राजेश चौबे ने कहा कि अयोध्या में किसी भी मरीज की जान रक्त की कमी के कारण न जाए, इसके लिए संस्था के स्वयंसेवक हर समय तैयार रहते हैं।इस शिविर में कलाकार रिद्धि गुप्ता द्वारा आकाश गुप्त की बनाई गई स्केच को सभी ने सराहा।

रक्तदान में प्रमुख रूप से सैयद औम मोहम्मद, मो. फरजान, अनुवेश पटेल, अजय सिंह कुशवाहा, श्रवण कुमार, मनीष कुमार सिंह, संजय गौड़ सहित कई अन्य रक्तदाताओं ने भाग लिया।शिविर के आयोजन में डॉ. फुजैल अहमद अंसारी, जनसंपर्क अधिकारी विन्देश्वरी प्रसाद, लैब टेक्नीशियन अनिल सिंह, प्रभाकर मौर्य सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## संविदा विद्युत कर्मियों का अपनी मांगों को लेकर शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना

**बीकापुर -अयोध्या** ।संविदा विद्युत कर्मियों का अपनी मांगों को लेकर बुधवार को शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना और कार्य बहिष्कार दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। संविदा विद्युत कर्मी घनश्याम यादव द्वारा बताया गया कि पिछले दो महीने से संविदा कर्मियों को मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है जिसके चलते उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा सरकार द्वारा 30 प्रतिशत संविदा कर्मियों की छटनी करने के कार्य योजना बनाई गई है। जो अन्याय पूर्ण है। इसके विरोध में विद्युत संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर रहे हैं।

## उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल के जीवन आधारित पुस्तक का किया विमोचन

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' विमोचन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में गुरूवार को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा राज्यपाल की पुस्तक का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी सुदेश धनखड़, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री योजना के तहत 92 प्रसूताओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 25 निकली एचआरपी

*अवधनामा संवाददाता*



**मिल्कीपुर, अयोध्या।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सीएचसी मिल्कीपुर में वृहस्पतिवार को 92 प्रसूताओं की निशुल्क जांच और अल्ट्रासाउंड किया गया। जिसमें 25 गर्भवती महिलाएं एचआरपी निकली। उक्त योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को हर महीने चार दिन मुफ्त अल्ट्रासाउंड व जांच वाउचर देकर कराई जाती है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना केवल गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के दौरान बेहतर देखभाल प्रदान करने के लिए शुरू की गई है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सीएचसी मिल्कीपुर में हर महीने की 01,09, 16 व 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच व अल्ट्रासाउंड कराया जाता है। इस दिन गर्भवती महिलाओं को मुफ्त अल्ट्रासाउंड जांच के लिए वाउचर दिए जाते हैं, जिन्हें वे सीएचसी से अटैच निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर दिखाकर अल्ट्रासाउंड की सुविधा लेती है। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से जांच और सलाह भी दी जाती है। साथ ही गर्भवती महिलाओं को कई सुविधाएं मुफ्त दवाएं, टीकाकरण और परिवहन सुविधा मिलती है। वहीं सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत भी वित्तीय सहायता मिलती है। मातृत्व शिशु और बालिका मदद योजना के तहत, महिला श्रमिकों को संस्थागत प्रसव और बेटी होने पर भी वित्तीय सहायता मिलती है।

डॉ गुंजन ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जांच और अल्ट्रासाउंड सुविधा प्रदान कराई जा रही है, ताकि उनकी गर्भावस्था और प्रसव सुरक्षित और स्वस्थ रहे। उन्होंने बताया कि जांच में 25 गर्भवती महिलाएं एचआरपी निकली। वहीं सभी गर्भवती महिलाओं को दूध व फल वितरित किया गया।

## 65 वर्षीय महिला का शव पेड़ से लटका मिला



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** इनायत नगर के बख्तावर गांव में एक 65 वर्षीय महिला का शव पेड़ से लटका मिला। मृतका की पहचान धीराजा पत्नी जगपाल यादव के रूप में हुई है। घटना वृहस्पतिवार की है। ग्रामीणों ने जंगल में कठूमर के पेड़ पर गमछे से लटका शव देखा। उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचित किया। मृतका के बेटे रामतीरथ ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल, गौरव सिंह और महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा प्रजापति शामिल थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।मृतका के पति जगराम यादव ने बताया कि वह सुबह परिवार के साथ नाश्ता करने के बाद खेत से भूसा लाने की बात कहकर घर से निकली थी। पिछले तीन साल से वह मानसिक रोग से पीड़ित थीं। उनका इलाज दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था।उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण पता चलेगा। मृतका की दो बेटियां और एक बेटा हैं, सभी की शादी हो चुकी है। उनकी ससुराल खंडासा थाना क्षेत्र के मानूडीहा गांव में है। वह अपने मायके में रहती थीं और उनकी चार बहनें हैं।

## नाला की होगी सफाई, कराया जाएगा बारात घर का निर्माण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा ने नगर निगम के अमले के साथ निषादराज वार्ड और माँ पाटेश्वरी वार्ड का निरीक्षण कर नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी एवं विकास कार्य को लेकर उनके सुझाव लिये।

माँ पाटेश्वरी वार्ड का नया तिराहा। सुबह के सात बजे माँ पाटेश्वरी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि अजय पांडेय एवं निषादराज वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि अमर निषाद के अलावा नगर निगम की टीम मौजूद है। तभी नगर आयुक्त और महापौर भी पहुंचते हैं और फिर पूरा काफिला गली की ओर चल पड़ता है। चंद कदम की दूरी तय करते ही नाली पर रखी पटिया दबी दिखी, जिसे तुरंत सही कराने का निर्देश दिया। तिराहे पर नाला में कूड़ा भरा देख कर रुके और नाराजगी जताई। पार्षद प्रतिनिधि ने पानी की टंकी के पास नाले की सफाई तथा आर्मी बाउंड्री नया पुरवा से पुलिया तक नाले को ढंकने का मसला उठाया। महापौर ने मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार को बुलाया और नाला गैंग लगाकर तत्काल सफाई कराने की हिदायत दी। थोड़ा आगे बढ़ने पर सफाई कर्मी गलियों एवं नालियों की सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव करने में तल्लीन दिखते हैं। इस पर संतुष्टि जताते हैं। गली में डूडा का बदहाल सामुदायिक केंद्र नजर आता है, जिस पर नगर आयुक्त मरम्मत कराकर बरातघर अथवा चिकित्सा केंद्र में तब्दील करने के पत्राचार करने का निर्देश देते हैं। पंडारीवीर मंदिर के पास श्रद्धालुओं आस्था को देखते हुए नियमित सफाई कराने, दुर्गा मंदिर पर लाइट लगवाने का निर्देश देते हैं। काली माता के चौरा के पास उपलब्ध पांच हजार वर्ग फिट पर बारातघर निर्माण की मांग नागरिकों नीरज दद्दा, सुरजीत, पंकज, सोनू निषाद, बल्लू, अनिल सोनकर ने रखी, जिस पर महापौर ने प्रस्ताव तैयार करने का वादा किया। निषाद नगर के शिवनगर नगर कालोनी निवासी सर्वेश गुप्त ने सोलर लाइट लगवाने की मांग की, जिसे पूरा करने का वादा महापौर ने किया। इस दौरान कई जगह नाली खुली देखकर पत्थर रखवाने की हिदायत महापौर ने दी। यहां महापौर का इंतजार कर रहे नागरिकों ने तारापुर रजौली में पेयजल संकट की ओर ध्यानाकर्षण कराया। महापौर ने तुरंत पाइप लाइन की खामियां दूर करने एवं हैंडपंप री-बोर कराने का निर्देश जलकल विभाग के अभियंता को दिया। गली में खड़े लोगों से महापौर ने सफाई कर्मियों के निरंतर आने की बाबत पूंछा, इस पर नागरिकों ने हां कहा। उन्होंने सुलभ शौचालय जाकर सफाई की स्थिति देखी। यहां राम का घर टीम ने एक घर से पानी मंगाकर जांच की, जिसका टीडीएस 470 रहा। नगर आयुक्त ने गली में स्थित कुंए पर कैनोपी बनाने एवं जाली लगाने का निर्देश निर्माण खंड को दिया। उन्होंने अंगदलाल सोनकर की मांग पर बड़ा डस्टविन रखवाने का निर्देश दिया।

## अंबेडकर के चित्र से छेड़छाड़ पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन, देवकाली में जताया आक्रोश

**अयोध्या।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ कथित छेड़छाड़ और अपमान को लेकर अयोध्या विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। गुरुवार को भाजपा के सांगठनिक मंडल देवकाली के आंबेडकर पार्क, बालदा में विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता के नेतृत्व में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पदाधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने बाबा साहब के चित्र के साथ आपत्तिजनक छेड़छाड़ कर न केवल संविधान निर्माता का अपमान किया, बल्कि दलित समाज की भावनाओं को भी आहत किया है। इस कृत्य के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और सख्त कार्रवाई की मांग की।

## सुनीता प्रकरण पर पी.एम.टी. हॉस्पिटल प्रशासन ने दी सफाई

**अयोध्या।** खजुरहट स्थित पी.एम.टी. हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. बाल मुकुंद दूबे ने सुनीता पत्नी भगवानदीन प्रकरण पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह मामला तथ्यात्मक रूप से भ्रामक है और हॉस्पिटल की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।डॉ. दूबे ने बताया कि सुनीता का पित्त की थैली (गॉलब्लैडर) का ऑपरेशन जून 2024 में पी.एम.टी. हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक किया गया था और उसकी स्थिति ऑपरेशन के बाद पूरी तरह सामान्य थी। लेकिन इलाज के बाद आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए परिजनों द्वारा हॉस्पिटल का शेष भुगतान नहीं किया गया।इसके साथ ही डॉ. दूबे ने बताया कि सुनीता की पुत्री पी.एम.टी. डिग्री कॉलेज की छात्रा है, जिसकी फीस भी लंबे समय से बकाया है, जबकि उसे हर वर्ष छात्रवृत्ति प्राप्त होती है। जब हॉस्पिटल व कॉलेज प्रशासन ने बकाया शुल्क की मांग की, तो इसके जवाब में अस्पताल व डॉक्टर पर फर्जी आरोप लगाकर बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।हॉस्पिटल प्रशासन ने यह भी कहा कि वे कानूनी माध्यमों से इस प्रकार के झूठे आरोपों का जवाब देंगे और अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करेंगे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार बनियान ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मया बाजार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरा बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं दी जानी वाली सुविधाओं को परखा साथ ही चिकित्सालय पर इलाज के लिए आए मरीजों को बेहतर इलाज, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों, हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ कि समय से उपस्थिति दवाओं की पर्याप्त मात्रा मात्रा की उपलब्धता सभी उपलब्ध लैब जांच सेवाएं, प्रसव सेवाएं, परामर्श सेवाएं एवं इमरजेंसी सेवाएं दुरुस्त रखने और इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को एक समान रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जो भी शिकायत हो उसे सुने और उसका निस्तारण भी सुनिश्चित करें जिससे आमजन में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति किसी भी प्रकार की नकारात्मक छवि ना बने और अस्पताल में आए मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और कष्ट ना हो।

## अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में आगरा छावनी रेलवे परिसर में श्रमिक पंजीयन कैम्प



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** उत्तर प्रदेश श्रम विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉपोरेशन लिमिटिड की कार्यदायी संस्था लार्सन एण्ड टुब्रो लिमिटिड के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में आगरा छावनी रेलवे परिसर में श्रमिक पंजीयन कैम्प, गोष्ठी एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन विधायक आगरा कैट, डा0 जी एस धर्मेश की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक आगरा कैट डा0 जी एस धर्मेश ने कहा कि श्रमिक भाई अपना ई श्रमिक योजना मे अपना पंजीकरण जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करा सकते है। पंजीकरण के उपरान्त पंजीकृत श्रमिकों को आने वाली समस्याओं की शिकायत भी जन सेवा केन्द्र के माध्यम से कराई जा सकती है और विभाग द्वारा आपकी समस्या का निस्तारण 30 दिन के अन्दर कर दिया जायेगा। उन्होने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिये कि श्रमिक पंजीयन कैम्प का आयोजन उन स्थानों पर किया जाये जहॉ पर अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक अपना पंजीकरण करा सके और कैम्प के आयोजन से पहले जनप्रतिनिधियों को सूचित करने के साथ साथ कैम्प आयोजन की तिथि एवं स्थान का प्रचार प्रसार भी कराया जाये। विधायक ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार की अनूठी पहल है, जिसके द्वारा सभी को समान शिक्षा प्रदान की जा रही है, अटल आवासीय विद्यालय में बी0 ओ0 सी0 डब्लू0 बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों का उच्च स्तरीय शिक्षा दी जा रही है। इस योजना के माध्यम से सरकार आपके बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा दे रही है। हमारी सरकार मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में आप श्रमिक बंधुओं के लिए कई योजनाएं संचालित है, जिनमें आपके बच्चों की पढाई, आपकी बेटियों की शादी, आपके लिए पेंशन सहित अनेकों योजनाएं चला रही है।

## अशांति फैलाने में शामिल 1 अभियुक्त व अवैध असलहों की तस्करी करने वाले 3 अभियुक्तों सहित 4 गिरफ्तार



**आगरा।** थाना सदर बाजार पुलिस टीम, सर्विलांस व एसओजी टीम नगर जोन कमिश्नरेट आगरा द्वारा कार्यवाही कर दो पक्षों द्वारा थाना सदर बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर झगड़ा करते हुए अवैध असलाह से फायर कर क्षेत्र में अशांति फैलाने और लोगों में भय उत्पन्न करने की घटना में शामिल 1 अभियुक्त व अवैध असलाह की तस्करी करने वाले 3 अभियुक्तों सहित कुल 4 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस कार्रवाई को डीसीपी सिटी सोनम कुमार के निर्देशन और एसीपी विनायक भोंसले व सुकन्या शर्मा के नेतृत्व में अंजाम दिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 20.08.2024 को सदर बाजार स्थित पीटर इंग्लैंड शोरूम के सामने सौदागर लाइन क्षेत्र में लगभग 7-8 मोटरसाइकिलों पर सवार 15-20 अज्ञात लड़को द्वारा लड़ाई-झगड़ा करते हुए रास्ते को अवरूद्ध कर एक-दूसरे से मारपीट की घटना करने तथा उन्हीं में से किसी के द्वारा तमंचा लहराकर फायरिंग की गयी। जिससे क्षेत्र अशांति का माहौल उत्पन्न हुआ एवं क्षेत्र भय की स्थिती उत्पन्न हुई। घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना सदर बाजार पर पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा घटना के सम्बन्धित वायरल वीडियो में झगड़ा करने वाले दोनों पक्षो के अभियुक्तों की पहचान की गयी। दोनों पक्षो का पूर्व से विवाद प्रचलित है एवं गुरुवार को थाना सदर बाजार पर गठित पुलिस टीमों ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त अभियुक्त चिनमय जरारी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त चिनमय के मोबाइल फोन में उपलब्ध अवैध असलाहों की फोटो के बारे में पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह अपने साथी दीपेन्द्र यादव, सुनील राय व शैजान खां के साथ मिलकर वह पिस्टल व तमंचा बाहर से मंगाकर बेच देते है। अभियुक्त चिनमय जरारी के साथ अवैध असलाह की तस्करी करने वाले 3 अभियुक्तों दीपेन्द्र यादव, सुनील राय व शैजान खां को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा सीओडी ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 3 अवैध तमंचा .315 बोर मय 08 जिंदा कारतूस व 1 पिस्टल 32 बोर, 3 मोबाइल फोन, 1,000 रुपए बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त दीपेन्द्र यादव, सुनील राय व शैजान खां से अवैध असलाह की बरामदगी के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 217/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## चोरी के सामान के साथ एक युवक गिरफ्तार



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** गुरुवार को जांच के दौरान कोठीभार पुलिस में चोरी के सामान के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सिसवा कस्बे के नहर चौराहे पर गुरुवार को सुबह जाँच के दौरान कोठीभार पुलिस ने चोरी सहित अन्य कई धराओं में वांछित रिंकू निवासी नौका टोला को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया हैं। कस्बे के हीरालाल सोनी के दुकान पर पूर्व में चोरी हुई थी जिसके बाद पुलिस छानबीन में जुटी हुई थी। पुलिस की सक्रियता से पुलिस को सफलता मिली है। टीम में चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज, कांस्टेबल विवेक व दीपक मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मानदेय वृद्धि की मांग की



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिला मुख्यालय पर गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मजदूर दिवस मनाया। जिसमें उन्होंने मानदेय की वृद्धि की मांग की हैं। संगठन के जिलाध्यक्ष छाया भारती ने कहा कि विभाग को 50 वर्ष पूरा होने के बाद भी आज तक जितनी सरकारें आईं और चली गईं मानदेय बढ़ोत्तरी के नाम पर सभी सरकारों ने लॉलीपॉप ही दिया। श्रीमती भारती ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों मिलकर छह हजार प्रतिमाह मानदेय दे रही है जिससे इस महंगाई के आलम में जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। साथ ही श्रीमती भारती ने यह भी कहा कि संगठन के संज्ञान में यह भी है कि कुछ जिलों में एजुकेटर भर्ती की जा रही है उन्होंने सरकार से यह मांग किया कि तत्काल उसे रद्द किया जाय। बैठक को संबोधित करते हुए आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन के जिला संरक्षक राधेश्याम मौर्य ने कहा कि अगर सरकार आंगनवाड़ी कर्मचारी सहायिकाएं बहनों का मानदेय की इजाफा नहीं किया गया तो हम संघर्ष के लिए तैयार है। आने वाले विधान सभा 2027 चुनाव में जो हमारे जायज मांग के संबंध में विचार करेगा उसके साथ हम अपनी सहभागिता निभाएंगे। इस दौरान राजमती, आयशा बेगम, ज्ञानमती, संध्या प्रजापति, शीला, सुमन, दिलीप, उमेशचंद्र, परवेज, रीमा मौर्य, रजनीश, प्रमिला , माधुरी, संगीत, कमलावती, सोना, सदरून, जितेंद्र पटेल, आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) एवं वीवीपैट (वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम, बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवीपैट कक्ष सहित संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, पारदर्शिता और निष्पक्षता चुनाव की नींव है, अतः इसमें किसी प्रकार की चूक स्वीकार नहीं की जाएगी।

## रामजीलाल सुमन पर हमलों के विरोध में आगरा में सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर हमलों के विरोध में गुरुवार को सपाइयों ने कलक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय को घेरकर जमकर नारेबाज़ी की। सपाइयों के प्रदर्शन के चलते कलक्ट्रेट के बाहर एमजी रोड पर जाम लग गया। सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर लगातार हो रहे हमलों से आहत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जोरदार धरना प्रदर्शन कर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान सपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन डीएम के माध्यम से सौंपा। जिसमें सांसद पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से न सिर्फ सांसद रामज़ी लाल सुमन की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई, बल्कि पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की गई है। सपाइयों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जेल भरो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन के लिए सपा के कार्यकर्ता शहर के विभिन्न इलाकों से जुलूस के रूप में पहुंचे।

बड़ी संख्या में सपाइयों के पहुंचने से कलक्ट्रेट परिसर और बाहर जाम के हालात पैदा हो गए। बड़ी संख्या मौजूद पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को साइड में कर वाहनों को निकलवाया। सपाई सरकार के खिलाफ काफ़ी आक्रोशित दिखे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व नगर अध्यक्ष वाजिद निसार और जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा कर रहे थे।

## बाइक सवार लोहे के पोल से टकराए, एक की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**घुघली(महराजगंज)।** स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत बीते रात बाइक सवार विद्युत पोल से टकरा गए। जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घुघली थानाक्षेत्र के अंतर्गत पौहरिया निवासी 24 वर्षीय तारकेश्वर और कुशीनगर जनपद के अंतर्गत लक्ष्मीपुर निवासी 22 वर्षीय नागेश्वर दोनों एक बाइक से सवार होकर जखीरा से सुभाष चौक की तरफ जा रहा था कि मंगलपुर पटखौली रेलवे क्रॉसिंग के निकट उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रेलवे क्रॉसिंग के निकट सड़क किनारे लोहे के खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक तारकेश्वर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उसका साथी नागेश्वर घायल हो गया। सूचना पाकर घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह मय जखिरा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन के साथ मौके पहुंचे। तत्काल 108 पर सूचना दी गई और एंबुलेंस आने पर मृतक तथा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने तारकेश्वर को मृत घोषित कर दिया।

अवधनामा



## कुदरहा कस्बे में सीसी कैमरा लगाने पर प्रधान व सचिव को प्रभारी निरीक्षक लालगंज ने किया सम्मानित

### लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा कस्बे का है मामला



अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा बाजार में आपरेशन त्रिनेत्र के तहत कस्बे में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इंद्र कुमार चौधरी व सचिव गोरखनाथ यादव के नेतृत्व में तीन सीसी कैमरा लगाया गया। जिससे अब अपराध को रोकने में सहयोग मिलेगा।

सीसी कैमरा लगवाने पर प्रभारी निरीक्षक लालगंज शशांक शेखर राय और चौकी इंचार्ज कुदरहा राम अशोक यादव ने सचिव व प्रधान प्रतिनिधि को सम्मानित कर प्रमुख स्थानो पर और लगवाने की सिफारिस किया।

प्रभारी निरीक्षक लालगंज ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों को कस्बो व ग्राम पंचायतों में प्रमुख स्थानो पर सीसी कैमरा लगवाना चाहिए। जिससे अपराधी तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ अपराध में भी कमी आएगा। इस मौके पर कांस्टेबल लालू यादव, अजीत यादव, संजीत, सुरेंद्र यादव, प्रमोद, दीपक कुमार, सत्यदेव मौर्य सहित तमाम कस्बे के लोग मौजूद रहे।

## सांसद जगदम्बिका पाल ने किया नवनिर्मित खेल मैदान का फीता काट कर उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बर्डपुर न0 3 में सुभाष मॉडल पार्क 38.47 लाख की लागत से निर्मित खेल मैदान का फीता काट कर उद्घाटन किया गया।


खेल मैदान में पाथवे,ओपन जिम, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल, बेंच, लाइट, झूला, हैंडपंप, बेंच पेन्टिंग/चित्रकारी आदि का कार्य कराया गया है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि इस पार्क को मनरेगा से बनाया गया है पार्क से किसान भाईयों के बच्चे खेल का प्रैक्टिस कर सकते हैं। प्रैक्टिस करके जिले का व देश का नाम रोशन करेंगे। इसके साथ ही साथ भारत सरकार/प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशील है। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि भारत सरकार /प्रदेश सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाने का कार्य कर रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर जनपद स्तर से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सके। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर विजय सिंह, विनय श्रीवास्तव, मोहम्मद अजहर, अशुतोष, विशाल सिंह, मनोहर बरनवाल, निसार अहमद, ग्राम प्रधान मोमिना खातून, अंशिका पटेल, रेखा चौधरी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भाकियू ने समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए बृहस्पतिवार को चौदह सूत्री मांगों को लेकर बांसी तहसील पर एक मासिक बैठक किया। भाकियू के तहसील अध्यक्ष, बांसी घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को बांसी तहसील पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी, बांसी शशांक शेखर को चौदस सूत्री मांग के साथ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के आधार पर मांग किया कि बांसी तहसील परिसर में साईकिल स्टैन्ड के नाम पर किसानो से जो अवैध वसूली की जा रही है, उस साईकिल स्टैन्ड का ठेका अविलम्ब निरस्त किया जाय। क्योकि किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे है और परेशान है। वहीं खेसरहा ब्लाक अंतर्गत सकारपार चौराहे के आस पास एक गौशाला का निर्माण करवाया जाय जिससे उस क्षेत्र के किसानो की फसल छुट्टा पशुओ से बचाया जा सके। बॉसी-धानी मार्ग पर रोडवेज बस संचालन करवाया जाय, जिससे यात्रियो को आवागमन करने मे सुविधा मिल सके। इसी तरह से अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ तहसील अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी बांसी को ज्ञापन दिया । इस दौरान प्रदीप कुमार जिला अध्यक्ष, रहमत अली जिला उपाध्यक्ष, रसीद, संपूरन, राम अचल प्रजापति, रामवृक्ष राव, राजाराम लोधी, राम अचल लोधी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम ने नीबी मकड़ौर में निर्माण में प्रयोग हो रहे ईट की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मकड़ौर में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाई स्कूल नीबी मकड़ौर में स्वच्छ पाइप पेयजल की सुविधा, शौचालय, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष,प्रयोगशाला, मल्टी परपज हाल एवं पुस्तकालय निर्माण कार्य का जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर डा राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्माण में प्रयोग हो रहे ईट की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही शेष बचा हुआ कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डा0 राजा गणपति आर ने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के जे0ई0 निहाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का दिया निर्देश। इस दौरान डीएम डा0राजा गणपति आर, प्रधानाचार्य टेनीसन, शिक्षक अजय सिंह, रीता यादव, मीना यादव, रामप्रसाद वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पप्पू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहें।

## ग्रामीणों की शिकायत पर राशन की दुकान निरस्त

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** तहसील क्षेत्र के अजमलपुर निवासी मनोज दुबे व ग्रामीणों ने बीते दिनों उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि हमारे गांव के कोटेदार जयप्रकाश दुबे के द्वारा राशन देने में घटतौली और ग्रामीणों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए सहशपथ शिकायत दर्ज कराया था।

## डीएम ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप-10 बच्चों को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेन्टो देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा जनपद के हाई स्कूल एवं इन्टीमीडिएट परीक्षा में टॉप-10 बच्चों को गुरुवार को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

हाईस्कूल में सम्मानित होने वाले जिले के टॉप-10 मेधावियों में आस्था पटेल, 95.67 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, दिव्यांशी त्रिपाठी, 95.50 फीसदी, माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज इटवा, तरूण जायसवाल, 95.50 फीसदी, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज इटवा, उमेसलमा फारूकी, 95.33 फीसदी, खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज बनगवा, राहुल कुमार, 94.67 फीसदी, जेएलएनएसएच अशोगवा, प्रशांत पांडेय, 94.67 फीसदी, जोखना देवी इंटर कॉलेज मंझरिया खेसरहा, आर्यन गुप्ता, 94.17 फीसदी, एसके पब्लिक इंटर कॉलेज पेड़ारी बुजुर्ग, आलोक चौरसिया, 94.17 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, आभा श्रीवास्तव, 94.17 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, कली, 94.00 फीसदी, जेकेआईसी सकतपुर सनई, श्रीवर्मा, 94.00 फीसदी, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, रूद्रेश, 94.00 फीसदी, जोखना देवी इंटर कॉलेज मंझरिया खेसरहा, अवंतिका, 93.67 फीसदी, सेठ राम कुमार खेतान इंटर कॉलेज शोहरतगढ़, अशिंका शुक्ला, 93.67 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, आराध्या, 93.67 फीसदी, शिवाजी इंटर कॉलेज बरगदवा, अतुल चतुर्वेदी, 93.67 फीसदी, सर्वोदय इंटर कॉलेज डोकम अमया, चांदनी यादव, 93.67 फीसदी, लक्ष्मी कैम्ब्रीज उमावि बनकटा सुपरौली, देवेश पांडेय, 93.50 फीसदी, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, अशिंका, 93.33 फीसदी, जोखना देवी इंटर कॉलेज मंझरिया खेसरहा, शीला चौधरी, 93.33 फीसदी, फातिमा इंटर कॉलेज सेमरी इटवा शामिल हैं। जबकि इंटर में सम्मानित होने वाले जिले के टॉप-10 मेधावियों में अनुष्का पटेल, 94.80 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, शिवांगी सिंह, 94.00 फीसदी, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, अंशिका सक्सेना, 91.40 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, शिवानी सिंह, 91.00 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, दिव्यांशी, 90.20 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, सौरभ मिश्रा, 89.20 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, निहारिका, 89.00, नवजीवन इंटर कॉलेज बिड़रा, अंशिका पांडेय, 89.00 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, लकी त्रिपाठी, 89.00 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, एकता त्रिपाठी, 88.80 फीसदी, सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, आनंद, 88.20 फीसदी, केएसकेआईसी लोटन, साक्षी गुप्ता, 87.60 फीसदी, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, अभिनव चौरसिया, 87.60 फीसदी, राम मिलन चौरसिया इंटर कॉलेज मिठवल शामिल रहे। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। सफलता की यह पहली सीढ़ी है। आप लोग और अधिक मेहनत करिये। जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करे। आप लोग ऐसे अच्छे मुकाम पर पहुँचे। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## एक देश एक चुनाव पर सांसद संवाद प्रबुद्ध वर्ग कार्यशाला सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** वृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी शोहरतगढ मण्डल के द्वारा के आदर्श नगर पंचायत कार्यालय सभागार में आयोजित एक देश एक चुनाव पर सांसद संवाद प्रबुद्ध वर्ग कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्यअतिथि सांसद जगदंबिका पाल और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी मौजूद रहे। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि एक देश एक चुनाव की व्यवस्था बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग समय पर चुनाव होने से व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक कार्य प्रभावित होते हैं। इस व्यवस्था से देश के 150 करोड़ लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार एक देश एक चुनाव चाहती है। यह भाजपा का नहीं बल्कि पूरे देश का हित है। विपक्षी दल इस व्यवस्था के खिलाफ हैं। भाजपा सरकार की नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनीत कमलापुरी, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कौशलेंद्र तिवारी, कृष्ण पाल चौधरी, अनिल चौधरी, विनोद मिश्रा,नदेश्वर मणि त्रिपाठी, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, राजकुमार मोदनवाल, राधेश्याम मिश्रा, अभिषेक चौधरी, रामविनोद यादव, बाबा राम उजागिर तिवारी, रामधारी त्यागी, सतीश मित्तल, रामसेवक गुप्ता, मनोज गुप्ता, बबलू गौड़, केपी सिंह, गौरव शर्मा, अनिल गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति की वार्षिक कार्य योजना बैठक एवं समापन सत्र संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार में विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत की वार्षिक कार्य योजना बैठक एवं जन शिक्षा समिति के प्रधानाचार्यो के सामूहिक समापन सत्र का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संघ की विचार यात्रा 27 सितंबर 1925 से प्रारंभ हुई थी, जो आज शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है। यह यात्रा 1952 में नहीं, बल्कि 1925 से आरंभ हुई थी, जब संघ के स्वयंसेवकों ने समाज की आवश्यकताओं का अनुभव करते हुए अपने कार्यों का विस्तार किया। उन्होंने कहा कि विद्या भारती, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रूपी वटवृक्ष की एक शाखा है, जो व्यक्ति के भीतर स्वदेश, स्वभाषा और स्वसंस्कृति के भाव को जाग्रत करने का कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए, समरस समाज से समर्थ समाज की ओर बढ़ना है। समाज में समरसता का भाव ही समृद्धि का आधार है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि हमें केवल स्वतंत्रता मिली है, हमें स्वराज्य की भावना की ओर बढ़ना है। उन्होंने मैकाले की शिक्षा पद्धति दृष्टिपात करते हुए कहा कि यह पद्धति हमारी संस्कृति को समाप्त करने का प्रयास थी। हमें भाषा का नहीं उसे संस्कृत का विरोध करना है जिसने हमारी संस्कृति व परंपराओं को समाप्त करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के मंत्री रामनाथ गुप्त, जन शिक्षा समिति के प्रदेश मंत्री विनोद कांत मिश्र, शिशु शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक राम सिंह, जन शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक जिया लाल, विद्यालय के कोषाध्यक्ष अजय कुमार जायसवाल, संभाग निरीक्षक कन्हैया चौबे, संस्कृति बोध परियोजना के प्रांत संयोजक दिवाकर सहित सभी प्रधानाचार्य बंधु-भगिनी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## शिक्षक समस्याओं के निदान हेतु प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी की अध्यक्षता में बीएसए कार्यालय पर बृहस्पतिवार को अपनी 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने धरना दिया। राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि सरकार विभिन्न माध्यम से कर्मचारियों का शोषण करने का विकल्प बना रही है। संघर्ष के बदौलत हासिल उपलब्धियों को सरकार धीरे-धीरे समाप्त कर रही है।

अपने वजूद को बचाने के लिए एकजुट हो संघर्ष को तैयार रहना होगा। कहा कि सरकार को अपने मन की बात करने के बजाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल कर उनका मन खुश करना चाहिए। अध्यापकों को स्वतंत्र रूप से उनका मुख्य कार्य शिक्षण नही करने दिया जा रहा है। दुखी मन से कोई भी कार्य सुव्यवस्थित नही होता। जिलामंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि नित नए आदेश जारी कर समाज में शिक्षकों को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इसे शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथों में में सौंपने की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। कहाकि शिक्षक समस्याओं का अंबार लगा हुआ है बावजूद इसके बीएसए के कान पर जूं नही रेंग रहा है। आरोप लगाया कि धनादोहन हेतु कार्यो को लटकाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कल्याण मौर्या और जिला स्तरीय समस्याओं के समाधान के लिए बीएसए शैलेश कुमार को सौंपा। रामप्रकाश मिश्रा, शैलेंद्र मिश्र, करुणेश मौर्या, लालजी यादव, मारूत पांडेय, अश्वनी पांडेय, सुजीत जायसवाल, मुस्तन शेरूल्लह ने भी धरने को संबोधित किया। इस दौरान अभय श्रीवास्तव, अरुण सिंह, आशुतोष उपाध्याय, सुधाकर मिश्रा, इंद्रसेन सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, दिनेश सिंह, अखिलेश चौधरी, सत्येंद्र मिश्रा, रामशंकर पांडेय, द्विजेंद्र पांडेय, जावेद अहमद, अरुणिमा, साक्षी, रश्मि, अंशु, शिवकांत दुबे, सुभाष जायसवाल, सुनील सिंह, संतोष श्रीवास्तव, प्रजेश द्विवेदी, ऋषि धर, अजित सिंह, मोहिउद्दीन, ब्रह्मप्रकाश, अजय पांडेय, सूरज, राहुल, अभिजीत आदि मौजूद रहे।

## समाजवादियों ने कलेक्ट्रेट पर किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

### सांसद रामजी लाल सुमन के ऊपर अलीगढ़ में किए गये प्राण घातक हमले को लेकर समाजवादी आंदोलित



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जिला इकाई के अगुवाई में पार्टी के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय महासचिव सांसद रामजी लाल सुमन के ऊपर अलीगढ़ में किए गये प्राण घातक हमला। भाजपा सरकार के इशारे पर पीडीए समाज का उत्पीड़न के विरोध एवं करणी सेना के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि देश एवं प्रदेश में सरकार के सह पर दलितों एवं पीडीए समाज के ऊपर जानलेवा हमला किया जा रहा है। जिसे रोक पाने में दोनों सरकारें विफल हो गयी है। इसी कारण प्रदेश में अराजकता एवं भय का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आम जनता पहले महंगाई व बेरोजगारी से परेशान थी। अब भय एवं भ्रष्टाचार से परेशान है। हत्या, दुष्कर्म व डकैती की घटना आम बात हो गयी है। यह सरकार संविधान विरोधी कार्यों में पूरी तरह से लिप्त है। इसके कारण आरक्षण व्यवस्था का पालन नहीं हो पा रहा है। सपा के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि भाजपा के लोग पीडीए के एकजुटता से घबरा गये है। इसी कारण वह करणी सेना को सह देकर दलितों, पिछड़ो व अल्पसंख्यक समाज को मारने के लिए भेज रहे है। करणी सेना के खिलाफ प्रतिबंध नहीं लगा तो सपाई व्यापक पैमाने पर आंदोलन के लिए विवश होंगे। कार्यक्रम के पूर्व सभी ने सरकार के खिलाफ पैदल मार्च एवं पुतला दहन कर नारे-बाजी भी किया। धरने को पूर्व विधायक विजय पासवान, अजय चौधरी, उग्रसेन सिंह, विभा शुक्ला, राम मलिन भारती, प्रदीप पथरकट, मो. इद्रीश पटवारी राइनी, जमील सिद्दीकी, कमरुज्मा खान, राम सेवक लोधी, मणींद्र मिश्र मसाल, रिंधू पासवान, विजय चौधरी, जोखन चौधरी, सुरेश यादव, चंद्रहास यादव, राहुल कुमार आर्य, शैलेंद्र शर्मा, हरिनारायण यादव, जेपी यादव, खुर्शीद अहमद व अखिलेश मौर्य आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## नीट यूजी-2025 परीक्षा की तैयारी बैठक

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नीट यूजी-2025 परीक्षा की तैयारी बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जनपद में नीट यूजी-2025 परीक्षा के लिए जनपद में कुल 7 सेन्टर बनाये गये है। परीक्षा एक पाली में होगी। बच्चों का प्रवेश 1.30 तक है। परीक्षा 2 बजे से 5 बजे तक होगी। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा व अन्य समस्त व्यवस्थायें पूर्ण करा लें। सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि पुलिस विभाग द्वारा ड्यूटी लगा दी गयी है। शासन के निर्देशानुसार परीक्षा शान्तिपूर्ण, नकल विहीन सम्पन्न कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मजदूर का पसीना सूखने न पाए और उसको उसका हक़ दे दिया जाए : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

तसकीन हैदर रिज़्वी

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** दुनिया के सारी संस्था हुकूमते कोशिश करती है कि मज़दूरों के अधिकार के तरफ धयान दिया जाए। जिस तरीक़े से सारी दुनिया चाहती है कि मज़दूरों

**मज़दूर दिवस पर बोले इमामं जुमा व जमात हल्लौर**



का हक़ ज़ाया न जाये उसी तरह इस्लाम भी यही चाहता है कि मज़दूरो का कोई हक़ ज़ाया न होने पाए और उसको ज्यादा से ज़्यादा हक़ दिया जाए। उक्त बातें तहसील क्षेत्र के ग्राम हल्लौर स्थित जामा मस्जिद के पेश इमाम शाहकार हुसैन ज़ैदी ने पहली मई को मज़दूर दिवस पर कही। मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि मज़दूर हमारे समाज का ऐसा हिस्सा है कि हमसे जुदा नही हो सकता इस्लाम ने यही सिखाया है कि मज़दूरी कोई पाप नही और न ही छोटा काम है इसीलिए हमारे इमाम हज़रत अली अ. स. ने खुद मज़दूरी करके बताया कि मज़दूरी कोई छोटा काम नही, मज़दूर को कभी गिरी हुई निगाहों से नही देखना चाहिए। हज़रत अली ने खुद मज़दूरी की और बागों में पानी देते थे ताकि लोगों के लिए खाना और पानी का भी इंतजाम किया जाए। इस्लाम की तालीम यह भी है कि मजदूर को उसके पसीना सूखने से पहले उसकी मजदूरी दे दी जाए और यह एक ऐसा बिंदु है कि अगर इस पर सारी दुनिया मिलकर इत्तेफाक कर ले और इसी पर अमल करने लगे तो मजदूर का कभी हक़ ज़ाया नही हो पायेगा।

यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है कि मजदूर का पसीना सूखने न पाए और उसको उसका हक़ दे दिया जाए और उसको इज्जत की निगाहों से देखना चाहिए और उसके हक़ को हमेशा अदा करना चाहिए।

## गरीबी उन्मूलन, श्रम कानून व श्रमिक परिवार के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में गुरुवार को शैलेन्द्र नाथ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारी के समन्वय से गरीबी उन्मूलन, श्रम कानून व श्रमिकों के परिवार के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा प्रवासी मजदूरों के सम्बन्ध में जानकारी दिये जाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मेसर्स शाह फैसल ब्रिक फील्ड बर्डपुर ( ईंट भटठा ) सिद्धार्थनगर में किया गया। मेसर्स शाह फैसल ब्रिक फील्ड बर्डपुर में आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र नाथ, श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री उज्जवल त्रिपाठी तथा भटठा पर काम करने वाले श्रमिक उपस्थित रहे।

शिविर को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र नाथ द्वारा उपस्थित असंगठित क्षेत्र के मजदूरों एवं श्रमिकों को कानूनी एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी दी गई और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया गया कि देश की उन्नति समृद्धि खुशहाली में श्रमिको का बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान है। भारत में असंगठित क्षेत्र का महत्व न केवल आर्थिक विकास बल्कि सामाजिक स्थिरता में भी महत्वपूर्ण है। अनुच्छेद 39 राज्य को यह निर्देश देता है कि वह न्याय तक समान पहुँच सुनिश्चित करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करे। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना करता है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों सहित कमजोर वर्गो को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना इसका उद्देश्य है। मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 मजदूरों को समय पर वेतन दिलाने का प्रावधान करता है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान करता है। न्यूनतम मजदूरी और समय पर वेतन सुनिश्चित करता है। लोक अदालतें कम लागत और शीघ्र न्याय प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उज्जवल त्रिपाठी श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा यह जानकारी दी गयी कि सभी श्रमिकों को श्रम कार्ड अवश्य बनवा लेना चाहिए, जिससे उन्हें विभागीय योजनाओं का भी लाभ आसानी से मिल सके तथा विभागीय योजनाओं जैसे-श्रमिक पंजीकरण योजना, उत्तर प्रदेश श्रमिक स्वास्थ्य बीमा योजना, साइकिल सहायता योजना, कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री महिला निर्माण श्रमिक सम्मान योजना एवं निर्माण श्रमिक पंजीयन हेतु पात्रता आवश्यक अभिलेख एवं प्रक्रिया के सम्बन्ध में निम्न जानकारी दी गयी। निर्माण श्रमिक एक साथ अधिकतम 03 वर्ष का अंशदान रूपये 60/- जमा कर सकते है। अंशदान जमा न होने पर कोई हितलाभ देय नहीं होगा।

## चीन पाक के लिये ढाल

सुयंक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलग्राम अपराधियों को न्याय के कठघरे में बाने की बात कही है। पर बयान देखकर पता चलता है इससे बात नही बनगी। पर संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थायी सदस्य के रूप में चीन जब तक अपने वीटो पावर से पाक को बचाता रहेगा। तब तक पाक के खिलाफकोई कार्यवाई नही की जा सकेगी। पुलवामा अटैक के बाद जो बयान आये थे। तब सभी देशों के साथ भारत सरकार को सहयोग करने की पुकार की गयी थी। इस बार की अपील में सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील है। अगर भारत सरकार से सहयोग करने की बात करते तो कुछ और प्रभाव पड़ता। पाकिस्तान पर अतिरिक्त दबाव पडता। पर पाक को बचाने के लिये चीन फिर आगे आ गया।

चीन की आतंकवाद को लेकर एक नीति नही है। जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है तो चीन को आतंकवाद नजर आता है। लेकिन मौका मिलने पर मसूद अजहर जैसो को बचाने के लिये आतंकियों को बचाने में आगे आ जाता है। चीन को पाक या मुस्लिमो के प्रति कोई हमदर्दी नही है। चीन ने अपने यहां शिनन्यांग प्रान्त को दुनिया से सबसे वहां जेल में रिवर्सिल कर रक्खा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के लिये दीगर मुस्लिमों को डिटेन्शन कैम्प में रक्खा जाता है। कई मानव संगठन इसके खिलाफ आवाज उठा चुके है। पर चीन कहता है उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगवाद के खिलाफ है। चीन पाकिस्तान को भारत को परेशान के लिये तुरू की एक्का बना रक्खा है। भारत चीन के बीच सीमा विवाद बड़ा तनाव बढ़ता घटता रहता है। सीमा विवाद को लेकर स्पष्ट बात करनी चाहिये कैलाश मानसरोवर में सुधार दिखाती हैं। पर इसके साथ ही पाक का बचाव भी करता है और कर रहा है। चीन को दोहरी चाल चलने से रोकना चाहिये।

पहलगांव हमले की तटस्थ जांच कराने की बात पाकिस्तान को अलग थलग कर रहा है। पाक इससे पेरशान हो रहा है। भारत के पक्ष को दुनियां समझती है भारत के पक्ष में इसी लिये आवाज उठती रहती है। चीन को भी दुनियां के साथ खड़ा होकर आतंक पर लगाने के लिये आगे आना चाहिये। वह दुनियां का एक बड़ा देश है। आबादी और क्षेत्र के लिहाज से वह मजबूत राष्ट्रों में है आर्थिक स्थिति मजबूत है। लोकतन्त्र का उसके लिये कोई माने नही है। पाकिस्तान भी मौजूदा हालत पतली है। ग्लोबल मंयो पर अलग थलग पड़ रहा है। आर्थिक मुशकिल घटाने के बजाय बढ़ती जा रही है। सेना की समझ में नहीं आ रहा है वह क्या करे। परमाणु वार की धमकी जरूर दे रहा है। पर आवाज कांप रही है। जब तक इस्लामिक सोच और कट्टरवाद से सेना मुक्त नहीं होगी तब तक उसकी ओर पाकिस्तान के हालात वैसे ही बनी रहेगी। पड़ोसी को बहुत दुख पाक दे रहा है। इस पर जरा गौर करे उसे इससे क्या मिल रहा है।

## भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अधिष्ठाता, संस्कृत-संस्कृति के संवर्धक आद्यगुरु शंकराचार्य



सुशील कुमार 'नवीन'

भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अधिष्ठाता, संस्कृत और संस्कृति के संवर्धक राष्ट्रभक्त आद्यगुरु शंकराचार्य की शुक्रवार दो मई को जयंती है। उनका जन्म 788 ईस्वी में वैशाख माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को हुआ था। बाल्यकाल में ही उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा को प्रदर्शित कर दिया था। आठ वर्ष की उम्र में ही वे वेदों के ज्ञान में पारंगत हो चुके थे। संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए संपूर्ण भारत की यात्रा कर चारों दिशाओं में चार पीठों की स्थापना की। ये पीठ गोवर्धन पुरी (जगन्नाथ पुरी), श्रृंगेरी (रामेश्वरम), शारदा (द्वारिका) और ज्योतिर्मठ (बद्रीनाथ धाम) के नाम से हम सब जानते हैं। अद्वैत वेदांत दर्शन को स्थापित करने के साथ-साथ संस्कृत भाषा और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इनका जन्म स्थान केरल माना जाता है। पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। उनका मूल नाम शंकर था, लेकिन उन्हें श्रीशंकराचार्य के रूप में प्रसिद्धि मिली। पांच वर्ष की उम्र में यज्ञोपवीत संस्कार करवाकर कर उन्हें विद्याध्ययन हेतु भेजा गया। दो वर्ष में ही षडंग सहित वेदों का अध्ययन पूर्ण कर वे घर वापस आ गये। उसी समय उनके अंदर संन्यास लेने की इच्छा प्रबल हो उठी थी, पर माता ने उन्हें इसके लिए स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। शंकर मातृभक्त थे, इसलिए उनकी अनुमति के बिना वे सन्यास नहीं लेना चाहते थे। वो कहते हैं कि जो भाग्य में लिखा गया है वो सही समय पर होकर रहता है। जिस संन्यास के लिए शंकर की माता का स्पष्ट इनकार था, परिस्थिति ऐसी बनी कि उन्हें उसके लिए शंकर को अनुमति देनी पड़ी।

बताते हैं कि एक दिन वे माता के साथ नदी तट पर गये, वहां स्नान करते समय एक ग्राह (मगरमच्छ) ने उनका पैर पकड़ लिया। वह उन्हें पानी में अंदर की तरफ खींचने लगा। ऐसी स्थिति में उनकी माता सहायता के लिये चिल्लाने लगीं। उसी समय उन्होंने माता से कहा यदि आप मुझे सन्यास लेने की आज्ञा दें तो यह ग्राह मुझे छोड़ देगा। पुत्र मोह में माता ने फौरन हां कर दी। विधि का विधान देखिए माता के संन्यास की हामी भरते ही ग्राह ने उनका पैर छोड़ दिया। माता से अनुमति लेकर उन्होंने आठ वर्ष की अवस्था में गृह त्याग दिया। माता ने उनसे यह यह वचन अवश्य लिया कि उनके अंतिम समय में वे अवश्य उपस्थित होंगे।

गृह त्यागने के बाद वे नर्मदा नदी के तट पर स्थित स्वामी गोविन्द भगवत्पाद के आश्रम में पहुंचे और उनसे दीक्षा ग्रहण की। बहुत कम समय में ही उन्होंने गुरू के सानिध्य में ज्ञान प्राप्त लिया। इनकी योग्यता से खुश होकर गुरू ने इन्हें काशी जाने एवं वेदान्त सूत्र पर भाष्य लिखने की आज्ञा दी। काशी आने पर उनकी ख्याति सर्वत्र फैलने लगी। लोग इनका शिष्यत्व ग्रहण करने लगे। इनके सर्वप्रथम शिष्य सनन्दन हुए, जो पद्मपादाचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए। बाल्यकाल से ही असाधारण विद्वत्ता को प्राप्त करने वाले शंकर ने भारतीय दर्शन और वेदांत के महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अध्ययन किया। खासकर अद्वैत वेदांत पर उनका विशेष ध्यान रहा। उन्होंने अपने जीवन के दौरान भारत के विभिन्न भागों का भ्रमण कर विविध धार्मिक वाद-विवादों में हिस्सा लिया। उन्होंने वेदांत के सिद्धांतों की व्याख्या की और अनेक शास्त्रीय ग्रन्थों की टीका तथा व्याख्या की। भारतीय साहित्य और धार्मिक संस्कृति को एक मजबूत आधार प्रदान करने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनकी मृत्यु के बाद उनके विचार और सिद्धांतों ने भारतीय धार्मिक और दार्शनिक परंपरा पर अत्यंत प्रभाव डाला। उनके द्वारा स्थापित वेदांत के सिद्धांत आज भी विश्वसनीय और महत्वपूर्ण माने जाते हैं। उनके द्वारा स्थापित अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों ने भारतीय समाज को एकता और एकात्मता की दिशा में अग्रसर किया। उनके अनुसार जगत में अनंतता की दिशा में सत्य एक है और सभी जीवों में एक ही आत्मा का आभास होता है। उन्होंने समाज में धार्मिक समरसता और सहयोग को प्रोत्साहित करने के साथ धर्म, भाषा, और क्षेत्रीय भेदों को दूर करने का भी संदेश दिया। वे सभी भारतीयों को एक सामान्य आधार पर जोड़कर राष्ट्रीय एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के पक्षधर थे। अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों के माध्यम से विभिन्न धार्मिक और जातिवादी भेदों का खंडन करने में भी वे पीछे नहीं रहे। उनका मुख्य सिद्धांत था कि ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है, और आत्मा ब्रह्म है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**मजदूर दिवस के बारे में क्रांतिकारी कार्ल मार्क्स के अभिन्न मित्र वैज्ञानिक समाजवाद के प्रणेता फ्रेडरिक एंगेल्स का कहना था कि मजदूरों का कार्य दिवस आठ घंटे का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मई दिवस दुनिया के पूंजीपतियों और जमींदारों के खिलाफ एक निश्चित उद्देश्य का दिन है, यह वर्ग विभाजन के खात्मे और सामाजिक परिवर्तन का दिन है। यह समस्त राष्ट्रों की एकता का दिन है। यह मजदूरों की लड़ाकू इच्छा के प्रदर्शन का दिन है, जो गुलामी और पूंजीपतियों की शोषणकारी व्यवस्था के खात्मे की बात करता है।**

# दुनिया के मजदूरों का मुक्ति दिवस अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस

**मुनेश त्यागी**

हम मेहनतकश जग वालों से
जब अपना हिस्सा मांगेंगे
एक खेत नहीं एक देश नहीं
हम सारी दुनिया मांगे
हम सारा जहान मांगेंगे

दुनिया के सारे मेहनतकशों को नमन, नन्दन, वंदन और अभिनंदन। इस दुनिया में प्रकृति को छोडकर जो कुछ भी दिखाई देता है जैसे, हंसिया, हथौड़ा, दरांती, हल, जुआ, खुरपी, झोंपड़ी, कुआ, नहरें, महल, दुमहले, सडकें, कपडे, लत्ते, चूडियां, साड़ियां, सिंदूर, रोटी कपडा मकान, स्कूल कोलिज, कलम, दवात, किताबें, तख्ती, ब्लैक बोर्ड, पंखे, कूलर, ऐसी, पलंग, किताबें, कार, गाडी, रेल, हवाई जहाज, घडी, पहनने के कपडे, पिज्जा, बरगर, इडली, डोसा, बर्फी, लड्डू, जलेबी, दवाईयां, अदालतें, कोट टाई, कमीज पैंट, कुर्ते पजामे, घडी, मोबाइल, एक्सरे, पर्दे, झूमर, सारी फसलें, सब्जियां, हल, ट्रैक्टर, गहने, सोना चांदी के आभूषण, चमचमाती मनमोहिनी लाइटें,, गुफायें, हीरे मोती, सुई धागा, कपड़े, साडी, ब्लाऊज, तख्तो ताज, पंखे, एसी, कूलर, बिजली, गैस के चूल्हे आदि आदि हजारों हजार चीजें, दुनिया भर के मजदूरों, किसानों और मेहनतकशों ने ही तो बनाये हैं। इस पूरी दुनिया को प्रकृति के बाद, हम सब मेहनतकशों किसानों और मजदूरों ने ही तो सजाया और संवारा है।

जब से मजदूर वर्ग पैदा हुआ है तभी से उसे उसकी बुनियादी समस्याओं से मुक्ति नहीं मिली थी। जमींदार और सामंत उनका लगातार शोषण करते रहे थे। इसके बाद 1789 में फ्रांसीसी क्रांति हुई जिसने पूंजीवादी व्यवस्था को जन्म दिया। इस व्यवस्था के शासकों से उम्मीद की गई थी कि मजदूरों को उनके कानूनी हक दिए जाएंगे, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ और पूंजीपति कारखानेदार भी मजदूरों का उसी तरह मनमाना शोषण करते रहे। इस शोषण से परेशान होकर मजदूरों ने प्रतिदिन 8 घंटे के काम की मांग उठाई और यह मांग धीरे-धीरे दुनिया के सारे मजदूरों में फैलती चली गई।

मजदूरों के सबसे बड़े त्यौहार यानी मई दिवस का संक्षिप्त इतिहास इस प्रकार है, दुनिया के पश्चिमी देशों के कारखानों के मजदूर सन 1800 से ही 8 घंटे की मांग करते चले आ रहे थे। इसको लेकर लगातार आंदोलन होते रहे और 8 घंटे का कार्य दिवस करने की मांग जारी रही। सबसे बड़ा प्रदर्शन 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो में हुआ जिसमें 90,000 श्रमिकों ने भाग लिया। आंदोलन लगातार जारी रहा। 3 मई तक जारी इस आंदोलन में 65000 और मजदूरों ने भाग लिया। इसी बीच अमेरिका के शिकागो शहर में हे-मार्केट की बड़ी घटना हुई जिसके फलस्वरूप कई लोग पुलिस की गोली में मारे गए और सैकड़ों मजदूर घायल हुए। इसी आंदोलन के सबसे अग्रणी नेताओं स्पाइस, फील्डेन, स्विस, फिशर, एंजेल, लुईस और आस्कर पिरान्हा पर मुकदमे चले और मजदूर वर्ग के चोटी के इन नेताओं को फांसी पर




चढ़ा दिया गया। इसके बाद भी यह आंदोलन लगातार जारी रहा। 1 मई 1890 से मई दिवस ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का रूप ले लिया। 1891 में रूस में मई दिवस मनाया गया। मई दिवस का यह आंदोलन धीरे-धीरे दुनिया के विभिन्न शहरों में जारी रहा। 1890 में मई दिवस की आठ घंटे कार्य दिवस की मांग के साथ साथ और भी कई मांगें जोडी गई जैसे, मजदूरों की काम करने की दशाओं में महत्वपूर्ण सुधार, पूरी दुनिया के देशों के बीच में शांति और मैत्री और अवसरवादी और भ्रष्टाचारी मजदूर नेताओं की कार्यप्रणाली का भंडाफोड़ दिवस।

मई दिवस यानी मजदूर दिवस के बारे में क्रांतिकारी कार्ल मार्क्स के अभिन्न मित्र वैज्ञानिक समाजवाद के प्रणेता फ्रेडरिक एंगेल्स का कहना था कि मजदूरों का कार्य दिवस आठ घंटे का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मई दिवस दुनिया के पूंजीपतियों और जमीदारों के खिलाफ एक निश्चित उद्देश्य का दिन है, यह वर्ग विभाजन के खात्मे और सामाजिक परिवर्तन का दिन है। यह समस्त राष्ट्रों की एकता का दिन है। यह मजदूरों की लड़ाकू इच्छा के प्रदर्शन का दिन है, जो गुलामी और पूंजीपतियों की शोषणकारी व्यवस्था के खात्मे की बात करता है। मई दिवस यानी मजदूर दिवस के बारे में 1917 की रुसी समाजवादी क्रांति के महान नेता लेनिन का कहना था कि मई दिवस प्रदर्शन और संघर्ष का दिन है। यह मजदूरों की विजय प्राप्ति के लेखे जोखे के प्रदर्शन का दिन है। यह मेहनतकशों के भविष्य के संघर्ष की योजना का दिन है और मई दिवस मजदूरों के मजदूरों के 8 घंटे काम का दिन, 8 घंटे विश्राम और 8 घंटे मनोरंजन की व्यवस्था निश्चित करने का दिन है। यह दिन राजनीतिक स्वतंत्रता का दिन है और यह समाजवादी संघर्ष की शुरुआत का दिन है। यह किसी एक व्यक्तिगत सेवायोजक के खिलाफ नहीं, बल्कि सेवायोजकों और सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष का दिन है। यह सामाजिक और राजनीतिक क्रांति का दिन है। यह हड़ताल, प्रदर्शन, जुलूस निकालने, क्रांतिकारी भाषण करने और शोषण के प्रति गुस्सा प्रकट करने और शोषणकारी व्यवस्था को खत्म करने की शपथ लेने का दिन है। यह छुट्टी मनाने का दिन नहीं है। इस क्रांतिकारी दिवस यानी मई दिवस के संघर्ष के क्रांतिकारी नारे इस प्रकार हैं, 1.दुनिया के मजदूरों एक हो, 2.तमाम मेहनतकशों पर पुलिस दमन बंद करो, 3.साम्राज्यवादी व्यवस्था बर्बाद हो, 4.मजदूरों पर पुलिस जुल्म बंद करो, 5.समाजवाद जिंदाबाद।

1917 में जब रूसी क्रांति हुई और किसानों मजदूरों का राज्य कायम हुआ तो उसने सबसे पहले मई दिवस की समस्त मांगों को मान लिया। 1917 की रूसी क्रांति ने मजदूर दिवस की उन सब मांगों को मानव इतिहास में सबसे पहले बार स्वीकार कर लिया जिसमें 8 घंटे का काम, 8 घंटे विश्राम और 8 घंटे मनोरंजन का अधिकार, नियुक्ति पत्र, वेतन पर्ची, डबल ओवरटाइम, नियमित प्रोमोशन, महिलाओं और पुरुष मजदूरों को बराबर वेतन, समान काम का समान वेतन, महिलाओं को मातृत्व अवकाश की सवेतन छुट्टियां, साप्ताहिक छुट्टी, काम के दौरान हुई दुर्घटना होने पर मुआवजा, प्रोविडेंट फंड, ईएसआई सुविधाएं, बुढ़ापा पेंशन जैसी समस्त मांगे स्वीकार कर ली गईं। इसके बाद भी मजदूर दिवस आंदोलन पूरी दुनिया में जारी रहा। अमेरिका, इंग्लैंड, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के देशों में यह प्रतिवर्ष मनाया जाता रहा। 1920 में चीन में मजदूर दिवस मनाया गया। 1927 के को भारत के कलकत्ता, मद्रास और मुंबई में मजदूर दिवस मनाया गया। यह मजदूर दिवस 1 मई को पूरी दुनिया के पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। शुरूआत में मई दिवस 8 घंटे के कार्य दिवस के कार्य दिवस की मांग को लेकर मनाया जाता था।

# आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित किया

**छह वर्ष की अवस्था में ही ये प्रकांड पंडित हो गए थे और आठ वर्ष की अवस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने के समय की कथा बड़ी विचित्र है। कहते हैं, माता एकमात्र पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं दे रही थीं। तब एक दिन नदी किनारे एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब इस वक्त का फायदा उठाते हुए शंकराचार्यजी ने अपने माँ से कहा 'माँ मुझे संन्यास लेने की आज्ञा दो, अन्यथा यह मगरमच्छ मुझे खा जायेगां।' इससे भयभीत होकर माता ने तुरंत इन्हें संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान की; और आश्चर्य की बात है कि जैसे ही माता ने आज्ञा दी वैसे ही तुरन्त मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर छोड़ दिया। इन्होंने गोविन्द नाथ से संन्यास ग्रहण किया, जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए।**



ललित गर्ग

महापुरुषों की कीर्ति युग-युगों तक स्थापित रहती। उनका लोकहितकारी चिंतन, दर्शन एवं कर्तृत्व कालजयी होता है, सार्वभौमिक, सार्वदैशिक एवं सार्वकालिक होता है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता हैं। आदि शंकराचार्य हमारे ऐसे ही एक प्रकाशस्तंभ हैं जिन्होंने एक महान हिंदू धर्माचार्य, दार्शनिक, गुरु, योगी, धर्मप्रवर्तक और संन्यासी के रूप में 8वीं शताब्दी में अद्वैत वेदांत दर्शन का प्रचार किया था। हिन्दुओं को संगठित किया। उन्होंने चार मठों की स्थापना की, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य हिंदू धर्म में एक विशेष स्थान रखते हैं, उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करने का अर्थ है उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना। उनके लिये इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय है। उन्हें हम धर्मक्रांति एवं समाज-क्रांति का सूत्रधार कह सकते हैं। अपने जन्मकाल से ही शिशु शंकराचार्य के मस्तक पर चक्र का चिन्ह, ललाट पर तीसरे नेत्र तथा कंधे पर त्रिशूल जैसी आकृति अंकित थी, इसी कारण आदि शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें साक्षात् दर्शन देकर अंध-विश्वास, रूढ़ियों, अज्ञानता एवं पाखण्ड के विरूद्ध जनजागृति का अभियान चलाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। उन्होंने नए ढंग से हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को सनातन धर्म का सही एवं वास्तविक अर्थ समझाया।

आदि शंकराचार्य के अनूठे प्रयासों से ही आज हिन्दू धर्म बचा हुआ है एवं सनातन धर्म परचम फहरा रहा है। शंकराचार्य ने अपने 32 वर्ष के अल्प जीवन में ही पूरे भारत की तीन बार पदयात्रा की और अपनी अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति और संगठन कौशल से उस समय के 72 संप्रदायों तथा 80 से अधिक राज्यों में बंटे इस देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में इस प्रकार बांधा कि यह शताब्दियों तक विदेशी आक्रमणकारियों से स्वयं को बचा सका और अखण्ड बना रहा। ऐसे दिव्य एवं अलौकिक संत पुरुष का जन्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आठवीं सदी में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। बहुत दिन तक सपत्नीक शिव की आराधना करने के अनंतर शिवगुरु ने पुत्र-रत्न पाया था, अतः उसका नाम शंकर रखा। जब ये तीन ही वर्ष के थे तब इनके पिता का देहांत हो गया। ये बड़े ही मेधावी तथा प्रतिभाशाली थे। छह वर्ष की अवस्था में ही ये प्रकांड पंडित हो गए थे और आठ वर्ष की अवस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने के समय की कथा बड़ी विचित्र है। कहते हैं, माता एकमात्र

**आदि शंकराचार्य जयन्ती**



पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं दे रही थीं। तब एक दिन नदी किनारे एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब इस वक्त का फायदा उठाते हुए शंकराचार्यजी ने अपने माँ से कहा 'माँ मुझे संन्यास लेने की आज्ञा दो, अन्यथा यह मगरमच्छ मुझे खा जायेगां।' इससे भयभीत होकर माता ने तुरंत इन्हें संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान की; और आश्चर्य की बात है कि जैसे ही माता ने आज्ञा दी वैसे ही तुरन्त मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर छोड़ दिया। इन्होंने गोविन्द नाथ से संन्यास ग्रहण किया, जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए।

आदि शंकराचार्य ने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धांत और हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अनूठा एवं ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्राथमिकता से स्थापित किया। उन्होंने धर्म के नाम पर फैलाई जा रही तरह-तरह की भ्रांतियों को मिटाने का काम किया। सदियों तक पंडितों द्वारा लोगों को शास्त्रों के नाम पर जो गलत शिक्षा दी जा रही थी, उसके स्थान पर सही शिक्षा देने का कार्य आदि शंकराचार्य ने ही किया। आज शंकराचार्य को एक उपाधि के रूप में देखा जाता है, जो समय-समय पर एक योग्य व्यक्ति को सौंपी जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य ने हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए चार अगल दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर लिखी हुई इनकी टीकाएँ बहुत प्रसिद्ध हैं। इन्होंने अनेक विधर्मियों को भी अपने धर्म में दीक्षित किया था। इन्होंने ब्रह्मसूत्रों की बड़ी ही विशद और रोचक व्याख्या की है।

आदि शंकराचार्य ने हिन्दुओं को संगठित करने के लिए सबसे पहले दक्षिण दिशा में तुंगभद्रा नदी के तट पर श्रृंगेरी मठ की स्थापना की। यहां के देवता आदिवाराह, देवी शारदाम्बा, वेद यजुर्वेद और महावाक्य 'अहं ब्रह्मस्मि' है। सुरेश्वराचार्य को मठ का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके बाद उन्होंने उत्तर दिशा में अलकनंदा नदी के तट पर बद्रिकाश्रम (बद्रीनाथ) के पास ज्योतिर्मठ की स्थापना की जिसके देवता श्रीमन्नारायण तथा देवी श्रीपूर्णगिरि हैं। यहां के संप्रदाय का नाम आनंदवार, वेद अर्थवेद तथा महावाक्य 'अयमात्मा ब्रह्म' है। मठ का अध्यक्ष तोटकाचार्य को बनाया। पश्चिम में उन्होंने द्वारकापुरी में शारदा मठ की स्थापना की जहां के देवता सिद्धेश्वर, देवी भद्रकाली, वेद, सामवेद और महावाक्य 'तत्वमसि' है। इस मठ का अध्यक्ष हस्तमानवाचार्य को बनाया। उधर पूर्व दिशा में जगन्नाथ मठ, जहां की देवी विशाला, वेद ऋग्वेद और महावाक्य 'प्रज्ञान ब्रह्म' है। यहां उन्होंने हस्तामलकाचार्य को मठ का अध्यक्ष बनाया। इस प्रकार शंकाराचार्य ने अपने सांगठनिक कौशल से संपूर्ण भारत को धर्म एवं संस्कृति के अटूट बंधन में बांधकर विभिन्न मत-मतांतरों के माध्यम से सामंजस्य स्थापित किया।

आठ वर्ष की आयु में चारों वेदों में निष्णात हो गए, बारह वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों में पारंगत, सोलह वर्ष की आयु में शांकरभाष्य तथा बत्तीस वर्ष की आयु में शरीर त्याग दिया। ब्रह्मसूत्र के ऊपर शांकरभाष्य की रचना कर विश्व को एक सूत्र में बांधने का प्रयास भी शंकराचार्य के द्वारा किया गया है, जो कि सामान्य मानव से सम्भव नहीं है। शंकराचार्य के दर्शन में सगुण ब्रह्म तथा निर्गुण ब्रह्म दोनों का हम दर्शन कर सकते हैं। निर्गुण ब्रह्म उनका निराकार ईश्वर है तथा सगुण ब्रह्म साकार ईश्वर है। जीव अज्ञान व्यष्टि की उपाधि से युक्त है। तत्त्वमसि तुम ही ब्रह्म हो; अहं ब्रह्मास्मि मैं ही ब्रह्म हूं; अयामात्मा ब्रह्म यह आत्मा ही ब्रह्म है; इन बृहदारण्यकोपनिषद् तथा छान्दोग्योपनिषद वाक्यों के द्वारा इस जीवात्मा को निराकार ब्रह्म से अभिन्न स्थापित करने का प्रयत्न शंकराचार्यजी ने किया है। ब्रह्म को जगत् के उत्पत्ति, स्थिति तथा प्रलय का निमित्त कारण बताया हैं। ब्रह्म सत् (त्रिकालाबाधित) नित्य, चैतन्यस्वरूप तथा आनंद स्वरूप है। ऐसा उन्होंने स्वीकार किया है।

# भारत के लिये स्थाई सिरदर्द बन चुका आतंक पोषक पाकिस्तान

**पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी भी है और पनाहगाह भी। ग़ौरतलब है कि स्काई न्यूज़ के संवाददाता ने पहलगाम में आतंकी हमले के सन्दर्भ में जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ से पूछा कि- क्या आप मानते हैं कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? तो ख़्वाजा आसिफ़ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें हर तरह से समर्थन करता रहा है।**



तनवीर जाफ़री

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए बर्बरतापूर्ण व अमानवीय आतंकी हमले को देश जल्दी भुला नहीं पायेगा। इसमें 27 बेगुनाहों की जान चली गई जिनमें अधिकांश देश के विभिन्न राज्यों से आये हुये पर्यटक शामिल थे। इस अमानवीय घटना की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है। इस घटना के बाद राजनीति,भारतीय मीडिया,सोशल मीडिया, पक्ष और विपक्ष से जुड़े कई ऐसे पहलू थे जिनपर चर्चा होनी स्वभाविक थी और वह हुई भी। जैसे इस त्रासदी को मुख्य धारा के कहे जाने वाले टी वी चैनल्स ने एक बार फिर 'एजेंडा रिपोर्टिंग' की तर्ज़ पर पेश कर देश में विभाजनकारी माहौल बनाने की पूरी कोशिश की। और इस आतंकी हमले को हिंदू बनाम मुस्लिम के रूप में पेश करने का भरसक प्रयास किया। इन टी वी चैनल्स को हमले के बाद कश्मीर सहित पूरे देश में इस हमले के विरुद्ध उपजी सहानुभूति, एकजुटता, पर्यटकों को बचाने, उन्हें पनाह देने व आतंकियों का बहादुरी से मुक़ाबला करते हुये स्थानीय कश्मीरी की जान देने व पर्यटकों के प्रति मानवता से पेश आने के दृश्य नज़र नहीं नज़र आये। न ही सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही न ही आपदा में अवसर ढूंढने वाली विमानन कंपनियों द्वारा आतंकी हमले की दहशत के परिणामस्वरूप पर्यटकों की वापसी की भारी भीड़ को देखते हुये उनसे आठ से दस गुना तक अधिक किराया वसूल किया जाना दिखाई दिया।

बहरहाल 22 अप्रैल से लेकर अब तक इस विषय को लेकर दोनों देशों की ओर से कई क़दम उठाये जा चुके हैं। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध जो अहम फ़ैसले लिए हैं उनमें मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान के बीच हुये सिंधु जल समझौते को स्थगित करना,अटारी बॉर्डर को बंद करना,भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इसी मार्ग से लौटने के लिए 1 मई तक की समय सीमा निर्धारित करना, पाकिस्तानी नागरिकों को भारत का वीज़ा न देना,भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय देना, सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीज़ा रद्द करना, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफ़ेन्स एडवाइज़र्स को भारत छोड़ने के लिए एक हफ़्ते का समय देना, तथा दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 तक किया जाना शामिल है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत के विरुद्ध कई फ़ैसले लिये हैं जिनमें भारत के साथ हुआ शिमला समझौता स्थगित करना,वाघा बॉर्डर से व्यापार पूरी तरह बंद करना,30 अप्रैल तक जिन लोगों ने वैध काग़ज़ों के साथ इस रास्ते से पाकिस्तान प्रवेश किया है, उन्हें वापस लौटने का निर्देश देना,सार्क वीज़ा छूट योजना के तहत




भारतीय नागरिकों को दी गई वीज़ा छूट खत्म करना (सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर), भारतीय हाई कमीशन में काम कर रहे सैन्य सलाहकारों डिफ़ेंस, नेवी और एयर अटैची को अवांछित व्यक्ति (persona non grata) घोषित करना और उन्हें व उनके सहायक स्टाफ़ को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश देना,इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या घटाकर 30 करना,पाकिस्तानी एयरस्पेस को अब भारतीय स्वामित्व या संचालन वाली सभी एयरलाइंस के लिए बंद करना तथा हर प्रकार का व्यापार चाहे वह सीधे भारत से हो या किसी तीसरे देश के ज़रिए, तत्काल प्रभाव से बंद कर देना जैसी घोषणायें शामिल हैं।

उधर दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध उठाये जा रहे इन क़दमों के बीच पाकिस्तान की ओर से की गयी एक ऐसी स्वीकारोक्ति ने भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध लगभग चार दशकों से लगाये जा रहे इन आरोपों को सच साबित कर दिया है कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी भी है और पनाहगाह भी। ग़ौरतलब है कि स्काई न्यूज़ के संवाददाता ने पहलगाम में आतंकी हमले के सन्दर्भ में जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ से पूछा कि- क्या आप मानते हैं कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? तो ख़्वाजा आसिफ़ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें हर तरह से समर्थन करता रहा है। ख़्वाजा आसिफ़ ने एक बातचीत के दौरान कहा कि - हम अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए क़रीब तीन दशकों से यह गंदा काम कर रहे हैं। इसे दूसरे शब्दों में कहा जाये तो पाकिस्तान अमेरिका व ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों की कठपुतली बनकर आतंकवाद की पनाहगाह व आतंकवादियों का मुख्य उत्पादक देश बना हुआ है। रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ ने यह भी कहा कि -यदि हम सोवियत संघ के विरुद्ध युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग़ होता। परन्तु सच पूछिये तो धर्म के आधार पर भारत से विभाजित होकर 1947 में ही अलग अस्तित्व में आने वाले पाकिस्तान में शुरू से ही अधर्म,ज़ोर ज़बरदस्ती, कट्टरपंथ, हिंसा व आतंकवाद का बोल बाला रहा है। और समय के साथ से यह और भी बढ़ता ही गया है। पाकिस्तानी नेताओं व शासकों द्वारा पोषित व प्रायोजित आतंकवाद का पहला निशाना तो पूर्वी पाकिस्तान (तत्कालीन) के लोग ही बने। बड़े पैमाने पर हत्यायें बलात्कार क्या नहीं किया गया बंगाली मुसलमानों के साथ ? तब कहाँ चला गया था इनका इस्लामी राष्ट्र? क्यों 24 वर्षों में ही पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश वजूद में आया? उसके बाद पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं,सिखों,शिया व अहमदिया मुसलमानों पर अत्याचार करने व उनकी हत्याओं का सिलसिला भी कोई केवल तीन दशक की कहानी नहीं है बल्कि यह सब घिनौनी हरकतें पाकिस्तान के वजूद में आते ही शुरू हो गयी थीं। स्वयं राष्ट्रपति ज़ियाउलहक़ के दौर में पाकिस्तान में कट्टरपंथ व आतंकवाद ख़ूब फला फूला। इसी पाकिस्तान में धर्म के नाम पर आत्मघातियों की भर्ती की गयी जिन्होंने मस्जिदों, दरगाहों, इमाम बारगाहों व अनेक धार्मिक जुलूसों में अब तक हज़ारों लोग मारे। उसके बाद इसी पाकिस्तान ने तालिबानों को शुरूआती दौर में पूरा संरक्षण दिया। उनके कार्यालय तक खोले गये और ओसामा बिन लादेन व मुल्ला उमर के समय में तालिबानी प्रवक्ता पाकिस्तान में बैठकर पत्रकार वार्ता करता तथा तालिबानी नीतियों को सार्वजनिक करता था। अफ़ग़ानिस्तान की कट्टरपंथी तालिबानी सरकार को मान्यता देने वाला पहला देश पाकिस्तान ही था। पाकिस्तान में पोषित तालिबानी ही आगे चलकर कट्टरपंथी व आतंकी गिरोह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के नाम से जाने गये।

## नेशनल हाई-वे पर अवैध कट को तत्काल करें बंद

**ललितपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की चतुर्थ बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने 24 मार्च 2025 को आहूत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। अध्यक्ष ने मार्च 2025 तक घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी। डीएम ने लोक निर्माण विभाग एवं एन.एच.ए.आई. के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त ब्लैक स्पॉट पर आगामी बैठक से पूर्व सुरक्षात्मक कार्य कराये जाने एवं प्रत्येक ब्लैक स्पॉट की फोटो उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अध्यक्ष ने एन.एच.ए.आई. द्वारा कराये गये रोड सेफ्टी के कार्यों की प्रगति से प्रतिमाह अवगत कराने के साथ वैध कट एवं अवैध कट की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा तदानुसार अवैध कट बंद करने हेतु निर्देशित किया। एन.एच. 44 से मिलने वाले एस.एच. /एम.डी.आर./ ओ.डी.आर. के जंक्शन स्थल की सूची उपलब्ध कराने हेतु एन.एच.ए.आई./अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया।

## मजदूर मजबूर नहीं है, वह मजबूत है, हिम्मत और शक्ति से भरपूर है : बीके मायारानी

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। जिसमें राजयोगिनी मायारानी दीदी ने बताया कि यह विद्यालय समाज के हर वर्ग की सेवाएं करता है। सभी को श्रेष्ठ जीवन के निर्माण की दिशा प्रदान करने का कार्य पिछले 89 वर्षो से करता आ रहा है। आज वरदानी भवन ललितपुर से 1 मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शहर में आए मजदूरों को आत्मभाव से सम्माननीय भाव रखते हुए उन्हें आज के दिन का महत्व बताया गया कि यह दिन आपसी संगठन की एकता बनाए रखने में हमारे संगठन की भलाई है। आज राष्ट्र के निर्माण में मजदूरों का श्रम सबसे बड़ा योगदान है, ऐसा कोई निर्माण नहीं हो सकता। जिसकी नींव से लेकर मीनार तक मजदूरों का खून पसीना बनकर बहता है। तब कहीं हम पूरा निर्माण देख सकते हैं तो चाहे प्लान कोई बनाए, पैसा कोई लगाए पर मेहनत श्रम तो आप सबका ही लगता है। तब वह कागज पर बना प्लान प्रैक्टिकल रूप ले पाता है। तो आप ही इंजीनियर के हाथ-पांव और शक्ति हो, जिसके दम पर वह प्लान बनाते हैं तो मजदूर किसी भी रूप से मजबूर नहीं है पर, वह मजबूत है हिम्मत और शक्ति से भरपूर है। आप समाज के ढांचे को आकार देने का कार्य करते हो और सदियों से कार्य करने वाले हर कामगार को एक मजबूत हाथ चाहिए। वह आप मजदूर हो। ब्रह्माकुमारीज आपको यही समझाने की कोशिश कर रहा है कि बदलते परिवेश में जो हर कार्य में कार्य करने वाले का कामगार की सोच के चलते बदलाव आया है। जोश आंकलन से मालूम होता है। वह ग्राफ गिरावट दिखाई देता है तो इसे ठीक करने की आवश्यकता है। और यह ग्राफ ऊंचाई को प्राप्त होगा। जब हम अपने सोच में मूल्यों को यानी गुणों को स्थान देंगे। ईमानदारी, सच्चाई, कर्म निष्ठा, कार्यशैली में उत्कृष्टता तभी संभव है। इससे ही जीवन में खुशी, शांति, प्रेम, सद्भावनाएं आएंगी। जो भी काम हम जीवन में करें चाहे अपने लिए या किसी का भी करें, पर अपनी ईमानदारी से करें। इससे दुआएं मिलती हैं। दुआओं से कमाएं गये धन से खुशी मिलती है। और धन का सदुपयोग करें, धन का दुरुपयोग ना करें।

## 22वां दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतिस्पर्धा संपन्न

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ - अनुसंधान संस्थान, मथुरा, उत्तर प्रदेश का 22वां, दो दिवसीय वार्षिक स्पर्धात्मक खेल-कूद सम्मेलन का आयोजन दिनांक 29 और 30 अप्रैल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण कुमार मदान के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट के उपरांत, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. मदान द्वारा ध्वजारोहण तथा कपोत उड़कर किया गया। मुख्य अतिथि ने समस्त खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए स्पर्धाओं को जीतने की शपथ दिलाई । विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. देश दीपक सिंह ने बताया कि खेल-कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएं जैसे 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर दौड़; डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, शॉट पुट, ट्रिपल जंप, जैवलिन थ्रो आदि के साथ-साथ पारंपरिक खेलों जैसे स्लो साइकिल रेस, म्यूजिकल चेयर और रास्ताकशी का आयोजन प्रभारी छात्र कल्याण, डॉ. रजनीश द्वारा कराया गया।

## सरकार किसी सम्प्रदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि पारदर्शिता के पक्ष में है : श्रीकांत

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को लेकर उठ रहे विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक विमर्शों के बीच मथुरा जिला महानगर द्वारा गुरुवार को कृष्णापुरी तिराहा स्थित माधव मुस्कान होटल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता के मुख्य वक्ता रहे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा व महानगर जिला अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव ने अधिनियम के विभिन्न पहलुओं को स्पष्ट करते हुए पत्रकारों से खुलकर संवाद किया।

विधायक श्रीकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाना, दुरुपयोग पर रोक लगाना और सभी नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को लेकर कुछ वर्गों में जो भ्रांतियाँ फैलाई जा रही हैं, वे तथ्यहीन और भ्रामक हैं। यह कानून किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य है कि वक्फ बोर्ड जैसे संवेदनशील संस्थानों में जवाबदेही और पारदर्शिता लाई जाए, उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि अनेक वर्षों से वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग, गैरकानूनी कब्जों और अवैध लाभ के मामले सामने आते रहे हैं। ऐसे में यह संशोधन आवश्यक हो गया था ताकि वक्फ बोर्ड अपने उत्तरदायित्वों का पालन सही ढंग से कर सके और जनता की आस्था के साथ न्याय हो सके।

प्रेस वार्ता के दौरान श्री शर्मा ने मीडिया के सवालों का जवाब भी आत्मविश्वास के साथ दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के लिए समान दृष्टिकोण रखती है और संविधान के दायरे में रहकर ही सभी निर्णय लिए जा रहे हैं। यह विधेयक महिलाओं को न केवल उत्तराधिकार में उचित स्थान देने की बात करता है, बल्कि उनके लिए वक्फ संपत्ति के लाभों तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के प्रावधान भी लाता है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा मथुरा महानगर अध्यक्ष हरि शंकर राज यादव ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत सभी संस्थाओं को जवाबदेह बनाया जाना आवश्यक है, चाहे वे किसी भी धार्मिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़ी हों। उन्होंने कहा, देश में कानून का शासन है और हर संस्था को संविधान के दायरे में कार्य करना चाहिए।

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस भट्टा मजदूरों को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

■ वस्तुओं का प्रबंधन भी मालिकों के द्वारा किया जाना आवश्यक

**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की अवसर पर श्रम विभाग एवं समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा ईट भट्ठा मजदूरों को उनके हित में विभिन्न श्रम कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया इसी के साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताया गया तथा कार्य स्थल पर मालिकों के द्वारा कौन-कौन सी आवश्यक सुविधाएं दी जानी चाहिए इसके लिए भी उन्हें अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त एम एल पाल ने उपस्थित विभिन्न ईट भट्टों पर कार्य करने वाले मजदूरों को संबोधित करते हुए बताया मजदूरों को उनका हक दिलवाने के लिए दर्जनों भर श्रम कानून देशभर में लागू है यदि कोई सेवायोजक किसी मजदूर को निर्धारित समय से अधिक कार्य करवाता है तो उसका अतिरिक्त पैसा दिया जाने का प्रावधान है कोई मालिक मजदूर को पैसा नहीं देता है उसके लिए भी कानून में व्यवस्था है मौसम के अनुकूल जीवन उपयोगी वस्तुओं का प्रबंधन भी मालिकों के द्वारा किया जाना आवश्यक है। इस समय तापमान अधिक होने के कारण मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है इन परिस्थितियों से सामना करने के लिए ईट भट्ठा मजदूरों को एवं अन्य मजदूरों को कार्य स्थल पर ठंडे पानी और छाया का प्रबंध आवश्यक है स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन का पालन करते हुए जीवन उपयोगी प्राथमिक उपचार के लिए पर्याप्त दवाइयां का भंडारण कार्य एवं स्थल पर होना आवश्यक है। अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रम अधिकारियों और समाजसेवी लोगों के द्वारा नौहझील मथुरा मे ईट भट्ठे पर कार्यरत श्रमिकों को श्रम कानूनों के बारे में जानकारी दी गई।

## आईएससी टॉपर्स ने निकाला 'विक्ट्री मार्च'

### कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने किया सीएमएस टॉपर्स का सम्मान

अवधनामा संवाददाता



■ आई.एस.सी. (कक्षा-12) में 46 छात्रों के 99 प्रतिशत से अधिक जबकि 8 छात्रों के 99.75 प्रतिशत अंक

**लखनऊ।** आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा में 90 से प्रतिशत से लेकर 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर अभूतपूर्व सफलता का परचम लहराने वाले सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 2144 मेधावी छात्रों को आज मुख्य अतिथि श्री नंद गोपाल नंदी, कैबिनेट मंत्री, औद्योगिक विकास, उ.प्र. ने सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया। सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में आई.एस.सी. (कक्षा-12) में 99.75 प्रतिशत अंको के साथ टॉप करने वाले 8 मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया, जिनमें वेदिका वत्स, त्वेशा गर्ग, समर्थ द्विवेदी, प्रणव सूरी, आशीष शुक्ला, श्रेया वर्मा, गौरिका लूथरा एवं आरुषी सिंह चौहान शामिल हैं। इस अवसर पर मेधावी छात्रों की माताजी को फलों व फूलों से तौलकर एवं पिताजी व शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 46 मेधावी छात्रों के साथ ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले सभी 2144 छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री नंदी गोपाल नंदी ने कहा कि सी.एम.एस. के मेधावी छात्र बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता से लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। मैं इन मेधावी छात्रों के साथ ही सी.एम.एस. शिक्षकों को भी बधाई देता हूँ, क्योंकि छात्रों की इस सफलता में सी.एम.एस. के शिक्षकों का विशेष योगदान है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. छात्रों की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्रों अपनी अभूतपूर्व सफलता से लखनऊ का नाम पूरे देश में रोशन किया है। यही बच्चे आगे चलकर सामाजिक विकास में महती भूमिका निभायेंगे। सम्मान समारोह के उपरान्त आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने बताया कि आई.एस.सी. एवं आई.सी.एस.ई. बोर्ड परीक्षाओं में इस वर्ष सी.एम.एस. के 72 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसमें 46 छात्र आई.एस.सी. (कक्षा-12) के एवं 26 छात्र आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) के शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वोदय विद्यालयों के सम्बन्ध में सीडीओ ने की बैठक



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** आज मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित दोनों विद्यालयों में भोजन पकाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को लगाया जाये। इस कार्य हेतु अनुभवी स्वयं सहायता को ही लगाया जाये। समूह की पात्रता व क्रियाशीलता की अच्छी तरह से जाँच की जाये। कार्य देने से पूर्व समूह की क्षमता का भी आंकलन किया जाये। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत व विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

### दुकान जा रहे व्यापारी को पुलिसकर्मी ने मारा थप्पड़ आक्रोश

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** थाना वृंदावन क्षेत्र में एक व्यापारी को पुलिसकर्मी द्वारा थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। व्यापारी अपनी दुकान पर जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे रोका। जिस पर कहासुनी हुई और पुलिसकर्मी ने थप्पड़ मार दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस के आला अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बुधवार को अक्षय तृतीया पर्व को लेकर पुलिस और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके इसके इंतजाम किए। लेकिन इन व्यवस्थाओं से स्थानीय लोगों को होने वाले परेशानी का ध्यान नहीं रखा स्नेह बिहारी मंदिर के पास दुकान करने वाला व्यापारी विष्णु दुकान पर जा रहा था। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने उसे थप्पड़ मार दिया।

## वैक्सीन से रोकी जाने वाली बीमारियों का होगा डिजिटल सर्विलांस

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रोहताश कुमार ने बताया कि 01 मई से उत्तर प्रदेश सरकार ने यूनीफाईड डिसीज सर्विलांस पोर्टल पर वैक्सीन से रोके जाने वाली बीमारियों का डिजिटल सर्विलांस शुरू किया है। यह पहल रियल टाइम केस रिपोर्टिंग, सटीक और विश्वसनीय डाटा संग्रह को सक्षम करेगी जिससे रोगों/प्रकोपों का शीघ्र पता लगाया जा सकेगा और त्वरित गति से प्रभावी रणनीतियां तैयार कर क्रियान्वयन किया जा सकेगा। वैक्सीन से रोके जा सकने वाली छः बीमारियों पोलियो, खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, पर्तुसिस और टिटनेस का केस बेस्ड सर्विलांस विश्व स्वास्थ्य संगठन के राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग नेटवर्क (एनपीएसएन) के सहयोग से किया जा रहा है। अब पहली बार इस निगरानी को यूडीएसपी (यूनीफाईड डिसीज डिजिटल पोर्टल) में सम्मिलित किया गया है। यह पोर्टल कोविड 19 के समय विकसित किया गया था। अब टीकाकरण से होने वाली बीमारियों से सम्बन्धित डाटा जैसे रिपोर्ट इत्यादि आसानी से इस पोर्टल पर देखी जा सकेगी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ0 सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सन् 2023 में यूडीएसपी पोर्टल लांच किया गया था, अब तक इस पोर्टल पर साठ लाख से अधिक टेस्ट रिपोर्ट दर्ज किये गये हैं और इससे हमें डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम एवं सुधारात्मक कार्यवाही करने में सहायता मिलती है। हमने इस पोर्टल को राष्ट्रीय पोर्टलों के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया है। इससे केंद्र सरकार के साथ निर्बाध रूप से डाटा साझा करना संभव हो गया है। अब राष्ट्रीय टीकाकरण से रोकी जा सकने वाली छः बीमारियों का रियल टाइम डाटा पोर्टल पर देखा जा सकेगा, जो राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम को और मजबूत करेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ आरके सिंह ने कहा इस पोर्टल से टीकाकरण कवरेज में गैप की पहचान करने, बीमारियों के पैटर्न की पहचान करने जैसी मूल्यवान जानकारी प्राप्त होगी जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सम्बन्धी त्वरित कार्यवाई संभव होगी।

## रामजीलाल सुमन हमले को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद राज्यसभा रामजीलाल सुमन को करणी सेना द्वारा उनके घर पर जानलेवा हमला किया गया और उन्हें निरंतर जान से मारने की धमकी दी जा रही है, बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेना द्वारा कायरना हमला किया गया। जिसमें कुछ वाहन क्षतिग्रस्त भी हुए कुछ लोगों को चोटें भी आई ऐसे अराजक तत्वों के विरुद्ध प्रशासन व सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है इससे सरकार की दलित विरोधी मानसिकता उजागर हो रही है।

समाजवादी पार्टी मथुरा-वृंदावन महानगर के समस्त प्रकोष्ठों के नेतृत्व में समाजवादियों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम उपजिलाधिकारी नरेंद्र यादव जी को ज्ञापन सौंपा, साथ ही समाजवादियों ने करणी सेना के अराजक तत्वों के खिलाफ कढ़ी कार्रवाई करने एवं सांसद रामजीलाल सुमन जी की सुरक्षा देने की मांग की इस दौरान मनोज कुमार यादव एडवोकेट, संदीप कुमार चौधरी एडवोकेट अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष सपा, देवेंद्र निषाद, देवकीनंदन कश्यप पार्षद पिछडा वर्ग महानगर अध्यक्ष सपा, विधानसभा अध्यक्ष बल्लभभाई कुशवाहा, समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष शबनम कुरैशी, लुकेश कुमार राही, रणबीर धनगर, मनीष आजाद अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष, बशीर खान अल्पसंख्यक सभा प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष, महानगर उपाध्यक्ष सज्जन क्रांति, सुरेश यादव दरोगा सैनिक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष, नज़र पहलवान स्पोर्ट विंग महानगर अध्यक्ष, गिर्राज प्रसाद कश्यप पिछड़ा वर्ग महानगर उपाध्यक्ष, मुकेश सैनी महानगर सचिव पिछड़ा वर्ग सपा, पप्पू सलमानी, डॉ राजेश्वरी वर्मा वघेल आदि मौजूद रहे।

## उपभोक्ता परिषद की घेराबंदी काम आई

## असंवैधानिक रूप से नियुक्त ग्रांट थॉर्नटन कंपनी के साथ विद्युत नियामक आयोग की बैठक कैंसिल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाले कंसलटेंट ग्रांट थ्रोनटन की नियामक आयोग के साथ बैठक कराकर उसे पर संवैधानिक आवरण चढ़ाने के मामले मे पावर कॉरपोरेशन व ग्रांट थॉर्नटन कंपनी को बड़ा झटका लगा है नियामक आयोग ने 2 मई को होने वाली बैठक को कैंसिल कर दिया। आयोग की तरफ से इस बात की सूचना ग्रांट थॉर्नटन कंपनी को दे दी गई है। उसके बाद कंसलटेंट कंपनी स्वत पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों के आगे पीछे घूम रहा है कि उसकी मीटिंग कराई जाए।

वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मिलकर एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए कहा बिना विद्युत नियामक आयोग के अनुमति के निजीकरण की कार्यवाही की गई नियामक आयोग को आज तक ना तो सरकार ने ना ही पावर कारपोरेशन ने आधिकारिक रूप से अवगत कराया की दक्षिणांचल पूर्वांचल का निजीकरण हो रहा है जबकि दोनों कंपनियों का वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2025 -26 दाखिल हो चुका है ऐसे में ग्रांट थ्रोनटन कंपनी आयोग को दक्षिणांचल पूर्वांचल के निजीकरण की सूचना देकर कुछ क्रिटिकल इश्यू पर मीटिंग की मांग कर रही है जो पूरी तरह रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का उल्लंघन है उससे बड़ा मामला पावर कारपोरेशन के खिलाफ चलना चाहिए वह असंवैधानिक रूप से नियुक्त कंसल्टेंट की पैरवी कर रहा है जबकि उसे अब तक अमेरिका रेगुलेटर द्वारा लगाए गए पेनल्टी को छुपा कर झूठा शपथ पत्र देने के लिए ब्लैक लिस्ट करके उसकी बैंक गारंटी जपत करके झूठा प्राथमिक की दर्ज करा देना चाहिए था। उसे पर पावर कॉरपोरेशन कार्यवाही करने के बजाय उसको बचाने का प्रयास कर रहा है और इसीलिए नियामक आयोग से मीटिंग फिक्स कराई थी।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहां उपभोक्ता परिषद ने अपने लोकमहतव प्रस्ताव के माध्यम से विद्युत नियामक आयोग को यह भी अवगत कराया की विद्युत नियामक आयोग एक संवैधानिक स्वतंत्र संस्था है जिसके द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 14 व अन्य सुसंगत धाराओं के प्रावधानों का उपयोग करके दक्षिणांचल व पूर्वांचल को वितरण लाइसेंस दिया गया।

## सीडीओ ने दी श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में श्रमिक सम्मान, हितलाभ वितरण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी ने प्रमाण पत्र दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी श्रमिकों की उनके अच्छे कार्य के लिए सराहना की। कार्यक्रम में मनरेगा अंतर्गत 100 दिन का कार्य करने वाले 9 श्रमिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार श्रमिकों के हितार्थ बहुत सी योजनाएं चला रही है। इसमें मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, आपदा राहत सहायता योजना, महात्मा गाँधी पेंशन योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता योजना तथा कौशल विकास तकनीकी उन्नयन योजना जैसी योजनाएँ शामिल हैं। सभी श्रमिक श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करा लें ताकि श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रम कल्याण की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये। श्रमिक सघनता वाले क्षेत्रों में पंजीकरण कराया जाये। विकास खण्डो में भी कैम्प लगाए जाएं। श्रमिको की ओर से सुशील अवस्थी उर्फ़ छोटे महराज ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सत्यवीर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ राम प्रकाश व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पांच एकड़ क्षेत्रफल में बहुमंजिला सर्किट हाउस

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** अब मथुरा में 73.37 करोड़ की लागत से प्रदेश की लखनऊ के पैटर्न पर सर्किट हाउस बनाय जाएगा। करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में तैयार होने वाले इस सर्किट हाउस के डिजायन को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकान्त मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान अंतिम रूप दिया गया है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि यूपी वेटरनेरी यूनिवर्सिटी के फार्म के निकट करीब पांच एकड़ में सर्किट हाउस का निर्माण किया जाना है, पीडब्ल्यूडी ने इस नवीन सर्किट हाउस का प्रजेंटेशन किया।

पीडब्ल्यूड़ी द्वारा प्रस्तुत डिजायन में कुछ संशोधन का सुझाव दिया गया है जिसमें मुख्यद्वार और वीआईपी पार्किंग स्थल शामिल है। पीडब्ल्यूड़ी द्वारा इस सर्किट हाउस का निर्माण किया जाएगा, सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि सर्किट हाउस के डिजायन के अनुसार दो वीवीआईपी और दो वीआईपी सूट्स होंगे, 10 जनरल सूट्स, 18 सिंगल सीटर रूम, 70 सीटर कांफ्रेंस हाल,72 सीटर कैफेटेरिया का निर्माण होगा। टाइप सेकेंड के दो रूम भी बनाए जाएंगे। इनके अलावा तीन मंजिल डॉरमेट्री बनाई जाएगी जिसकी प्रत्येक मंजिल पर 14 रूम होंगे। इस सर्किट हाउस के निर्माण पर 73.37 करोड़ की लागत आएगी।

परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्म स्थली में सर्किट हाउस की आवश्यकता को काफी समय से महसूस किया जा रहा था। इसे देखते हुए पीडब्ल्यूड़ी द्वारा नवीन सर्किट हाउस की डीपीआर तैयार की गई है। मथुरा में बड़ी संख्या में वी वी आई पी, वी आई पी के आने के कारण इसकी काफी जरुरत लम्बे समय से महसूस की जा रही थी।

## मथुरा में कांग्रेस नेताओं पर पुलिस कार्रवाई, हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर और प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के खिलाफ सरकारी कार्य में वादा डालने का मामला सामने आया है। सदर थाने में दोनों नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ सिटी भूषण वर्मा के अनुसार प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद ने अलीगढ़ की एक घटना को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इस मामले में उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। जब जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर को उसकी जानकारी मिली तो वह मंगलवार को अपने साथियों के साथ सिविल लाइन चौकी पहुंचे। कोर्ट जाते समय उन्होंने हंगामा किया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। सिविल लाइन चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार की शिकायत पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर का कहना है।कि पुलिस पीड़ितों की सुनवाई नहीं कर रही है। उनका आरोप है कि प्रदेश प्रवक्ता ने फेसबुक पर भाजपा सरकार की आलोचना की थी। इसी कारण उन्हें शांति भंग में पाबंद कर दिया गया है। विरोध करने पर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी गई। धनगर ने कहा कांग्रेसी कार्यकर्ता गरीब मजदूर और दलितों के सम्मान की लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज मथुरा बंद



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या के विरोध में मथुरा बंद का आह्वान किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर व्यापारी संगठन, बार एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन आदि ने भी इस बंद का समर्थन किया है। गुरुवार की सुबह से ही मथुरा बंद कराने के लिए विहित के कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष के नेतृव में अलग-अलग टोली बनाकर मथुरा की सड़कों पर घूमते नजर आए। बंद का असर रजिस्ट्री ऑफिस पर दिखा रजिस्ट्री ऑफिस में वकीलों ने भी समर्थन किया है। लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापारियों के द्वारा लगातार अपील की जा रही है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध करते हुए बाजार बंद रखें और 26 सैलानियों की मौत हो जाने पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने की बात कही। मथुरा में बजार बंद का असर देखने को मिल रहा है। यहां सुबह से बाजार बंद है। विश्व हिंदू परिषद और व्यापार संगठन से जुड़े पदाधिकारी सुबह से बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर निकले हुए हैं।

# हिंदू जागृति मंच ने श्रमिकों का माल्यार्पण करके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** हिंदू जागृति मंच की ओर से श्रमिक दिवस के अवसर पर 20 श्रमिकों का माल्यार्पण करके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा श्रमिक को हर प्रकार के विकास का आधार बताया गया।

तिरंगा मार्केट में आयोजित श्रमिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेबर इंस्पेक्टर विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक मजदूर को श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करना चाहिए। श्रम विभाग में पंजीकरण से न केवल श्रमिक बल्कि इसका संपूर्ण परिवार सुरक्षित रहता है और किसी भी घटना दुर्घटना होने पर उसके परिवार के सदस्यों का जीवन यापन सरल भी होता है और सुरक्षित भी। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी श्रमिकों को



श्रम विभाग में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हर प्रकार के विकास का आधार श्रमिक ही है। श्रमिक के बिना किसी भी विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।। उन्होंने श्रमिक के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ देने दिलाने की वकालत की। हिंदू जागृति महिला मंच की जिला अध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि श्रमिक का पसीना ऐसे मोती के बिंदुओं के समान है जो हर प्रकार के विकास को जन्म देता हैं। उसे सजाता है। उन्होंने 20 श्रमिकों को माल्यार्पण करके प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया और बताया कि श्रमिक को दीन हीन नहीं समझना चाहिए। समाज में श्रमिक ही ऐसा व्यक्ति है जो हर व्यक्ति की खुशहाली के लिए अपना तन मन जीवन यहां तक कि सर्वस्व न्योछावर कर देता है। उन्होंने हिंदू जागृति मंच द्वारा श्रमिकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर विकास कुमार वर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, आशा गुप्ता, अंकुर रस्तोगी, सुभाष चंद्र मोंगिया, श्याम शरण शर्मा, अरविंद शंकर शुक्ला, अमित शुक्ला, सुभाष चंद्र शर्मा, तिरंगा मार्केट के प्रधान नोमान तथा उप प्रधान दुर्वेश सैनी ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रसिद्ध कवि एवं व्यंग्यकार अतुल कुमार शर्मा ने मजदूर हैं तो सब कुछ है नामक स्वरचित कविता पाठ किया। प्रतीक स्वरूप 20 श्रमिकों को सम्मानित करते हुए हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने मजदूर दिवस को सार्थकता प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू रस्तोगी ने की संचालन ज्योति गुप्ता ने किया।

## मार्ग दुर्घटनाओं में अधेड़ सहित दो घायल

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में एक अधेड़ सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सरकारी अस्पताल द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम काजीपुर निवासी पुत्तीलाल 50 वर्ष पुत्र मथुरा प्रसाद नगर के संडीला मार्ग पर भवानी राइस मिल के निकट मकान बनाकर रहते हैं। वह आज अपने नगर स्थित मकान से पैदल दवा लेने नौनिहाल गंज बाजार आ रहे थे। तभी आज बुधवार की शाम सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने अधेड़ के जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पुत्तीलाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा बुधवार की दोपहर एक अन्य दुर्घटना में नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी शहंशाह खां 31 वर्ष पुत्र सब्बीर खां भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# भाषा विवि में हुआ 'मुझे चुनौतियों पसंद हैं' पुस्तक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में मुझे चुनौतियों पसंद हैं पुस्तक के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय परिसर के अटल सभागार में किया गया। जैसा कि विदित है उत्तर प्रदेश की राज्यपाल कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की पुस्तक का विमोचन अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें निर्देश के क्रम में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के अटल सभागार में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया। मुझे चुनौतियां पसंद हैं पुस्तक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल



के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री का भी सजीव प्रसारण हुआ। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, आदरणीय आनंदीबेन पटेल जी के जीवन वृतांत पर आधारित पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद है का विमोचन भारत गणराज्य के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, योगी आदित्यनाथ एवं अन्य महानुभावों की गरिमामई उपस्थिति में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में हुआ। विमोचन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित सभी मंत्री, अधिकारी और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान प्रो. मसूद आलम, प्रो. चन्दना डे, प्रो. एहतेशाम, प्रो. तनवीर, डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी, उपकुलसचिव मो. साहिल डॉ. मुर्तजा अली, डॉ. सुमन मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

# श्री कल्कि धाम में मासिक सत्संग का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** श्री कल्कि धाम ऐंचोड़ा कम्बोह में आज मासिक सत्संग का आयोजन किया गया, प्रत्येक माह के प्रथम दिवस पर आयोजित होने वाले सत्संग से पूर्व यज्ञ आयोजित किया गया, तत्पश्चात सत्संग में आशीर्वचन करते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि इस पुण्य भूमि पर लगातार दशकों से संतों और भक्तों का समागम हो रहा है। श्री कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि इस संसार में व्यक्ति का संपूर्ण जीवन संबंध-अनुबंध, अपने-पराए की व्याख्या एवं विवेचना में ही बीत रहा है, प्रत्येक व्यक्ति अपने अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करना चाहता है, समाज को अपने हिसाब से ढालना चाहता है, अपने सभी स्वजनों को अपने हिसाब से चलाना चाहता है, यहां तक कि परमपिता परमात्मा से भी व्यक्ति अपनी इच्छानुसार मांगता ही रहता है। इसी में व्यक्ति का जीवन बीत जाता है, यदि व्यक्ति की इच्छानुसार सब घटित होता है तो वह खुशी का अनुभव करता है और यदि इच्छा के विपरीत होता है तो व्यक्ति दुखी हो जाता है, इसी चक्र में जीवन व्यतीत हो जाता है। यदि हम इसमें थोड़ा सा परिवर्तन ले आयें और परिस्थितियों को ईश्वरीय आदेश मानकर हृदय से स्वीकार कर लें तो हमारी सोच ही बदल जाएगी और हमें हरपल सुख का ही अनुभव होगा। आज के सत्संग में आचार्य श्री की दिवंगत बड़ी बहन स्व0 पवित्रा के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गयी विगत 24 अप्रैल को उनकी पुण्यतिथि के पश्चात आयोजित इस मासिक सत्संग में आचार्य श्री ने बहन पवित्रा की ईश्वर के प्रति आस्था को विशेष रूप से स्मरण किया। सत्संग में विशेष रूप से महामंडलेश्वर कल्याण देव, महामंडलेश्वर स्वामी हरमनोजदास महाराज, स्वामी सत्यानंद, आचार्य दुष्यंत शास्त्री, खिलेंद्र सिंह, सुधीर चाहल आदि रहे।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**गजरौला/अमरोहा।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में उच्च शिक्षा में 'बाईनरी मान्यता एवं इमोशनल कान्शियेंट' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि/वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए विख्यात शिक्षाविद एवं संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा राजस्थान के प्रेसिडेंट प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना ने कहा कि बहुत ही शानदार क्रान्तिकारी नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्दर निहित विश्वविद्यालयों एवं उच्च शैक्षिक संस्थानों की गुणवत्ता के नये मापदण्ड 'बाईनरी मान्यता' के लागू हो जाने से जहाँ एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, वही दूसरी ओर देश के दूरदराज के इलाकों एवं ग्रामीण अंचल में स्थापित उच्च शैक्षणिक संस्थानों की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। -श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के आई.क्यू.ए.सी. विभाग की ओर से अटल सभागार में आयोजित 'बाईनरी एक्रीडियेशन एवं इमोशनल कान्शियेंट' विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरी, मुख्य अतिथि संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा राजस्थान के अध्यक्ष



प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक डा. नीतू पंवार आदि ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। एकदिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विख्यात शिक्षाविद एवं संगम विश्वविद्यालय राजस्थान के कुलपति प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना ने कहा कि शानदार नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब उच्च शैक्षणिक संस्थानों को पुराने 'ग्रेडिंग सिस्टम' को खत्म कर नयी 'बाईनरी मान्यता' को लागू किया जा रहा है। जिससे एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, वही देश के दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' (यू.जी.सी.) का अस्तित्व भी खत्म होकर यह 'भारतीय उच्च शिक्षा आयोग' (एच.ई.सी.आई.) में बदल जायेगा, जो शिक्षा में सुधारों के नये मापदण्ड स्थापित करेगा। -इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डा. राजेश सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं निदेशक आई.क्यू.ए.सी. डा. नीतू पंवार, समूह सलाहकार आर.एस.शर्मा, डा. टी.पी. सिंह, डा. सी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. मनीष शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश गुसाई, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. आरती गुप्ता, डा. ज्योति सिंह, डा. शिल्पा रैना, कुमारी स्मिता चंद्रा, डा. विकास पांडे, डा. राम कुमार, डा.प्रिया, प्रान्शुल सेठी, लोकेश गर्ग, अविनाश सिंह, नागेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार, श्रीमती दीक्षा चौहान, कुमारी तनु श्री व्यास, डा. पूर्वा बाला, सुश्री पूजा ठाकुर, कुमारी अंजलि ठाकुर, डा. अमित कुमार, हिमानी चौहान, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, पूजा एरी, हरप्रीत कौर, अखिल कुमार, मारुफ़ चौधरी, विनीत, अजय, प्रितपाल वैद्य एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन देकर अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## गैस रिफिलिंग विक्रेता पर मुकदमा दर्ज कराया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सदर कन्नौज के पूर्ति निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 28 अप्रैल को 04 बजे नगर के मोहल्ला अफ्सरी नंगा पुरवा रोड स्थित दीपक गुप्ता की दुकान पर छापेमारी की। जहां विक्रेता स्वाति गुप्ता पत्नी दीपक गुप्ता एवं ऑटो चालक बकार अहमद पुत्र पहलवान निवासी मोहल्ला मझपुर्वा द्वारा घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर से रिफिलिंग कर कालाबाजारी करते पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की कार्रवाई की है।

## महिला को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली निवासी मोनी देवी पत्नी दिनेश चंद्र द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 30 अप्रैल की शाम 10:30 बजे परिवार के ही चार लोगों ने गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा जॉच शुरू कर दी गई है।

## हटाए जाने पर बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**उन्नाव।** जिले में बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने सोमवार को दहीचौकी स्थित बिजली कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। हसनगंज तहसील के अजगैन उपखंड के एसएसओ हेल्पर गैंग से जुड़े कर्मियों ने विभाग पर अनैतिक और मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए हटाया गया है जो अन्यायपूर्ण है। संविदा कर्मियों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी मानसिक प्रताड़ना दे रहे हैं और कार्य से संबंधित कोई स्पष्ट निर्देश भी नहीं दे रहे। कर्मियों ने यह भी मांग की कि सेवा से हटाए गए सभी हेल्परों को तत्काल बहाल किया जाए और भविष्य में इस तरह की कार्रवाई से पहले औपचारिक प्रक्रिया अपनाई जाए। प्रदर्शन में शामिल कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# ललितपुर में स्मार्ट मीटर योजना पर सवालिया निशान

- निश्शुल्क तार नहीं लगाए जाने और कर्मचारियों की अभद्रता के आरोप
- ठेका कंपनी पर पहले से लगे हैं गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि जिस निजी कंपनी को मीटर स्थापना का ठेका दिया गया है, वह न केवल विद्युत विभाग की निर्धारित नीति के अंतर्गत मिलने वाली 40 मीटर मोटी डोरी (आर्मड तार) उपभोक्ताओं को नहीं दे रही, बल्कि जब उपभोक्ता इस विषय में सवाल करते हैं, तो कंपनी के कर्मचारी उनसे अभद्रता से पेश आते हैं। यह मामला विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्मार्ट मीटर स्थापना के दौरान 40 मीटर तक की आर्मड केबल निश्शुल्क उपलब्ध कराना अनिवार्य है ताकि उपभोक्ता को सुरक्षित और स्थिर विद्युत आपूर्ति मिल सके।

**स्थानीय उपभोक्ताओं की शिकायतें:** ललितपुर शहर क्षेत्रों के अलावा तालबेहट, महरौनी और शहरी इलाकों–से मिली जानकारी के अनुसार, उपभोक्ताओं को न केवल आर्मड तार से वंचित किया जा रहा है, बल्कि कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अभद्रता की जा रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जब मैंने कर्मचारी से तार लगाने को कहा तो उसने साफ मना कर दिया और गाली-गलौज पर उतर आया। वहीं राधा देवी नामक उपभोक्ता ने कहा कि कंपनी के कर्मचारियों ने हमें धमकाया कि ज्यादा सवाल पूछोगे तो मीटर ही नहीं लगेगा।

**कंपनी पर पहले भी लगे हैं आरोप:** ललितपुर में काम कर रही कंपनी का नाम जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बताया जा रहा है। इस कंपनी को पूर्व



में भी कई राज्यों में अनियमितताओं के कारण विवादों का सामना करना पड़ा है। हाल ही में गोवा सरकार ने जीनस पावर और एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड दोनों को 5 अगस्त 2024 को स्मार्ट मीटर घोटाले के चलते ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इन्हीं कंपनियों को लगभग 7200 करोड़ की स्मार्ट मीटर परियोजनाएं सौंपी गई, जिनमें ललितपुर भी शामिल है।

**विभागीय चुप्पी और लचर निगरानी:** जब इस बारे में स्थानीय विद्युत अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने या तो अनभिज्ञता जताई या मामले को उच्चस्तरीय जांचाधीन बताकर टाल दिया। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया कि कई बार निजी कंपनियाँ लागत बचाने के लिए ठेका शर्तों का पालन नहीं करतीं।

**उपभोक्ता परिषद की कड़ी प्रतिक्रिया:** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इस पूरे मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि यदि उपभोक्ताओं को उनका अधिकार नहीं दिया जा रहा है और कंपनी नियमों की अवहेलना कर रही है, तो यह ठेके की शर्तों का उल्लंघन है। इस मामले को सरकार और विभाग आपस सम उठाएंगे।

**कानूनी पहलू और समाधान के रास्ते:** कानून विशेषज्ञों के अनुसार, यह मामला उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और ठेके संबंधी विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई योग्य है। उपभोक्ता चाहें तो विद्युत नियामक आयोग और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**जनता की मांग:** ललितपुर के उपभोक्ता मांग कर रहे हैं कि दोषी कंपनी पर ठोस कार्रवाई की जाए और उसका ठेका निरस्त किया जाए। जिन उपभोक्ताओं को तार नहीं मिला, उन्हें तत्काल तार उपलब्ध कराया जाए। कर्मचारियों के दुर्व्यवहार की जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। स्मार्ट मीटर योजना की निगरानी हेतु एक पारदर्शी तंत्र विकसित किया जाए।

**निष्कर्ष:** स्मार्ट मीटर परियोजना का उद्देश्य पारदर्शी और प्रभावी बिजली वितरण सुनिश्चित करना था, लेकिन ललितपुर जैसे जनपदों में हो रही अनियमितताएं इस महत्वाकांक्षी योजना की साख को नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि सरकार और विभाग ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, तो उपभोक्ताओं का विश्वास इस व्यवस्था से पूरी तरह उठ सकता है। सरकार और प्रशासन से अपील है कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करते हुए दोषी कंपनी के खिलाफ तत्काल और कठोर कदम उठाए जाएं।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों किया गया सम्मानित

- जेपीएस शिक्षा निकेतन पैथाना एवं परिजनों का नाम रोशन किया




अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** उमर्दा ब्लॉक के ठठिया क्षेत्र के पैथाना में स्थित जेपीएस शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में इस वर्ष हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को फूल मालायें पहनाकर मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के इष्टरमीडिएट के छात्र अबिराज बाजपेई ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, संस्कृति यादव व राधा पाल ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व शिवाषीश कटियार ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में हाईस्कूल की परीक्षा में प्रज्ञा यादव ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, राखी 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व मानशी यादव ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के संस्थापक जय प्रकाश यादव ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर सम्मानित करते हुए अच्छी शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवार बनाना अपना लक्ष्य बताया। इस अवसर पर हिन्दी प्रवक्ता सुधांशु पटेल, अंग्रेजी प्रवक्ता सी.पी. कुशवाहा, गणित प्रवक्ता सुशील यादव, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता सरोज पाल, जीव विज्ञान प्रवक्ता राम गोविन्द, रसायन विज्ञान प्रवक्ता अभय चौहान, गृह विज्ञान प्रवक्ता मोहिनी एवं नरेन्द्र अवस्थी, पुष्पेन्द्र कुमार सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाये उपस्थित रहे। इस अक्सर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नित्या यादव द्वारा बताया गया कि इस ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय के छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन यह दिखाता है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी शिक्षा का स्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। विद्यालय में छात्र -छात्राओं को शहरी वातावरण प्राप्त कराकर उनका सर्वांगीण विकास करने का प्रयास करते हुए शिक्षा के साथ-साथ अनुशासित व चरित्रवान बनाना प्राथमिकता में है।

# युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल

- प्रेमिका पर लगाया पेट में गोली मारने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोडरा लखौरा गांव में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हो गया। युवक ने प्रेमिका पर पेट में गोली मारने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंचे परिजनो व प्रधान प्रतिनिधि ने उसे उपचार के लिए नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोडरा लखौरा का सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां का निवासी 27 वर्षीय सुरेन्द्र संदिग्ध परिस्थितियो में पेट में गोली लगने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे भाई विपिन सिंह, माता राजकुमारी व प्रधान प्रतिनिधि साधू सिंह ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए नवाबगंज सीएचसी में भर्ती



कराया। जहां उसने प्रेमिका पर गोली मारने का आरोप लगाया। चिकित्सको ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणो में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया जाता है सुरेन्द्र का गांव की एक युवती से पिछले चार वर्षों से प्रेम संबंध था लेकिन युवती की शादी तय होने के बाद से सुरेन्द्र मानसिक तनाव में था। सुरेन्द्र के अनुसार बुधवार शाम को युवती ने उसे कोडरा तालाब पर मिलने के लिए बुलाया था जहां उसने पेट में गोली मार दी। आरोपी युवती की शादी 15 दिन बाद होनी है। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक ने प्रेमिका के ऊपर गोली मारने का आरोप लगाया है मामले की जांच की जा रही है।

## बंटवारे के विवाद में भिड़े भाई, मुकदमा दर्ज

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर पुश्तैनी भूमि का बटवारे को लेकर भाइयों के बीच गाली-गलौज के साथ ही मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने दोनों पक्षों से आठ लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

पारा सैफपुर गांव निवासी मटरू पुत्र घनश्याम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि पुश्तैनी भूमि का बटवारे को लेकर भाई छविलाल पुत्र घनश्याम के साथ बिवाद चल रहा है उसी की खुन्नस मानते हुए मंगलवार की दोपहर छविलाल, अजय, आकाश, छोटू दरवाजे पर चढकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो लाठी डंडे से मारपीट की। बचाने आया पुत्र राजकुमार के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरे पक्ष से अजय पुत्र छविलाल का आरोप है कि भूमि बटवारे को लेकर मटरू, राजकुमार, राजेश, राज ने मिलकर मारपीट की। बचाने आया भाई अंकित भी घायल हो गया।

# ई-सिक जागरूकता सत्र एवं मुफ्त चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

- एलपीजीसीएल ने किया आयोजन, लोगों को मिला लाभ

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में ई-सिक जागरूकता सत्र एवं मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया है कि ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में एक ईएसआईसी जागरूकता सत्र सह मुफ्त चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 कामगारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ईएसआईसी अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को ई-सिक की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का तत्काल




समाधान भी किया। जागरूकता सत्र के उपरांत सभी उपस्थित लोगों का मुफ्त चिकित्सा परीक्षण किया गया तथा लगभग 150 कामगारों एवं कर्मचारियों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। जिससे कार्यस्थल पर एक सकारात्मक एवं सहयोगी वातावरण का संचार हुआ। इस दौरान ईएसआईसी की ओर से मेडिकल ऑफिसर/प्रभारी डा. रचना पिपरी, आईएमओ डा. पुष्पेन्द्र कुमार, आईटी एवं मुख्य फार्मसिस्ट राजेन्द्र सिंह राठौर, एएनएम सुश्री सुनीता कुमारी, सहायक अशोक कुमार, सहायक संतोष कुमार, सहायक सुश्री सोना देवी, सहायक सुश्री ज्वाला देवी, एलपीजीसीएल से अध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, मानव संसाधन एवं प्रशासन उपाध्यक्ष अखिलेश खुरसवार, ईएचएस उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, डा. बी.के. सिंह, सुजीत चंद्रा, शंभूनाथ मिश्रा, त्रिभुवन नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे। अंत में अधिकारियों ने ईएसआईसी के प्रति जागरूकता को बढ़ाया बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण को भी सुदृढ़ किया।

# सीओ सदर ने कोतवाली का त्रैमासिक निरीक्षण कर दिये निर्देश

- कार्यालय, शस्त्रों की जांच कर कराया अभ्यास, बीट की जानकारी ली



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने स्थानीय कोतवाली का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के अभिलेख, मालखाना, बैरक, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, शस्त्रागार तथा अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीट आरक्षियों से बीट के संबंध में जानकारी ली।

गुरूवार को सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने शस्त्रों का भी निरीक्षण किया और उनकी स्थिति, साफ-सफाई और रखरखाव को जांचा। साथ ही उन्होंने उपनिरीक्षकों एवं आरक्षियों को शस्त्र खोलना व बंद करनें का अभ्यास कराया भी कराया। कार्यालय अभिलेखों की जांच के दौरान सीओ सदर ने पंजी में की गई प्रविष्टियों की सटीकता, अपडेट और रखरखाव की स्थिति को देखा। उन्होंने मालखाना रजिस्टर, एफआईआर रजिस्टर, अपराध रजिस्टर आदि का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में सीओ सदर ने कोतवाली परिसर की साफ-सफाई, बैरक की स्थिति और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, तत्परता और अनुशासन होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आम जनता का भरोसा कायम रहे। इस दौरान निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, एसएसआई विनोद कुमार, कस्बा प्रभारी दीपक सिंह, मोहनलाल, हरीश कुमार, प्रदीप कुमार, हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, शीलेश कुमार, उदित शुक्ला, प्रवीन शुक्ला सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# टॉप्स खिलाड़ियों को दी गई आठ करोड़ की अग्रिम राशि अभी तक अनिश्चित, बिल जमा नहीं करना बना कारण

**नई दिल्ली।** हाल ही में प्रदर्शन आडिट के दौरान इस पर आपत्ति जताई गई जिसके कारण करीब 30 खिलाड़ी ( कोर और डेवलपमेंटल ग्रुप दोनों में) सवालों के घेरे में है। साइ और खेल मंत्रालय के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि संबंधित टॉप्स खिलाड़ियों ने विलंब का उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया जबकि उन्हें बारंबार याद दिलाया गया था।

खेल मंत्रालय की प्रमुख टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत खिलाड़ियों को दी गई आठ करोड़ रुपये तक की अग्रिम राशि अभी तक अनिश्चित बनी हुई है क्योंकि लाभार्थी बार-बार याद दिलाने के बावजूद बिल या वसूली राशि जमा करने में विफल रहे हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के भीतरी आकलन में इसका खुलासा हुआ है। रकम और उन खिलाड़ियों के बारे में खुलासा नहीं किया गया है।

**कटौती**

**हालात से निपटने के लिये कई तरह के सुझाव दिये गए। इसमें नकद पुरस्कार में से कटौती या बार बार अनसुनी करने वाले खिलाड़ियों के ताजा प्रस्तावों में से कटौती शामिल है।**

हाल ही में प्रदर्शन आडिट के दौरान इस पर आपत्ति जताई गई जिसके कारण करीब 30 खिलाड़ी ( कोर और डेवलपमेंटल ग्रुप दोनों में) सवालों के घेरे में है। साइ और खेल मंत्रालय के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि



संबंधित टॉप्स खिलाड़ियों ने विलंब का उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया जबकि उन्हें बारंबार याद दिलाया गया था।

समझा जाता है कि इसके लिये उचित उपाय किये जायेंगे ताकि हाल ही में खत्म हुए ओलंपिक चक्र में खर्च किये गए पैसे के बारे में जानकारी मिल सके। मंत्रालय की मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 155वीं बैठक में इस मसले पर विस्तार से चर्चा की गई। एक सूत्र ने कहा, सभी सदस्यों का मानना था कि बिल जमा नहीं करने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, हालात से निपटने के लिये कई तरह के सुझाव दिये गए। इसमें नकद पुरस्कार में से कटौती या बार बार अनसुनी करने वाले खिलाड़ियों के ताजा प्रस्तावों में से कटौती शामिल है। इस पर हालांकि कोई फैसला नहीं लिया गया। अगली बैठक में फिर यह मसला उठेगा। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण या प्रतिस्पर्धा के लिये अग्रिम भुगतान लेने पर 15 दिन के भीतर बिल जमा करने होते हैं। सूत्र ने कहा, हम समझते हैं कि वे व्यस्त है लेकिन कुछ बकाया बिल तो दो साल पुराने हैं। यह करदाताओं का पैसा है और दूसरे खिलाड़ियों के लिये अछा उदाहरण नहीं है। जवाबदेही लाना जरूरी है।

# प्रज्ञानंद को रैपिड-ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरा स्थान
## स्वियातेक मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद पोलैंड के वारसॉ में जारी सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव ने खिताब जीता। ग्रैंड शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम संयुक्त सातवें स्थान पर रहे।

फेडोसीव ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए और उनका कुल स्कोर 36 में से 26.5 रहा। उन्हें जीत के साथ 40000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर मिले। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव दूसरे और प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे । वाचियेर लाग्रेव को 30000 डॉलर और प्रज्ञानंद को 25000 डॉलर मिले।

ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वाचियेर लाग्रेव शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानंद दूसरे स्थान पर हैं। अब टूर रोमानिया की राजधानी बुकारेस्ट में जायेगा जहां सात मई से पहला क्लासिकल टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए विश्व चैंपियन डी गुकेश और प्रज्ञानंद खेलेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त



इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को 0-6, 6-3, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का सामना अब सेमीफाइनल में कोको गॉफ से होगा जिन्होंने मिर्रा आंद्रीवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने मार्ता कोस्तियुक को 7-6, 7-6 से मात दी, जबकि स्वितोलिना ने मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में इटली के मातेओ अर्नाल्डी ने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-2, 6-2 से हराया।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्सः खिलाड़ियों की तैयारी तेज, कोच करवा रहे उठापटक
# 16 पदक जीतने वाले यशवंत भी लगाएंगे दांव

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया की तैयारियों को लेकर कोच और खिलाड़ियों की तरफ से तैयारियां की जा रही हैं। सुबह-शाम अभ्यास किए जा रहे हैं। डे बोर्डिंग स्कीम के तहत



तीन अखाड़ों में 100 पहलवानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कुश्ती की आगामी प्रतियोगिता और खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को कुश्ती खिलाड़ियों ने कोच रविंद्र मिश्र की देखरेख में अभ्यास किया। उमेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ी रोज सुबह-शाम तीन-तीन घंटे अभ्यास कर रहे हैं।

खिलाड़ी दम के लिए मिट्टी के अखाड़े पर जोर आजमाइश करते हैं जबकि कुश्ती गद्दे पर लड़ते हैं। खिलाड़ी मैट पर उतरने से पहले आधा घंटे वार्मअप करते हैं। इसके बाद गद्दे पर कुश्ती खेलते हैं। खिलाड़ियों को तेजी से अटैक और विपक्षी खिलाड़ी को बिना समय दिए बाई फॉल का प्रशिक्षण दिया जाता है।

खिलाड़ी को ब्लॉक करने पर वॉर्न किया जाता है। लगातार गलती करने पर विरोधी खिलाड़ी को अंक भी दिया जाता है। अब खिलाड़ियों को दांव लगाने पर अंक दे दिए जाते हैं। राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी यशवंत गिरी, करण यादव, कशिश आदि ने मैट पर अभ्यास किया।

खेल प्रतिभाओं को तराशने और राष्ट्रीय फलक पर लाने के उद्देश्य से जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से चार प्रशिक्षण केंद्रों की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो गए हैं। केंद्रों में नियमित रूप से 250 खिलाड़ियों को तैयार करने का दावा किया जाता है। अगले माह बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए जिले के इन साई केंद्रों से अभ्यास करने वाला एक भी खिलाड़ी अपनी जगह नहीं बना पाया है।

यूपी कॉलेज स्थित खेलो इंडिया प्रशिक्षण केंद्र प्रमुख है। केंद्र में तीन साल से 120 खिलाड़ियों को वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए डे बोर्डिंग स्कीम के तहत तीन अखाड़ों में 100 पहलवानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त बीएचयू में भी साई के सहयोग से 80 खिलाड़ियों को मुक्केबाजी और एथलेटिक्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पाकिस्तान के अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक, ओलंपिक चैंपियन क्यों आए लपेटे में?

**नई दिल्ली।** भारत में नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट खोलने की कोशिश करने वालों का यह संदेश मिल रहा है, भारत में यह अकाउंट उपलब्ध नहीं है। इस आशय के कानूनी अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं। भारत ने पाकिस्तान के कई एथलीट्स, क्रिकेटर्स और टीवी कलाकारों के यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। इसी कड़ी में ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम भी इसके लपेटे में आ गए हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद एक कानूनी अनुरोध के कारण भारत में ब्लॉक कर दिया गया है।

भारत में नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट खोलने की कोशिश करने वालों का यह संदेश मिल रहा है, भारत में यह अकाउंट उपलब्ध नहीं है। इस आशय के कानूनी अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया। कानूनी

**पर्यटक**

**पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश पर्यटक थे।**

अनुरोध पर क्लिक करने पर लिख कर आ रहा, हमें इस अकाउंट को प्रतिबंधित करने के लिए एक कानूनी अनुरोध प्राप्त हुआ। हमने अपनी नीतियों के विरुद्ध इसकी समीक्षा की और एक कानूनी और मानवाधिकार मूल्यांकन किया। समीक्षा के बाद हमने उस स्थान पर सामग्री तक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया जहां यह स्थानीय कानून के विरुद्ध है।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इस आतंकी हमले के बाद भारत सरकार



ने कई सख्त फैसले लिए, जिसमें से एक भड़काऊ और संवेदनशील सांप्रदायिक सामग्री फैलाने वाले कई पाकिस्तानियों के यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रतिबंध भी शामिल है।

जिन यूट्यूब चैनलों पर कार्रवाई की गई है, उनमें कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के भी चैनल शामिल हैं। इनमें रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर शोएब अख्तर का चैनल शोएब अख्तर, पूर्व पाकिस्तानी कप्तान बासित अली का यूट्यूब चैनल बासित अली, पूर्व पाकिस्तानी कप्तान राशिद लतीफ और वरिष्ठ पत्रकार नौमान नियाज का यूट्यूब चैनल कॉट बिहाइंड, पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज तनवीर अहमद का यूट्यूब चैनल तनवीर सेज शामिल हैं। इसके अलावा पाकिस्तान की हार पर पाकिस्तान की ही खिल्ली उड़ाने वाले दो यूट्यूबर्स वासे और इफ्फी का यूट्यूब चैनल वासे हबीब को भी बंद कर दिया गया है।

बंद किए गए यूट्यूब चैनलों पर लिख कर आ रहा है, राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश की वजह से यह सामग्री वर्तमान में इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार की ओर से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट पर जाएं। सूत्रों के मुतबिक, ऐसे यूट्यूब चैनल पहलगाम हमले के मद्देनजर पाकिस्तान से तनावपूर्ण संबंधों के बीच भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और संवेदनशील सामग्री, झूठे-भ्रामक बयान और गलत सूचना प्रसारित कर रहे थे। हालांकि, इन पाकिस्तानी क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट उपलब्ध हैं। पाकिस्तानी अभिनेता अली जफर, माहिरा खान के इंस्टाग्राम अकाउंट भी भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं।

# पाकिस्तानी एक्टर्स के बैन पर जैकी श्रॉफ ने दिया रिएक्शन, कहा- 'जब तक प्रधानमंत्री कुछ नहीं...

**मुंबई।** गुरुवार से वेव्स 2025 का आयोजन मुंबई में शुरू हो चुका है। इसमें मनोरंजन जगत की जानी



मानी हस्तियां शामिल हो रही हैं। इसी दौरान बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है।

बॉलीवुड सुपरस्टार जैकी श्रॉफ गुरुवार मुंबई में आयोजित हो रहे चार दिवसीय विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन के उद्घाटन में पहुंचे। यहां उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए पाकिस्तानी एक्टर्स के भारत में सोशल मीडिया बैन करने पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं अभिनेता ने क्या कहा।

**जैकी श्रॉफ ने पहलगाम हमले पर जताया दुख**

विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के उद्घाटन के दौरान जैकी श्रॉफ ने एएनआई से बातचीत की। पहलगाम हमले पर सवाल पूछे जाने पर, अभिनेता ने जवाब में कहा, 'मैं पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हर कोई इससे दुखी है।' उन्होंने कहा की यह वेव्स का कार्यक्रम संदेश दे रहा है कि सब जुड़े रहें और खुश रहें। झगड़ा क्यों करें और मासूमों को क्यों मार रहे।

**पाक एक्टर्स के बैन पर बोले जैकी- थोड़ा फासला जरूरी**

आगे बातचीत में अभिनेता जैकी श्रॉफ से पाकिस्तानी एक्टर्स के भारत में सोशल मीडिया अकाउंट बैन किए जाने को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में एक्टर ने कहा, 'जो अभी स्थिति है, उसके हिसाब से ये अच्छा है कि थोड़ा सा फासला रहे।' साथ ही उन्होंने कहा, जब तक प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोलते, हम बच्चे लोग क्या बोलेंगे?'

**जैकी श्रॉफ का वर्कफ्रंट**

जैकी श्रॉफ ने अपने फिल्मी करियर के दौरान कई फिल्मों में काम किया है। आखिरी बार अभिनेता को बेबी जॉन फिल्म में देखा गया था। अब वह आगामी फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आने वाले हैं।

### क्या भूतनी बन दर्शकों को डरा पाईं मौनी रॉय

बॉलीवुड हॉरर कॉमेडी फिल्म द भूतनी आज 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लग रही है और उनका फिल्म के बारे में क्या विचार है।

मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह और संजय दत्त जैसे सितारों से सजी हॉरर कॉमेडी फिल्म %द भूतनी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। दर्शकों ने एक्स पर द भूतनी को लेकर अपनी राय शेयर की है।

एक यूजर ने लिखा, अभी देखी और मुझे सुखद आश्चर्य हुआ, भूतनी के रूप में मौनी रॉय बहुत अच्छी लगीं और फिल्म का माहौल हल्का और मजेदार था। संजय दत्त की भूमिका एक मजेदार मोड़ थी, मुझे उम्मीद नहीं थी कि वह इतने मजेदार होंगे! दोस्तों के साथ देखने लायक जरूर है, एक और यूजर ने लिखा, मौत से भी ज्यादा खौफ। धीमी गति से जलने वाली एक बेहतरीन फिल्म।

# वेव्स 2025 में दीपिका का दुपट्टा ठीक करती नजर आईं मीरा राजपूत, फैंस कर रहे जमकर तारीफ

**मुंबई।** वेब्स 2025 समिट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस वीडियो में मीरा राजपूत अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का दुपट्टा ठीक करती नजर आ रही हैं।

मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 1 मई, 2025 से शुरू हुए वेव्स समिट 2025 में दीपिका पादुकोण और मीरा राजपूत का एक दिल छूने वाला पल सुर्खियां बटोर रहा है। समिट में दीपिका की खूबसूरत एंट्री और मीरा द्वारा उनकी मदद करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस इस खास पल की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

**मीरा ने जीता दिल**

वेव्स समिट के पहले दिन दीपिका पादुकोण बेज रंग के सलवार-सूटऔर दुपट्टे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद उनका दुपट्टा थोड़ा हट गया था। तभी शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने उनकी मदद की। एक वायरल वीडियो में मीरा दीपिका का दुपट्टा



ठीक करती नजर आईं। इसके बाद दीपिका ने मुस्कुराते हुए मीरा को गर्मजोशी से गले लगाया। दोनों के बीच के इस दोस्ताना पल को देखकर फैंस का दिल पिघल गया।

**फैंस दे रहे प्रतिक्रियाएं**

सोशल मीडिया पर इस वीडियो को देखकर फैंस ने मीरा और दीपिका की खूब तारीफ की। एक यूजर ने एक्स पर लिखा, ÷स्वीट।÷ एक अन्य फैन ने लिखा, ÷ओह मीरा ने बहुत अच्छा काम किया और अंत में गले मिलना भी प्यारा था। मीरा और दीपिका को साथ में देखकर अच्छा लगा।÷ इसके अलावा कई यूजर्स ने हार्ट इमोजी के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

**समिट में हेमा मालिनी के साथ दिखीं दीपिका**

दीपिका ने समिट में न केवल अपनी खूबसूरती से ध्यान खींचा, बल्कि अपने व्यवहार से भी फैंस का दिल जीता। वह दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी के साथ समिट में पहुंचीं और उनका ख्याल रखते हुए उनके पीछे-पीछे चलीं। दीपिका का यह सम्मानजनक व्यवहार भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। फैंस ने उनकी सादगी और बड़ों के प्रति सम्मान की तारीफ की।

**इस खास सत्र में लेंगी हिस्सा**

दीपिका समिट के एक खास सत्र %द जर्नी÷ फ्रॉम आउटसाइडर टू रूलर% में हिस्सा लेंगी। इस सेशन में वह शाहरुख खान के साथ अपनी बॉलीवुड यात्रा और एक आउटसाइडर के रूप में सफलता की कहानी साझा करेंगी। इस चर्चा को करण जौहर होस्ट करेंगे। दीपिका के फैंस इस सेशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर में शांति लाएंगे... वेव्स समिट 2025 में पहलगाम हमले पर बोले रजनीकांत

**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत ने वेव्स समिट 2025 में अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले का भी जिक्र किया और कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री पर भरोसा है कि वह घाटी में गौरव और शांति बहाल करेंगे। अभिनेता रजनीकांत आज गुरुवार को वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में शामिल हुए। इस दौरान अभिनेता ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बारे में बात की, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई। सुपरस्टार ने जम्मू-कश्मीर में शांति लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की और उनके द्वारा लिए गए एक्शन के बारे में बात की।

**नरेंद्र मोदी पर जताया भरोसा**

रजनीकांत ने मोदी को योद्धा



कहा और कहा कि उन्हें भरोसा है कि प्रधानमंत्री मौजूदा स्थिति को शिष्टता से संभालेंगे। रजनीकांत ने कहा, नमस्कार, माननीय प्रधानमंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री। पहलगाम में हुई बर्बर, निर्दयी घटना के बाद, कई लोगों ने मुझसे कहा कि सरकार अनावश्यक आलोचना के कारण इस कार्यक्रम को स्थगित कर देगी, क्योंकि इस कार्यक्रम का विषय मनोरंजन है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा था कि यह कार्यक्रम जरूर होगा, क्योंकि मुझे अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर पूरा भरोसा है।

उन्होंने आगे कहा, वह एक योद्धा हैं। वह किसी भी चुनौती का सामना करेंगे और जो हम पिछले एक दशक से कह रहे हैं, उसे साबित करेंगे कि वह इस स्थिति का भी शालीनता और बहादुरी से सामना करेंगे और कश्मीर में शांति और हमारे देश को गौरव दिलाएंगे।

**वेव्स में शामिल होने पर जताई खुशी**

अभिनेता ने शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, %मैं यहां आकर बेहद खुश हूं और इस वेव्स मोमेंट का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वैश्विक मनोरंजन बिरादरी के सहयोग से एक कदम आगे बढ़ने के लिए केंद्र सरकार और मीडिया को मेरी हार्दिक बधाई। मैं आप सभी की सफलता की कामना करता हूं। इस अवसर के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**क्या है वेव्स समिट 2025**

वेव्स समिट 2025 मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाला एक खास चार दिवसीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को कला, रचनात्मकता और मनोरंजन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना है। इसमें मनोरंजन जगत के कई सितारे शामिल हुए हैं, जिनमें आमिर खान, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, चिरंजीवी और मोहनलाल समेत कई सितारे हैं।

# पैपराजी ने अपलोड किया आपत्तिजनक वीडियो
## अभिनेत्री ने लताड़ा, बोलीं- रिक्वेस्ट पर भी डिलीट नहीं किया

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली का वॉर्डरोब मालफंक्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।अभिनेत्री ने मना करने बावजूद वीडियो शेयर करने वाले पैपराजी पेज की आलोचना की। उनका साथ 'पुष्पा 2' की अभिनेत्री आंचल मुंजाल ने भी दिया।

मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली को हाल ही में मुंबई की सड़कों पर वॉर्डरोब मालफंक्शन का सामना करना पड़ा। इसके बाद अभिनेत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एक पैपराजी पेज द्वारा शेयर कर दिया गया। इसकी आलोचना करते हुए अभिनेत्री ने इसे पब्लिसिटी स्टंट कहने वाले ट्रोल्स को करारा जवाब भी दिया है। उनका साथ 'पुष्पा 2' फेम अभिनेत्री आंचल मुंजाल ने भी दिया। आंचल ने वीडियो शेयर करने के लिए एडमिन की आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया।

अभिनेत्री हुनर हाली ने ईटाइम्स से बातचीत में बताया कि वीडियो



उनकी सहमति के बिना शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'यह एक मानवीय चीज है, डेली लाइफ में होने वाली घटनाओं की अप्रत्याशित प्रकृति। मेरी सहमति के बिना इस तरह के वीडियो को कैप्चर करना और अपलोड करना, सनसनीखेज बनाने के लिए इसका फायदा उठाना और मेरे शरीर पर अनुचित तरीके से ध्यान केंद्रित करना पैपराजी का व्यक्तिगत निर्णय था।

अभिनेत्री ने कहा, एक अजीब सी गलती थी।

उन्होंने इसे अपने पेज पर क्यों पोस्ट किये उन्होंने यह भी बताया कि उनके मैनेजर ने कई मीडिया और पैप पेजों से अनुरोध किया कि वो अपने सोशल मीडिया हैंडल से वीडियो हटा दें और उन्होंने ऐसा किया भी, लेकिन कुछ ने कई अनुरोधों के बावजूद वीडियो हटाने से इनकार कर दिया।'

## मतदाता सूची को सटीक और वोटिंग प्रक्रिया को आसान बनाने की तैयारी




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में सुधार और वोटिंग को आसान बनाने के लिए तीन नई पहल की है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग की इस कवायद से चुनाव की प्रक्रिया और पारदर्शी व सुगम होगी। आइए जानते है कि क्या हैं नए एलान? आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके। बता दें कि ये फैसले मार्च 2025 में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में लिए गए, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू व डॉ. विवेक जोशी मौजूद थे। चुनाव आयोग की ओर से किए गए तीन अहम एलान में सबसे पहली घोषणा मृत्यु पंजीकरण का डेटा से संबंधित मामले में किया गया है। इसके तहत अब चुनाव आयोग को पंजीयक जनरल ऑफ इंडिया से मृत लोगों का रिकॉर्ड सीधे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि मृतकों के नाम समय पर मतदाता सूची से हटाए जाएं। इसके बाद बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) फील्ड में जाकर जानकारी की दोबारा जांच कर सकेंगे, बिना किसी औपचारिक शिकायत के। वहीं बात अब अगर दूसरे एलान की करें तो अब मतदाता स्लिप को और मतदाता के अनुकूल बनाया जाएगा।

# जून महीने के दूसरे हफ्ते में ई-गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**विकसित**

दो दिन चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस का थीम – विकसित भारतः सिविल सेवा और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन होगा।



**नई दिल्ली।** 28वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस का आयोजन आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम शहर में 9 और 10 जून को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवाड्र्स (एनएईजी) 2025 भी वितरित किए जाएंगे। देश की 28वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस (एनसीईजी) अब 9 और 10 जून को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगी। पहले इसे गलती से 9-10 मई बताया गया था, लेकिन अब सरकार ने तारीख साफ कर दी है। दो दिन चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस का थीम – विकसित भारत- सिविल सेवा और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन होगा। इसमें कुल छह मुख्य सत्र और छह छोटे समूह सत्र होंगे। यह आयोजन केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) और इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की तरफ से आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मकसद नीति निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाना है ताकि वे मिलकर चर्चा कर सकें और ऐसे सुझाव दे सकें, जिनसे सरकार की सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर हो सके। केंद्र सरकार का लक्ष्य है न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन और यह सम्मेलन उसी दिशा में एक और कदम माना जा रहा है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवाड्र्स (एनएईजी) 2025 भी वितरित किए जाएंगे। इन पुरस्कारों को केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू करेंगे। वे एक सत्र की अध्यक्षता भी करेंगे, जिसका विषय – आईटी हब के रूप में विशाखापत्तनम होगा। वहीं उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और आईटी एवं मानव संसाधन मंत्री नारा लोकेश भी सम्मेलन में मुख्य भाषण देंगे। इसमें केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए डीएआरपीजी ने एक पोर्टल शुरू किया है। इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि, स्टार्टअप्स, शिक्षाविद, वक्ता, पैनलिस्ट और पुरस्कार विजेता अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस बड़े आयोजन की तैयारियों के लिए डीएआरपीजी के सचिव वी. श्रीनिवास ने हाल ही में एक वर्चुअल बैठक भी की, जिसमें उन्होंने सम्मेलन के कार्यक्रम और उसकी अहमियत के बारे में विस्तार से बताया।

## हम नहीं चाहते कि लोग मुस्लिमों-कश्मीरियों के खिलाफ जाएंः हिमांशी



**नई दिल्ली।** शादी के केवल छह दिन बाद सुहाग उजड़ने के बावजूद हिमांशी नरवाल ने सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि वे मुस्लिम समुदाय या कश्मीरी लोगों के खिलाफ नहीं हैं। वे केवल शांति चाहती हैं, लेकिन उन्हें इंसाफ का भी इंतजार है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से बत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। आज हरियाणा के करनाल में मीडिया से बात करते हुए लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ व्यवहार करें। बकौल हिमांशी, बेशक, हम न्याय चाहते हैं, लेकिन उन्हें शांति और केवल शांति चाहिए।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय निवासी हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले को %हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा हमला बताया। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत की यात्रा पर हैं। इसी समय जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और ट्रैकिंग का मौसम जोर पकड़ रहा है।

2019 की फरवरी में जम्मू-कश्मीर के ही पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला पहलगाम में हुआ है। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है।

## आतंक के पनाहगार पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी? नौसेना ने अरब सागर में तेज किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब देने के लिए कई दिनों से सेनाएं अपना शक्ति प्रदर्शन कर रही हैं। नौसेना ने अपने युद्धपोतों को सतर्क रखा है। भारतीय तटरक्षक जहाज भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अग्रिम क्षेत्रों में तैनात हैं। गुजरात तट से सटी समुद्री सीमा पर कड़ी निगरानी हो रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने के लिए भारत ने तैयारी तेज कर दी है। आतंक के पनाहगार पाकिस्तान की हरकतों को रोकने और आतंक को नेस्तनाबूद करने के लिए तीनों सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। भारतीय नौसेना अरब सागर में अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में अभ्यास तेज कर दिया है। रक्षा विभाग की मानें तो नौसेना ने अपने युद्धपोतों को सतर्क रखा है। हाल के दिनों में अरब सागर में कई जहाज-रोधी और विमान-रोधी फायरिंग की गई है। भारतीय तटरक्षक जहाज भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अग्रिम क्षेत्रों में तैनात हैं। गुजरात तट से सटी समुद्री सीमा पर कड़ी निगरानी हो रही है। भारतीय नौसेना पूरे क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है। पूरा देश इस इंतजार में है कि कब और कैसे भारत आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान को करारा जवाब देगा। इस बीच भारत की तीनों सेनाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि वह किसी भी परिस्थिति में और किसी भी दुश्मन को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। कई दिनों से सेनाएं अपना शक्ति प्रदर्शन कर रही हैं।

## बीजद विधायक मल्लिक पर सरकारी अधिकारी को थप्पड़ जड़ने और अभद्रता करने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**जाजपुर।** जूनियर राजस्व सहायक ने आरोप लगाया कि विधायक ने एक विशेष फाइल के बारे में पूछताछ की और फिर मुझे थप्पड़ मारा और जाति को लेकर गाली दी। विधायक के समर्थकों ने भी मारपीट की। विधायक ने आरोपों को खारिज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ओडिशा में बीजद विधायक विश्व रंजन मल्लिक पर सरकारी अधिकारी से मारपीट करने का आरोप लगा है। आरोप है कि विधायक ने अधिकारी को थप्पड़ जड़ा और अभद्रता की। सरकारी अधिकारी ने पुलिस से शिकायत की है। हालांकि विधायक ने आरोपों को खारिज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# नक्सलियों के गढ़ में लहराया तिरंगा, उग्रवाद के खिलाफ सबसे बड़े ऑपरेशन में से एक, 24 हजार जवान हुए शामिल

**निर्देश**

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पूरे ऑपरेशन की मॉनीटरिंग की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।



**रायपुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी का इलाका एक समय नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। हालांकि अब जब नक्सली आंदोलन अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है तो नक्सलियों का यह किला भी ढह गया। सुरक्षाबलों ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहरा दिया है। बीते नौ दिनों से जारी ऑपरेशन कर्रेगुट्टा अभी भी जारी है। कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर ही नक्सलियों के शीर्ष नेता जैसे हिडमा, देवा, दामोदर, आजाद और सुजाता का ठिकाना था, लेकिन अब इस पर पूरी तरह से सुरक्षाबलों का नियंत्रण हो गया है और तिरंगा शान से लहरा रहा है। ऑपरेशन कर्रेगुट्टा देश में उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए सबसे बड़े ऑपरेशन में से एक है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन में करीब 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। इनमें डीआरजी डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ समेत राज्य पुलिस की सभी यूनिट के जवान, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवान शामिल हुए। साथ ही हेलीकॉप्टर, ड्रोन यूनिट के जरिए पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी गई। कर्रेगुट्टा पहाड़ी नक्सलियों का अहम रणनीतिक ठिकाना था। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पूरे ऑपरेशन की मॉनीटरिंग की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सीआरपीएफ के डीजी जीपी सिंह भी पूरे ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं। ऑपरेशन कर्रेगुट्टा की शुरुआत 21 अप्रैल को हुई थी। कर्रेगुट्टा पहाड़ी इलाका करीब 800 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला है और यह छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना के मुलुगु जिले से सटा है। यह नक्सलियों के छिपने के लिए सबसे मुफीद जगह मानी जाती थी और यही वजह थी कि नक्सलियों के शीर्ष नेताओं का यह ठिकाना था। यह नक्सलियों की सैन्य ताकत के लिहाज से सबसे अहम पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की बटालियन नंबर एक का केंद्र था। ऑपरेशन के लिए जवानों को हेलीकॉप्टर के जरिए हथियार और अन्य जरूरी सामान भेजे गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एलान कर चुके हैं कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा। इस लिहाज से ऑपरेशन कर्रेगुट्टा अहम है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि नक्सिलयों से कोई बात नहीं होगी। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के शीर्ष नेता हिडमा, बरसा देवी और दामोदर के पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की बटालियन नंबर एक, तेलंगाना स्टेट कमेटी और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के शीर्ष नेताओं समेत 500 से ज्यादा नक्सिलयों के कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर होने की खुफिया सूचना मिली थी।

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में तेजी आई है। जनवरी 2024 के बाद से 350 नक्सली विभिन्न मुठभेड़ में मारे गए हैं और इनमें से अधिकतर मुठभेड़ बस्तर क्षेत्र में हुई।

# द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की खबरों के बीच फैसला



**सियोल।** हान के समर्थकों का कहना है कि उनकी आर्थिक मामलों पर पकड़ और सरकारी कामकाज का अनुभव उन्हें एक मजबूत नेता बनाता है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीतियों और अन्य आर्थिक समस्याओं से निपट सकता है।

दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को एलान किया कि वे इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने यह कदम अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की खबरों के बीच उठाया। हान ने एक टेलीविजन ब्रीफिंग में कहा कि उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है।

दक्षिण कोरियाई मीडिया के मुताबिक, हान शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे। हान को तत्कालीन राष्ट्रपति युन सुक येओल ने प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया था। यह देश का दूसरा सबसे अहम पद है। हालांकि, येओल को बाद में मार्शल लॉ लगाने की साजिशों के आरोप के तहत पद से हटा दिया गया। इस वजह से चुनाव हो रहे हैं।

हान एक संभावित रूढ़िवादी नेता के रूप में उभर रहे हैं। मुख्य रूढ़िवादी पीपुल्स पावर पार्टी युन की ओर से पिछले साल 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के बाद से असमंजस में है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि हान उदारवादी अग्रणी ली जे-म्यांग के खिलाफ अभियान शुरू करने के लिए पीपुल्स पावर पार्टी के साथ गठबंधन कर सकते हैं। 75 साल के हान एक नौकरशाह हैं, जिनके पास लगभग 40 वर्षों का सार्वजनिक सेवा का अनुभव है। उन्होंने अर्थशास्त्र में हार्वर्ड डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने रूढ़िवादी और उदारवादी दोनों सरकारों के तहत शीर्ष पदों पर कार्य किया है। उन्होंने व्यापार मंत्री, वित्त मंत्री और अमेरिका में राजदूत का कामकाज भी संभाला है। उन्होंने दो बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। पहले उदारवादी राष्ट्रपति रोह मू-ह्यून के तहत 2007-2008 तक और बाद में युन के कार्यकाल के दौरान उन्होंने देश का दूसरा सबसे अहम पद संभाला।

हान के समर्थकों का कहना है कि उनकी आर्थिक मामलों पर पकड़ और सरकारी कामकाज का अनुभव उन्हें एक मजबूत नेता बनाता है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीतियों और अन्य आर्थिक समस्याओं से निपट सकता है। उनके आलोचकों का कहना है कि हान के पास कभी कोई निर्वाचित पद नहीं रहा। उनके पास कोई मजबूत राजनीतिक समर्थन आधार नहीं है। वे राष्ट्रपति बनने के लिए बहुत बूढ़े हैं और विवादास्पद मुद्दों से निपटने के लिए उनके पास कठोर नेतृत्व नहीं है।

## यूक्रेन पर रूस के हमले तेज, ओडेसा में दो लोगों की मौत, 15 घायल

**जाम**

यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने पांच क्षेत्रों में 170 विस्फोटक ड्रोन भेजे। इनमें से 74 को रोक दिया गया और अन्य 68 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम हो गए।



**कीव।** यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने पांच क्षेत्रों में 170 विस्फोटक ड्रोन भेजे। इनमें से 74 को रोक दिया गया और अन्य 68 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम हो गए। इसके अलावा रूस ने रातभर हमले के दौरान पांच बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। हमले में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 15 लोग घायल हो गए।

अमेरिका के शांति वार्ता के प्रयासों के बीच यूक्रेन पर रूस के हमले तेज हो गए हैं। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह रूस ने काला सागर के तटवर्ती शहर ओडेसा में ड्रोन हमले किए। इन हमलों मे दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 15 लोग घायल हो गए।

क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रूस की बमबारी से कई इमारतें तबाह हो गईं। इसमें अपार्टमेंट, घर, सुपरमार्केट और एक स्कूल शामिल है। टेलीग्राम पर किपर ने एक वीडियो साझा किया है। इसमें एक ऊंची इमारत का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त, दुकानों का सामने का हिस्सा टूटा हुआ और अग्निशमन कर्मी आग से जूझते हुए दिख रहे हैं। मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में एक पेट्रोल पंप पर ड्रोन हमले के बाद आग लग गई।

यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने पांच क्षेत्रों में 170 विस्फोटक ड्रोन भेजे। इनमें से 74 को रोक दिया गया और अन्य 68 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम हो गए। इसके अलावा रूस ने रातभर हमले के दौरान पांच बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। वहीं रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने रात में आठ यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूस के हमलों में तेजी उस वक्त आई है जब अमेरिका और यूक्रेन ने खनिज संसाधन सौदे की घोषणा की है। इस समझौते के बाद अमेरिका को यूक्रेन के कीमती खनिजों तक पहुंच मिल गई है। अब दोनों देश मिलकर यूक्रेन की जमीन में छिपे हुए कीमती खनिजों को निकालेंगे और उनका इस्तेमाल करेंगे। अब यूक्रेन को अमेरिका की सैन्य सहायता जारी रहेगी। इन हमलों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 8 से 10 मई तक के लिए 72 घंटे के एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की है। यह युद्धविराम द्वितीय विश्व युद्ध के विजय दिवस के मौके पर घोषित किया गया है, जब 1945 में नाजी जर्मनी पर रूस की जीत हुई थी। हालांकि, पुतिन ने युद्धविराम की निगरानी को लेकर कोई अन्य स्पष्ट योजना नहीं दी है।

वहीं यूक्रेन ने पुतिन के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साथ ही इसे अमेरिका और बाकी दुनिया को धोखा देने की कोशिश बताया है। यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कम से कम 30 दिनों तक चलने वाले तत्काल युद्ध विराम का आह्वान किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी पुतिन की मंशा पर सवाल उठाए हैं।

## भारी बारिश-तूफान की चपेट में न्यूजीलैंड, क्राइस्टचर्च में आपातकाल लागू



**वेलिंगटन।** मौसम विभाग ने समुद्र में पांच मीटर ऊंची लहरें उठने का अनुमान जताया है। वेलिंगटन के बाहरी इलाकों में हजारों मकानों में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

न्यूजीलैंड को गुरुवार को भारी बारिश और तूफान का सामना करना पड़ा। खराब मौसम और तबाही को देखते हुए दक्षिणी द्वीप के सबसे बड़े शहर क्राइस्टचर्च में आपातकाल लागू कर दिया गया है। राजधानी वेलिंगटन में विनाशकाली तूफान आया है। देश के कुछ हिस्सों में भारी बर्फबारी और समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरे उठ रही हैं। हालांकि गनीमत है कि अभी खराब मौसम के चलते किसी की मौत या किसी व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है। अभी तक नुकसान का अनुमान नहीं लगाया जा सका है, लेकिन राहत और बचाव कार्य जारी है।

खराब मौसम को देखते हुए लोगों से अपील की गई कि वे घरों के अंदर ही रहें और यात्रा करने से बचें। वेलिंगटन में 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं और इसके चलते बड़ी संख्या में पेड़ गिर गए हैं। वेलिंगटन को जाने वाली फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। फेरी सेवा भी शुक्रवार दोपहर तक रोक दी गई है। मौसम विभाग ने समुद्र में पांच मीटर ऊंची लहरें उठने का अनुमान जताया है। वेलिंगटन के बाहरी इलाकों में हजारों मकानों में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

क्राइस्टचर्च में भारी बारिश और बाढ़ की आशंका है, जिसके चलते शहर में आपातकाल लागू कर दिया गया है। कई सड़कें भारी बारिश से बंद हो गई हैं और बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस सकता है। न्यूजीलैंड अपनी भौगोलिक स्थितियों के कारण वैसे ही तेज हवाएं झेलता है। इसके चलते न्यूजीलैंड के मौसम में कई बार बड़े बदलाव होते हैं और लोग भी इनके आदी हैं, लेकिन इस बार असामान्य तौर पर चेतावनी जारी की गई है।

## अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला, पूरी की ट्रेनिंग

**मिशन**

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास रचने और अपने पहले अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए तैयार हैं।



**वॉशिंगटन।** शुभांशु शुक्ला को साल 2019 में भारत के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था। इस मिशन पर शुभांशु शुक्ला के साथ ही भारत के तीन और अंतरिक्षयात्री जाने वाले हैं। शुभांशु शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कोस्मोनोट ट्रेनिंग सेंटर और इसके बाद बंगलूरू में इसरो के प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स में एस्ट्रोनोट ट्रेनिंग पूरी की।

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास रचने और अपने पहले अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए तैयार हैं। दरअसल शुभांशु शुक्ला समेत पूरे एक्जियोम-4 क्रू के सदस्यों ने कैलिफोर्निया में स्पेसएक्स के साथ अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। शुभांशु शुक्ला की मॉक ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में उसी सूट में ट्रेनिंग हुई, जिसे पहनकर वे 29 मई 2025 को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

शुभांशु शुक्ला, एक्जियोम स्पेस के एक निजी मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (ढ्ढस्स्) जाएंगे। यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के सहयोग से किया जा रहा है। क्रू के सदस्य स्पेसएक्स के शक्तिशाली रॉकेट फाल्कन-9 रॉकेट से नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से 29 मई की रात करीब 10.33 बजे उड़ान भरेंगे। 14 दिन के मिशन पर जाने वाले एक्जियोम-4 क्रू में नासा की अंतरिक्षयात्री कमांडर पेगी व्हिट्सन, पोलैंड के अंतरिक्षयात्री स्वोज्ज विनिस्की और हंगरी के अंतरिक्षयात्री टिबोर कापू और भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे। शुभांशु शुक्ला को साल 2019 में भारत के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था। इस मिशन पर शुभांशु शुक्ला के साथ ही भारत के तीन और अंतरिक्षयात्री जाने वाले हैं। शुभांशु शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कोस्मोनोट ट्रेनिंग सेंटर और इसके बाद बंगलूरू में इसरो के प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स में एस्ट्रोनोट ट्रेनिंग पूरी की। एक्जियोम-4 मिशन के तहत शुक्ला आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे। इन एक्सपेरीमेंट्स को भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें स्क्रीन के इस्तेमाल के वक्त मस्तिष्क पर पड़ने वाले कॉगनिटिव इफेक्ट का अध्ययन, माइक्रोबियल एडेप्टेशन , मसल एट्रोफी, माइक्रोग्रेविटी में फसल रेजिलिएंस का अध्ययन शामिल है। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में रहने के दौरान भारतीय संस्कृति का भी प्रदर्शन करेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर योगा कर सकते हैं।

एक्जियोम-4 मिशन कई मायनों में भारत के लिए एतिहासिक है क्योंकि इसके साथ शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय बन जाएंगे, जो अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाएंगे। साथ ही शुभांशु राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। राकेश शर्मा साल 1984 को सोयूज टी-11 मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए थे। इसरो ने कहा है कि शुभांशु शुक्ला के एक्जियोम-4 मिशन पर जाने से भारत के गगनयान मिशन के लिए समझ बेहतर होगी।

# अपने हक के लिए शिक्षकों ने बुलंद की आवाज

- 14 सूत्रीय मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन
- शिक्षक समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष ही एक मात्र विकल्प: अरविंद

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** शिक्षकों की लंबित समस्याओं एवं मांगो को लेकर प्रदेश कार्यसमिति के निर्णयोपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय परिसर में मजदूर दिवस पर गुरुवार को धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। शिक्षक समस्याओं के अविलंब निराकरण हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन भी भेजा गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने धरना सभा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की ओर सरकार व विभागीय उच्चाधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए अब संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है। बेसिक शिक्षकों के 14 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से 2004 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों की पुरानी पेंशन की बहाली , मेमोरेंडम के बावजूद 2004 विशिष्ट बीटीसी बैच एवं बीटीसी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली , वर्षों से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करना, सभी प्रकार के अंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण, सभी शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा 10 लाख करना , विद्यालय संचालन अवधि टाइम एवं मोशन के अनुसार ग्रीष्म कालीन प्रातः 7 बजे से 12 तक कार्यावधि 5 घंटे किया जाना, विकलांग शिक्षको हेतु दिव्यांग वाहन भत्ता हेतु आदेश निर्गत करना आदि मांगे शामिल हैं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं काफी दिनों से लंबित है, जिसका निराकरण न होने से पूरा शिक्षक समाज आक्रोशित है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के पास संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। धरना सभा में बड़ी संख्या में शिक्षकों की जुटान से उत्साहित शिक्षक नेताओं ने अपने ओजपूर्ण संबोधन में विश्वास दिलाया कि संघ अब आरपार के संघर्ष का मन बना चुका है। सरकार को शिक्षकों के हितों की रक्षा करनी ही पड़ेगी। जिला मंत्री रवि चंद्र यादव ने कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा व हितों की अनदेखी किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हम चरणबद्ध आंदोलन के लिए विवश हो रहे हैं।कोषाध्यक्ष रामदुलार ने कहा कि शिक्षकों के हित में संघर्ष जारी रहेगा जब तक कि मांगे नहीं मानी जाती हैं। शिक्षको के प्रति सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन धरना स्थल पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ गोरखनाथ पटेल ने लिया।

इस अवसर पर रवि चंद यादव, लाल साहब यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रामदुलार, प्रमोद दुबे, संजय यादव , राजेश बहादुर सिंह, सरोज सिंह,लक्ष्मीकांत सिंह, आलोक सिंह, शिवेंद्र सिंह रानू, राजेश सिंह मुन्ना, विष्णु तिवारी, सुषमा सिंह, कुमुदनी अस्थाना, भारती सिंह, राकेश पाण्डेय, रजनीश सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रयास सामाजिक संगठन ने किया पौधारोपण

**आजमगढ़।** इस भीषण गर्मी एवं पर्यावरण को निरंतर ध्यान में रखते हुए प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा पौधारोपण का कार्य लगातार जारी है,अब तक कुल सुरक्षित 400 पौधों का रोपण करने के उपरांत आज संस्था द्वारा पीपल पाकड़ बरगढ़ का पौधा कुएं के पास नीबी ग्राम में सार्वजनिक स्थल पर मुस्कान जनरल स्टोर बेलइसा के सौजन्य से लगाया गया, - अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष संस्था का उद्देश्य 200 पौधों का सुरक्षित ट्री गार्ड सहित रोपण करना है, बीती गर्मी में जब लोग बेहाल हुए तो तमाम लोगों के मन में विचार आया कि पौधारोपण ही मात्र एक विकल्प है जिससे हम इससे निजात पा सकते हैं,- हम समाज के जागरूक, संवेदनशील लोगों से अनुरोध करते हैं कि आप इस कार्य में हमारी मदद करें -अपनी दुकान के नाम से,अपने प्रतिष्ठान के नाम से,किसी की स्मृति में, बेटे के जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाए, ट्री गार्ड सहित एक पौधा लगाने का कुल खर्च 1500/ आता है, संस्था पौधा लगवाने वाले का नेम प्लेट भी पौधे पर लगाती है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत ऋण वितरण में जनपद रहा शीर्ष पर

- पिछले एक माह में पूरे प्रदेश में जनपद में सबसे अधिक 257 युवाओं को किया गया ऋण वितरित

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री की युवा उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उद्योग स्थापित करने हेतु ऋण सुविधा प्रदान करने की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में जनपद ने विगत अप्रैल माह में सर्वाधिक 257 युवाओं को ऋण देकर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। शासन द्वारा उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित किया जा रहा है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। अब तक प्रदेश भर में 48 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य 1 लाख 50 हजार रखा है, जिसमें जनपद का लक्ष्य 2200 रखा गया है जिसमें प्राप्त 1176 आवेदनों के सापेक्ष 447 आवेदनों को बैंक ने लोन स्वीकृति दे दी है जबकि 257 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है।

जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के द्वारा नियमित रुप से योजना में प्रगति की समीक्षा की जा रही है। उनके द्वारा उद्यमियों, बैंकर्स के साथ बैठक करते हुए स्पष्ट निर्देश किया गया है कि यह योजना शासन की प्राथमिकता में शामिल महत्वपूर्ण योजना है जिसमें आवेदकों को प्राथमिकता पर रखते हुए उन्हें त्वरित गति से ऋण वितरित करें जिससे कि वे अपना उद्योग शुरु कर सके और आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अन्य युवाओं को भी रोजगार दे सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री का संकल्प है कि जनपद के युवाओं को उद्यमी बनाकर रोजगार सृजन के रुप में उन्हें आगे बढाया जाए, जिससे देश की विकास को गति मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी बैंको के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक ऋण वितरित करें जिससे जनपद की सीडी रेसियों में वृद्धि हो सके। जिन बैंकों के द्वारा ऋण वितरण में रुचि नहीं ली जा रही है ऐसे बैंकों का चिन्हित करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा उनकी शाखों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है और संबंधित को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि युवाओं को बिना परेशान किए हुए ऋण वितरित करें अन्यथा सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे प्रदेश में पिछले एक माह में जौनपुर ने सबसे अधिक युवाओं को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# प्रदेश व्यापी आन्दोलन के आह्वान पर विद्युत कर्मचारियों निकाली बाईक रैली

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इन्जीनियर संगठन, विद्युत तकनीकी कर्मचारी एकता संघ के प्रदेश व्यापी आन्दोलन के आह्वान पर आज मंगलवार आजमगढ़ के विद्युत कर्मचारियों, अभियन्ता अधिकारियों, अवर अभियन्ताओ, तकनीकी कर्मचारियों एवं विद्युत संविदा कर्मचारियों ने कार्यालय समय के बाद सायंकाल 05:00 बजे विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर हाइडिल कालोनी, सिधारी, आजमगढ़ से विशाल मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया जिसमें बाइक रैली हाइडिल कालोनी सिधारी से प्रस्थान करते हुए शंकर तिराहा, सिधारी नया पुल, रैदोपुर, एलवल, बड़ादेव, नगर पालिका चौराहा, कलेक्ट्रेट, चर्च चौराहा से नरौली होते हुए सिधारी हाइडिल कालोनी पर समाप्त हुई जिसमें विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं रैली के माध्यम से उ0प्र0 विद्युत विभाग के दो बड़े डिस्काम (पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) के पी0पी0पी0 मॉडल के आधार पर निजीकरण के विरोध में नारे लगाये गये। पूर्वान्चल एवं दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण किये जाने का जबरदस्त विरोध करते हुए निर्णय लिया कि किसी भी हालत में हम निजीकरण नहीं होने देंगे। ऊर्जा प्रबन्धन बिजली का निजीकरण कर प्रदेश की जनता, विद्युत उपभोक्ताओं को मोमबत्ती-लालटेन युग में लाने का प्रयास कर रहा है तथा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन प्रबन्धन औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बना रहा है। उक्त रैली के माध्यम से जन समर्थन को एकत्रित कर एक संघ शक्ति के रूप में बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव को वापस लिये जाने हेतु जन जागरण किया गया, जिसमें विद्युत विभाग के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे। विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के संयोजक प्रभु नारायण पाण्डेय 'प्रेमी द्वारा कहा गया कि निजीकरण के बाद विद्युत कर्मियों की बड़े पैमाने पर छंटनी होगी एवं सेवा शर्तें प्रभावित होंगी, जिसके फलस्वरूप विद्युत विभाग में रोजगार के अवसर समाप्त हो जायेंगे एवं कार्यरत कर्मचारियों का भविष्य अन्धकारमय हो जायेगा। निजीकरण के बाद आम जनता को प्राप्त होने वाली बिजली दर में भी काफी वृद्धि हो जायेगी जिससे आम जनमानस एवं प्रदेश के किसानों को बाध्य होकर महँगी बिजली खरीदनी पड़ेगी एवं आम जनता के दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाली वस्तुओं के मूल्य में भी काफी वृद्धि होगी क्यों कि लगभग प्रत्येक उद्योग बिजली से ही संचालित होता है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इन्जीनियर संगठन एवं विद्युत तकनीकी कर्मचारी एकता संघ के समस्त सदस्यों में निजीकरण को लेकर काफी रोष व्याप्त है। प्रदेश के यशस्वी माननीय मुख्यमन्त्री से यह अनुरोध है कि निजीकरण के प्रस्ताव को व्यापक जनहित में निरस्त करने की महती कृपा करें।

## 15 सूत्री मांगों के समर्थन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का धरना

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय आजमगढ़ पर प्राथमिक शिक्षकों का एक दिवसीय विशाल धरना एवं प्रदर्शन अपनी 15 सूत्री मांगों के समर्थन में किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अभिमन्यु यादव ने किया धरना को संबोधित करते हुए मांडलिक संगठन मंत्री अतुल कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन जीवन एवं मरण का प्रश्न है और हम इसे लेकर रहेंगे उन्होंने अनुसूचित जाति संवर्ग के शिक्षकों एवं शिक्षकाओं के वर्षों से लंबित चौन वेतनमान की पत्रावलियों के शीघ्र निस्तारण हेतु चेतावनी भी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### इकॉनामिक रिफॉर्म की दिशा में वन नेशन वन इलेक्शन बड़ा कदम है : सीमा द्विवेदी



**जौनपुर।** वन नेशन वन इलेक्शन पर मल्हनी विधानसभा मे गुलाबी देवी महाविद्यालय मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि इकॉनामिक रिफॉर्म की दिशा में वन नेशन वन इलेक्शन बड़ा कदम है इसके फायदे आगे जाकर मिलेंगे इकॉनमिक रिफॉर्म्स के नजरिए से देखें, तो जब इलेक्शन 5 साल में एक बार होने लगेंगे, तो सरकारों को आर्थिक सुधार के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा इसलिए अगर केंद्र और राज्य सरकारों के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो हमें उसका बड़ा रिटर्न मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इलेक्टोरल रिफॉर्म की पहल भी कर दी है। पार्लियामेंट में बिल भी पेश किया जा चुका है वन नेशन वन इलेक्शन फिलहाल JPC में है अभी जितने इलेक्शन हो रहे हैं, उन्हें मिला दिया जाए और इलेक्शन प्रोसेस में बदलाव लाया जाए तो चुनावी खर्चों, राजकोषीय घाटे, शासन के ढांचे पर इसका सीधा असर पड़ेगा आगे जाकर ये असर फायदेमंद साबित होगा।

### शेरवानी इंटर कॉलेज मुकुंदपुर के छात्र-छात्राओं परिषदीय परीक्षा में लहराया परचम



**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सोराव तहसील के अंतर्गत जिले अति प्रसिद्ध शेरवानी इंटर कॉलेज मुकुंदपुर के छात्र-छात्राओं को हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार राय व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी गयी प्रधानाचार्य ने बताया कि इंटरमीडिएट में पूर्णांक 500 में, अंशिका यादव 425, आशीष साहू 422, प्रियांशु साहू 401, मधू मौर्य 397 प्रीतम कुमार 393, अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार हाईस्कूल में पूर्णांक 600 में,संजना सोनी 519, मानसी-506 प्रिया और रिया 505, काजल 504, और तनीषा पाल 500 अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गयी।

## एसटीएफ से बदमाश को छुड़ा ले गईं महिलाएं



**प्रयागराज।** प्रयागराज में एसटीएफ की हिरासत से बदमाश को महिलाएं छुड़ाकर ले गई। पूरा मामला मऊआइमा थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव का है। बुधवार रात टीम ने दबिश देकर बदमाश को पकड़ लिया। गाड़ी में बैठाकर ले जा रही थी, तभी घर की महिलाओं ने टीम को घेर लिया।

महिलाओं ने जवानों की कॉलर पकड़ ली। कहा कि वारंट दिखाओ, जबरदस्ती घर में कैसे घुस गए? टीम ने समझाने की कोशिश की, लेकिन महिलाएं बहस करते-करते उग्र हो गई। देखते ही देखते आसपास के लोग भी जुट गए। टीम ने लोगों को खदेड़ने की कोशिश की। इस बीच झड़प और धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद महिलाएं बदमाश इमरान को खींचकर ले गई। एसटीएफ ने थाने में तस्करा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे पर ड्राइवर को अगवा कर ट्रक लूट के मामले में एसटीएफ छापेमारी कर रही थी। पूछताछ में इमरान का नाम सामने आया। इसके बाद एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि बदमाश इमरान अपने घर पर है। देर रात दो स्कॉर्पियो से 11 जवान दबिश देने पहुंचे। टीम ने घर में घुसकर इमरान को पकड़ लिया। जब उसे लेकर जाने लगी, तभी घर की महिलाएं और आसपास के लोग वहां जमा हो गए। महिलाओं ने जवानों को पकड़ लिया। टीम पर हमला कर दिया और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। टीम ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ सुनने को तैयार नहीं थी।अन्ततः भीड़ इमरान को छुड़ाकर ले गई।

# वास्तविक मजदूरों के लिये कुछ करने की जरूरत: दीपक

- कार्यालय उप श्रमायुक्त, उप्र प्रयागराज क्षेत्र प्रयागराज के कैम्पस में अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2025 के कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** कार्यालय उप श्रमायुक्त, उ0प्र0 प्रयागराज क्षेत्र प्रयागराज के कैम्पस में अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2025 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपक पटेल, विधायक, फूलपुर एवं विजय विश्वास पन्त, आयुक्त, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज द्वारा दीप प्रज्वललन कर किया गया। इसके उपरान्त विधायक एवं मण्डलायुक्त द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक पंजीयन कैम्प का उद्घाटन किया गया। उप श्रमायुक्त प्रयागराज क्षेत्र प्रयागराज द्वारा विधायक एवं मण्डलायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। उप श्रम आयुक्त द्वारा अपने संबोधन के दौरान श्रमिक दिवस के अवसर पर बताया गया कि यह कारवों वर्ष 1989 से चला आ रहा है।

संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के लिये सरकार योजनायें संचालित कर उनके उत्थान हेतु कटिबद्ध है। मातृत्व शिशु हितलाभ एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत उप श्रमायुक्त द्वारा बताया गया कि जो भी महिला श्रमिक पंजीकृत है, उनके प्रसूति की अवस्था में 03 माह का न्यूनतम वेतन बोर्ड द्वारा उनके बैंक खाते में भेजा जाता है। उप श्रमायुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद मिडटाउन के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया गया तथा रोटरी क्लब की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को टी-शर्ट का वितरण किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रमिकों एवं अन्य आगुन्तकों को अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की बधाई दी गयी। मण्डलायुक्त ने संबोधित करते हुए बताया कि श्रमिक दिवस के अवसर पर जिन श्रमिकों के सम्मान में आज यह आयोजन किया गया है एवं हर जगह जिस विकास की बातें हो रही हैं, नये-नये आयाम जोड़ने की बातें हो रही हैं तथा नयी-नयी सड़कें, ऊंची-ऊंची इमारते बन रही हैं, उसमें श्रमिक वर्ग का बहुत ही बड़ा योगदान है। आज यदि कोई सम्मान पाने का हकदार है तो वह है श्रमिक वर्ग।

इसके उपरान्त विधायक फूलपुर दीपक पटेल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रमिकों एवं अन्य आगुन्तकों का संबोधित करते हुये कहा गया है कि जो वास्तविक मजदूर है, उनके लिये कुछ करने की जरूरत है, इससे बड़ा पुण्य लाभ और कही नहीं मिल सकता।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर दीपक पटेल, विधायक, फूलपुर एवं मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त द्वारा अटल आवासीय विद्यालय में इस शैक्षणिक सत्र में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र तथा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पंजीकृत पात्र निर्माण श्रमिकों को लाभान्वित किया गया।

# गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जनपद में क्रय लक्ष्य 35500 एमटी के सापेक्ष 30 अप्रैल 2025 तक 8063 एमटी की खरीद हुई है जो कि लक्ष्य का 22.71 प्रतिशत है। जिलाधिकारी द्वारा सभी क्रय एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी अपने क्रय लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन की खरीद करें। उन्होंने कहा कि किसानों से सम्पर्क करते हुए मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से खरीद कराएं। किसी भी दशा में दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष खरीद में कमी न आने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो क्रय केंद्र या एजेंसी लक्ष्य के अनुसार गेहूं खरीद नहीं कर पाएगी, उसे आगामी खरीद से डिबार कर दिया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम अक्षयबर चौहान, डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक, एआर कॉपरेटिव अमित पाण्डेय सहित सभी जिला प्रबंधक, मंडी सचिव और एडीओ, एडीसीओ उपस्थित रहे।

# 7 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद, 59000 रूपए लगा जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने नौ वर्ष पूर्व बक्सा थाना क्षेत्र में 7 वर्षीय बच्ची के अपहरण ,दुष्कर्म व हत्या करने करने प्रयास के आरोपी युवक को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 59000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन कथानक के अनुसार बक्सा का क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया की 26 जुलाई 2016 को शाम 4:30 बजे उसकी 7 वर्षीय पुत्री सड़क के किनारे बकरी चरा रही थी तभी एक 28 वर्षीय युवक मोटरसाइकिल से पहुंचा और उसे बहला फुसलाकर बाइक पर बैठा कर ले गया। कुछ लोगों के बताने पर उसके जाने वाली दिशा में खोजते हुए रेलवे पुलिया के पास पहुंचे जहां उस युवक की बाइक खड़ी मिली। बगल में औंका प्राइमरी स्कूल से बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां पहुंचा तो देखा युवक बच्ची को निर्वस्त्र करके दुष्कर्म कर रहा था। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने युवक को अपहरण , दुष्कर्म व हत्या करने के प्रयास के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 59000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की समस्त धनराशि पीड़िता को देने का भी आदेश दिया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी भादर-अमेठी।

पत्रांक : 220/लेखा/ई-टेण्डरिंग/2025-26 दिनांक : 29/04/2025

**संशोधित सूचना**

इस कार्यालय के पंत्राक संख्या-200/भूसा निविदा (टेण्डर)/2025-26, दिनांक-25.04.2025 द्वारा विकास खण्ड भादर में स्थित ग्राम पंचायतों में संचालित गौ आश्रय स्थलों पर भूसा आपूर्ति हेतु ई-निविदा निकाली गई थी, जिसमें त्रुटिवश निविदा आमंत्रित करने की तिथि दिनांक-26.04.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 04.05.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक तथा निविदा खुलने की तिथि दिनांक 04.05.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे अंकित हो गई थी।

निविदा खुलने की संशोशित तिथि दिनांक-01.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 09.05.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक तथा निविदा खुलने की तिथि दिनांक 09.05.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे पढी व समझी जाये।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**भादर-अमेठी।**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अमेठी जनपद अमेठी

पत्रांक : 176/लेखा/ई-टेण्डर/2025-26 दिनॉक :- 01-05-2025

**संशोधित सूचना**

इस कार्यालय के पत्र संख्या 148/भूसा निविदा (टेण्डर)/2025-26 दिनाँक 25.04.2025 द्वारा विकास खण्ड अमेठी में स्थित ग्राम पंचायतों में संचालित गौ-आश्रय स्थलों पर भूसा आपूर्ति हेतु ई-निविदा निकाली गयी थी, जिसमें त्रुटिवश निविदा आमंत्रित करने की तिथित दिनॉक 26.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनाँक 04.05.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक तथा निविदा खुलने की तिथि दिनॉक 04.05.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे अंकित हो गयी थी।

निविदा खुलने की संशोधित तिथि दिनाँक 01.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनाँक 09.05.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक तथा निविदा खुलने की तिथि दिनॉक 09.05.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे पढी व समझी जाये।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**भादर-अमेठी।**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-सोनबरसा
### विकास खण्ड- मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/पंचायत/निविदा आपूर्ति/2025-26 दिनांक : 01.05.2025

**-:: अल्पकालिक निविदा/सामग्री आपूर्ति सूचना ::-**

ग्राम पंचायत सोनबरसा विकास खण्ड मोतीचक जनपद कुशीनगर द्वारा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एस0एल0डब्लू0एम0, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आर0जी0एस0ए0 इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईट, ईंट की गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग बालू, लोकल बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, पेंट, प्राईमर, समोसन, हयूम पाईप, टायल्स, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिवोर मैटेरियल, प्लास्टीक बैंक, डस्टवीन, भस्मक, प्रोफाईल शीट, ई-रिक्सा (गारवेज), आर.सी.सी. बेंच, डेस्क, सोलर/स्ट्रीट लाईट, ओपेन जीम सामग्री, झूला, पंचायत सचिवालय स्थापना सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामग्री (सी0सी0कैमरा), चेयर, डिजीटल कैमरा, फॉगिंग मशीन आदि की आवश्यकता है, जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13-05-2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) होगी।

**नियम व शर्तें : -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता है कि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जीएसटी, कार्टेज व अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 02 प्रतिशत आयकर एवं जीएसटी कर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, क्षे.पं.स., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप, एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता/ कन्सल्टिंग इंजीनियर द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद,/राष्ट्रीयकृत/एफडीआर एवं डाकघर बचतपत्र के रूप में ग्राम पंचायत सोनबरसा के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय द्वारा आपूर्ती आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य रू0 100/- है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमती दुर्गावती**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- सोनबरसा
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

**विजय प्रताप**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- सोनबरसा
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

# टैरिफ, तेल की कीमतें और अन्य अनिश्चितताओं से मध्यपूर्व की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित, आईएमएफ का दावा

आईएमएफ में मध्य पूर्व और मध्य एशिया के निदेशक जिहाद अजौर ने कहा कि अमेरिका और अन्य देशों की टैरिफ योजनाओं और भू-राजनीतिक तनावों ने वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता बढ़ा दी है। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उनकी वृद्धि में 2 प्रतिशत से 4.5 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के देशों को आर्थिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा टैरिफ प्रकरण, हाल के दिनों में तेल की कम कीमतों और वित्तीय सहायता में कटौती के कारण क्षेत्र में आर्थिक अनिश्चितता बढ़ने के कारण है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने बुधवार को यह टिप्पणी की।

एमईएनए क्षेत्र (मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका) के लिए आईएमएफ की क्षेत्रीय दृष्टिकोण रिपोर्ट के अनुसार ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 2022 के 120 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर के उच्च स्तर से नीचे हैं। 2025 और 2026 में यह भाव 65 से 69 डॉलर प्रति बैरल तक जाने




की आशंका है। इससे ऊर्जा के निर्यात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाएं बाजार में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील हो जाएंगी।

आईएमएफ में मध्य पूर्व और मध्य एशिया के निदेशक जिहाद अजौर ने कहा कि अमेरिका और अन्य देशों की टैरिफ योजनाओं और भू-राजनीतिक तनावों ने वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता बढ़ा दी है। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उनकी वृद्धि में 2 प्रतिशत से 4.5 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

दुबई में एक साक्षात्कार में अजूर ने कहा, इन देशों को प्रतिक्रिया करने और अपनी अर्थव्यवस्थाओं की रक्षा के लिए नीतियां बनाने की जरूरत है। अजौर ने कहा कि क्षेत्र में आने वाली विदेशी सहायता में कमी भी चिंता का एक प्रमुख कारण है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विश्व में दूसरे देशों को अमेरिका सहायता रोकने की बात कही है। अजौर ने कहा, अंतरराष्ट्रीय सहायता में कमी, विशेष रूप से कमजोर देशों के लिए, ऐसी चीज है जो क्षेत्र के लिए नए जोखिम पैदा कर रही है।

अजौर ने इस वर्ष एमईएनए क्षेत्र में वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है। पिछले वर्ष यह 1.8 प्रतिशत थी। अजौर ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता से परिदृश्य प्रभावित हो सकता है। फारस की खाड़ी की अर्थव्यवस्थाएं पर्याप्त प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करना जारी रखे हुए हैं। यह महामारी के बाद से सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 2 प्रतिशत तक बढ़ गया है। आईएमएफ का कहना है कि वह संघर्षरत कुछ देशों और सीरिया की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि आईएमएफ के कर्मचारी और लेबनानी अधिकारी लेबनान में चर्चा कर रहे हैं।

अजूर ने कहा, सीरिया में स्थिति सामान्य होना एक लंबी प्रक्रिया होगी। इसके लिए क्षेत्रीय और अंतराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की आवश्यकता होगी। वहां संस्थानों के निर्माण, उनकी अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए एक व्यापक कार्यक्रम की आवश्यकता होगी।

# अदाणी एंटरप्राइजेज का शुद्ध मुनाफा चौथी तिमाही में 7.5 गुना बढ़ा

**मुंबई।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च के दौरान उसे 3,845 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी का मुनाफा 450.58 करोड़ रुपये था। लाभ में यह वृद्धि विल्मर में कंपनी की हिस्सेदारी बेचने से मिली 3,286 करोड़ रुपये की राशि के कारण हुई। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

अदाणी समूह की मूल कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने गुरुवार को चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी के अनुसार उसके शुद्ध लाभ में 7.5 गुना वृद्धि हुई है। यह इजाफा उपभोक्ता सामान कारोबार में हिस्सेदारी बेचने से हुए लाभ और सौर व विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत वृद्धि के कारण हुआ है।

कंपनी के एक बयान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च के दौरान उसे 3,845 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी का मुनाफा 450.58 करोड़ रुपये था। लाभ में यह वृद्धि विल्मर में कंपनी की हिस्सेदारी बेचने से मिली 3,286




करोड़ रुपये की राशि के कारण हुई। विल्मर हिस्सेदारी बिक्री से एकमुश्त लाभ को समायोजित करने के बाद कंपनी का शुद्ध मुनाफा 1,313 करोड़ रुपये रहा।

कंपनी के अनुसार उसका मजबूत प्रदर्शन इनक्यूबेटर व्यवसायों- सौर और पवन विनिर्माण और हवाई अड्डों के कारोबार में वृद्धि के कारण संभव हो पाया। तिमाही के दौरान इन दोनों व्यवसायों के लिए EBITDA में क्रमशः 73 प्रतिशत और 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई,। जिससे समेकित EBITDA चौथी तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 4,346 करोड़ रुपये हो गया। उभरते बुनियादी ढांचा व्यवसायों के इस प्रदर्शन ने कमोडिटी, मुख्य रूप से कोयले की कीमतों और मात्रा में गिरावट के कारण हुए नुकसान की भरपाई कर दी, जिसमें सालाना आधार पर 38 प्रतिशत की कमी आई। तिमाही के दौरान खनन व्यवसाय में वर्षवार आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 (स्न्ङ्ग25) के लिए पिछले वित्त वर्ष के 3,240.78 करोड़ रुपये की तुलना में 7,099 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया।

समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, अदाणी एंटरप्राइजेज में हम ऐसे व्यवसाय बना रहे हैं जो भारत के बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र के लिए आगे का रास्ता तय करेंगे। वित्त वर्ष 2025 में हमारा शानदार प्रदर्शन पैमाने, गति और स्थिरता में हमारी ताकत का प्रत्यक्ष परिणाम है। हमारे इनक्यूबेटिंग व्यवसायों में प्रभावशाली वृद्धि, अनुशासित निष्पादन, भविष्य-केंद्रित निवेश और परिचालन उत्कृष्टता, नवाचार और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता हमारी ताकत है।÷ उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे कंपनी अपने ऊर्जा कारोबार, हवाई अड्डों, डेटा केंद्रों और खनन सेवाओं का विस्तार कर रही है, वह बाजार के नए लीडर्स का निर्माण कर रही है। ये आने वाले दशकों में भारत की विकास कहानी को आगे बढ़ाएंगे। कंपनी ने कहा कि वह अपनी सौर विनिर्माण क्षमता को 150 प्रतिशत या 6 गीगावाट बढ़ाकर 10 गीगावाट कर रही है। कंपनी ने क्षमता विस्तार के लिए पहले ही 5,500 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रबंध हासिल कर लिया है। कंपनी ने पवन ऊर्जा क्षमता को भी 1.5 गीगावाट से बढ़ाकर 2.5 गीगावाट कर दिया है।

# अप्रैल 2025 में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर




**नई दिल्ली।** वस्तु और सेवा कर संग्रह अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। जीएसटी से जुड़े आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू लेनदेन से राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

जीएसटी कलेक्शन अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। सरकार ने गुरुवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये था। यह 01 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के बाद दूसरा सबसे अधिक संग्रह था। मार्च 2025 में जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा था।

जीएसटी से जुड़े आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू लेनदेन से राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल के दौरान रिफंड जारी करने की राशि 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने के बाद अप्रैल में शुद्ध जीएसटी संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

# ग्राहकों की प्रोफाइल में सुधार आसान, खाता ट्रांसफर का झंझट भी खत्म

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने ग्राहकों की ओर से प्रोफाइल अपडेट करने की प्रक्रिया आसान कर दी है। अगर आपका यूएएन नंबर आधार से जुड़ा है तो आप अब अपने नाम, जन्मतिथि, लिंग, राष्ट्रीयता, माता-पिता के नाम, वैवाहिक स्थिति, जीवनसाथी की जानकारी और नौकरी शुरू और खत्म होने की तारीख जैसी अहम जानकारियां खुद ही अपडेट कर सकते हैं। आइए साल 2025 में ईपीएफओ में हुए पांच अहम बदलावों के बारे में जानते हैं।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने साल 2025 में अपने करोड़ों ग्राहकों के लिए कई बड़े और अहम बदलाव किए हैं। इनका मकसद कर्मचारियों को अधिक से अधिक सुविधा देना, प्रक्रियाओं को डिजिटल व आसान बनाने के साथ पारदर्शिता लाना है। ये बदलाव प्रोफाइल अपडेट करने, नौकरी बदलने पर पीएफ खाता ट्रांसफर करने या फिर अधिक पेंशन से जुड़ी नीतियों से जुड़े हैं।

ईपीएफओ ने ग्राहकों की ओर से प्रोफाइल अपडेट करने की प्रक्रिया




आसान कर दी है। अगर आपका यूएएन नंबर आधार से जुड़ा है तो आप अब अपने नाम, जन्मतिथि, लिंग, राष्ट्रीयता, माता-पिता के नाम, वैवाहिक स्थिति, जीवनसाथी की जानकारी और नौकरी शुरू और खत्म होने की तारीख जैसी अहम जानकारियां खुद ही अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए किसी दस्तावेज की भी जरूरत नहीं है और इसे ऑनलाइन ही किया जा सकता है। हालांकि, यदि ग्राहक का यूएएन 1 अक्तूबर 2017 से पहले का है, तो कुछ चीजों में बदलाव के लिए उन्हें नियोक्ता की मंजूरी की जरूरत हो सकती है।

अक्सर नौकरी बदलने पर पीएफ खाता ट्रांसफर करने में दिक्कत आती थी। लेकिन नए बदलावों के बाद अब यह झंझट भी खत्म हो गया है। 15 जनवरी 2025 को ईपीएफओ ने इससे जुड़े नए निर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक कुछ मामलों में पीएफ ट्रांसफर के लिए न तो पुराने नियोक्ता की मंजूरी की जरूरत है और न ही नए की। यह सुविधा उपलब्ध होगी यदि एक ही यूएएन से जुड़ी सदस्य आईडी का स्थानांतरण होता है और यूएएन आधार से जुड़ा हुआ है और 1 अक्तूबर 2017 के बाद जारी किया गया है। यदि दो अलग-अलग यूएएन को आधार से जोड़ा गया है और विवरण (नाम, जन्म तिथि, लिंग) समान होने चाहिए।

ईपीएफओ ने 16 जनवरी 2025 को संयुक्त घोषणा (जेडी) की प्रक्रिया के संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए। पहले इस बारे में एसओपी संस्करण 3.0 लागू था, जिसे अब हटा दिया गया है और सदस्यों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जैसे- जिनका यूएएन आधार आधारित है- वे ऑनलाइन जेडी कर सकते हैं। जिनका यूएएन पुराना है लेकिन आधार से सत्यापित है- वे भी ऑनलाइन जेडी कर सकते हैं। जिनके पास यूएएन नहीं है, आधार सत्यापित नहीं है या सदस्य की मृत्यु हो गई है- उनके लिए भौतिक जेडी का प्रावधान है।

1 जनवरी 2025 से ईपीएफओ ने एक नई व्यवस्था शुरू की है, जिसका नाम है सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट सिस्टम। अब एनपीसीआई प्लेटफॉर्म के जरिए देश के किसी भी बैंक खाते में सीधे पेंशन भेजने की व्यवस्था की गई है।

## एटीएम से पांच लेनदेन मुफ्त, लेकिन छठी बार पैसा निकालने पर देना पड़ेगा 23 रुपये, नए बदलाव लागू

**नई दिल्ली।** अब ग्राहकों को एक महीने के दौरान एटीएम से मुफ्त स्वीकार्य सीमा से अधिक की निकासी पर प्रति लेनदेन 23 रुपये का भुगतान करना होगा। पहले बैंकों को ऐसे लेनदेन पर अधिकतम 21 रुपये तक शुल्क वसूलने की अनुमति थी। इससे पहले बैंकों को ऐसे लेनदेन पर 21 रुपये तक शुल्क लेने की अनुमति थी।

एटीएम से जुड़े आरबीआई के निर्देश गुरुवार से लागू हो गए। अब ग्राहकों को एक महीने के दौरान एटीएम से मुफ्त स्वीकार्य सीमा से अधिक की निकासी पर प्रति लेनदेन 23 रुपये का भुगतान करना होगा। पहले बैंकों को ऐसे लेनदेन पर अधिकतम 21 रुपये तक शुल्क वसूलने की अनुमति थी।

ग्राहक अपने बैंक की स्वचालित टेलर मशीनों (एटीएम) से हर महीने पांच निःशुल्क लेनदेन (वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन सहित) के लिए कर सकेंगे। वे अन्य बैंकों के एटीएम से भी मुफ्त लेनदेन (वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन सहित) के लिए पात्र हैं। मेट्रो शहरों में ग्राहक तीन लेनदेन और गैर-मेट्रो केंद्रों में पांच लेनदेन मुफ्त में कर सकेंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 28 मार्च को ऑटोमेटेड टेलर मशीनों/कैश रिसाइक्लर मशीनों के उपयोग- इंटरचेंज शुल्क और ग्राहक प्रभार की समीक्षा से जुड़े निर्देश जारी किए थे। आरबीआई के परिपत्र में कहा गया है, मुफ्त लेनदेन के अलावा, ग्राहक से प्रति लेनदेन अधिकतम 23 रुपये का शुल्क लिया जा सकता है। यह 01 मई, 2025 से प्रभावी होगा। संशोधित निर्देश कैश रिसाइक्लर मशीनों (नकद जमा लेनदेन के अलावा) के जरिए किए गए लेनदेन पर भी लागू होते हैं। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि एटीएम इंटरचेंज शुल्क एटीएम नेटवर्क की ओर से तय किया जाएगा। मार्च 2025 के अंत तक 2,55,885 बैंक एटीएम, कैश रिसाइक्लर मशीन (सीआरएम) और व्हाइट लेबल एटीएम (डब्ल्यूएलए) थे।

# सीएमएफ बाय नथिंग ने लॉन्च किए सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स2, बड्स 2 प्लस, और बड्स 2ए

**अयोध्या।** लंदन आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्राण्ड सीएमएफ ने आज चार नए



प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं- सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स 2, बड्स 2 प्लस, बड्स 2ए। नथिंग साल की शानदार शुरूआत को जारी रखे हुए है। काउंटरपॉइन्ट रीसर्च क्वार्टर 1 2025 इंडिया स्मार्टफोन शिपमेन्ट रिपोर्ट के अनुसार ब्राण्ड को इस तिमाही सबसे तेज़ी से विकसित होते स्मार्टफोन ब्राण्ड का दर्जा दिया गया है, जिसने 156 फीसदी सालाना की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। लगातार पांचवी तिमाही के लिए नथिंग ने सबसे तेज़ी से विकसित होते ब्राण्ड के रूप में अपनी स्थिति को बरक़रार रखा है। नथिंग पिछली तिमाही के दौरान भारतीय बाज़ार में इस उपलब्धि को हासिल करने वाला एकमात्र ब्राण्ड बन गया है। कई कीमतों में उपलब्ध सीएमएफ बड्स 2025 रेंज सभी के लिए सुलभ है। इस रेंज में रोज़मर्रा की ऑडियो ज़रूरतों से लेकर पर्सनलाइज़्ड साउण्ड तक, हर ज़रूरत और म्युज़िक प्रोफाइल के मुताबिक सीएमएफ बड्स उपलब्ध हैं। सीएमएफ फोन 2 प्रो व्हाईट, ब्लैक, ओरेंज और लाईट ग्रीन कलर में उपलब्ध होगा।8 प्लस 128 जीबी- रु 17,999 (बैंक या एक्सचेंज ऑफर सहित),8 प्लस 256 जीबी- रु 19,999 (बैंक या एक्सचेंज ऑफर सहित),स्पेशल इंटरोडक्टरी ऑफर के तहत 5 मई को सीएमएफ फोन 2 प्रो का 8 प्लस 128 जीबी रु 16,999 में तथा 8 प्लस 256 जीबी वेरिएन्ट रु 18,999 में उपलब्ध होगा (सभी ऑफर्स सहित)। ,पहले दिन एक्सचेंज ऑफरः सीएमएफ फोन 2 प्रो पर रु 1000 का एक्सचेंज बोनस और रु 1000 का बैंक ऑफर उपलब्ध होगा (सभी अग्रणी बैंकों पर लागू),सीएमएफ बड्स 2 ए- रु 2199 में, सीएमएफ बड्स 2 रु 2699 में तथा सीएमएफ बड्स 2 प्लस रु 3299 में उपलब्ध होंगे। सीएमएफ फोन प्रो 5 मई 2025 से फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी अग्रणी रीटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा, सीएमएफ बड्स 2, बड्स 2 प्लस, बड्स 2 ए, 2025 की दूसरी तिमाही के अंत तक भारत में उपलब्ध होंगे, सीएमएफ फोन 2 प्रो की एक्सेसरीज़ भी जल्द ही भारत में लॉन्च की जाएंगी।

## भारत का मीडिया व मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है: मुकेश अंबानी

**मुंबई।** भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इससे लाखों नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। इसका अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अरबपति मुकेश अंबानी ने गुरुवार को ये बातें कही।

मुंबई के जियो वर्ल्ड में आयोजित वेव्स 2025 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए अंबानी ने कहा, भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग आज 28 अरब अमेरिकी डॉलर का है। अगले दशक में यह 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो सकता है। यह वृद्धि उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी। लाखों नौकरियां पैदा करेगी और सभी क्षेत्रों पर इसका असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत एक अग्रणी डिजिटल राष्ट्र बन गया है। कहानी कहने के तरीके और डिजिटल प्रौद्योगिकियों का सम्मिश्रण भारत के लिए अद्वितीय है।

अंबानी ने कहा, मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभवों के प्रभाव और पहुंच कल्पना से परे बढ़ी है । एआई और इमर्सिव टेक्नोलॉजी के साधन हमारी कहानियों को पहले से कहीं अधिक आकर्षक बना सकते हैं और उन्हें तुरंत विभिन्न भाषाओं, देशों और संस्कृतियों के दर्शकों तक पहुंचाया जा सकता है।÷ अंबानी के अनुसार, इन उपकरणों में निपुणता हासिल करके भारत के सुपर प्रतिभाशाली युवा रचनाकार ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ वैश्विक मनोरंजन उद्योग पर राज करेंगे। उन्होंने कहा, एक तेजी से अशांत और अनिश्चित दुनिया में, हमारी कहानियां एकजुट करने, प्रेरित करने और समृद्ध करने की अपनी शक्ति के साथ बेहतर भविष्य की उम्मीद देती हैं। अंबानी के अनुसार भारत का मनोरंजन और सांस्कृतिक उद्योग सिर्फ सॉफ्ट पावर नहीं है बल्कि यह वास्तविक शक्ति है।

अंबानी ने कहा, हमारी 5,000 वर्षों से अधिक पुरानी सभ्यतागत विरासत में, हमारे पास रामायण और महाभारत से लेकर दर्जनों भाषाओं में लोककथाओं और क्लासिक्स के रूप में कालातीत कहानियों का विशाल खजाना है।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की

**नई दिल्ली।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आज मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का व्यवसाय प्रदर्शन सारांश-वित्त वर्ष 2024-25 /चौथी तिमाही (क्वार्टर4 आर्थिक वर्ष 25)= संपत्तियाँ= कुल ऋण पुस्तिका 32,122 करोड़ रही, जिसमें सालाना आधार पर 8प्रतिशत और तिमाही आधार पर 5प्रतिशत की वृद्धि हुई। मार्च 2025 तक सुरक्षित ऋणों का हिस्सा 43.5प्रतिशत रहा, जबकि मार्च 2024 में यह 30.2प्रतिशत और दिसंबर 2024 में 39.3प्रतिशत था। माइक्रो बैंकिंग वितरण में तिमाही आधार पर 38प्रतिशत की वृद्धि हुई। वसूली और संपत्ति गुणवत्ता ग्रुप और व्यक्तिगत ऋण पुस्तिका के लिए बकेट-एक्स संग्रह दक्षता में सुधार हुआ है, जो मार्च 2025 में 99. 5प्रतिशत रही। मार्च 2025 तक जोखिम में पोर्टफोलियो/सकल एनपीए (जीएनपीए)/शुद्ध एनपीए

**महत्वपूर्ण**

**उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ श्री संजीव नौटियाल ने कहा वित्तीय वर्ष 25 एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा**

(एनएनपीए) क्रमशः 4.5 प्रतिशत /2.2 प्रतिशत/0.5 प्रतिशत रहा; जबकि दिसंबर 2024 में ये क्रमशः 5.4 प्रतिशत /2.7 प्रतिशत /0.6 प्रतिशत थे। मार्च 2025 तक तेज़ प्रावधान 46 करोड़ रहा; मार्च 2025 में प्रावधान कवरेज अनुपात 78प्रतिशत है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ श्री संजीव नौटियाल ने कहा वित्तीय वर्ष 25 एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा, जिसमें बैंक ने माइक्रो बैंकिंग क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण व्यापारिक माहौल का सामना करते हुए उद्योग में सबसे बेहतरीन पोर्टफोलियो गुणवत्ता बनाए रखी।

सुरक्षित लोन बुक को विविधीकृत करने और इसका आकार बढ़ाने के लिए की गई रणनीतिक पहल में महत्वपूर्ण प्रगति हुई, जिससे यह अब लोन पोर्टफोलियो का 44प्रतिशत बन गया है जो पिछले वर्ष 30प्रतिशत था। जबकि बैंकिंग सिस्टम में तरलता की समस्याएं बनी रहीं, इसे उचित स्तर पर प्रबंधित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्रेडिट-टू-डिपॉजिट रेशियो लगभग 85 प्रतिशत तक सुधरा और एलसीआर को आराम से 120 प्रतिशत के आसपास बनाए रखा गया। इसके अतिरिक्त, फरवरी 25 में बैंक ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरबीआई के पास यूनिवर्सल बैंक में बदलने के लिए आवेदन किया।

## आईपीओ लाने के पहले अनिवार्य हो मौजूदा शेयरधारकों के लिए डीमैट खाता, सेबी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस्तावेज दाखिल करने से पहले कंपनी के निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और मौजूदा कर्मचारियों सहित चुनिंदा शेयरधारकों के लिए डीमैट रूप में शेयर रखने को अनिवार्य करने का बुधवार को प्रस्ताव रखा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के इस प्रस्ताव को अगर लागू किया जाता है, तो भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से जुड़ी अक्षमताओं और जोखिमों को खत्म करने में मदद मिलेगी। भौतिक शेयरों के साथ चोरी, जालसाजी और हस्तांतरण व निपटान में देरी जैसे जोखिम जुड़े होते हैं। नियामक ने इस प्रस्ताव पर 20 मई तक टिप्पणी मांगी हैं।

एयरटेल सिम की होम डिलीवरी पर रोक लग गई है। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि तय मानदंडों के बिना इस प्रक्रिया को शुरू नहीं किया जा सकता है। कुछ दिन पहले ही एयरटेल ने ब्लिंकिट के साथ इस सेवा को शुरू करने की घोषणा की थी। दूरसंचार विभाग ने हाल ही में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से कहा कि मौजूदा निर्देशों के अनुसार केवाईसी प्रक्रिया का पूरी ईमानदारी से पालन किया जाएगा। सरकार ने इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में प्रदीप कुमार दास का कार्यकाल अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। गुरुवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में यह जानकारी दी गई। इरेडा ने फाइलिंग में बताया कि दास 5 मई 2025 को कंपनी के सीएमडी के रूप में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। इरेडा ने कहा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सूचित किया है कि प्रदीप कुमार दास 05.05.2025 से अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे। दास ने 6 मई, 2020 को इरेडा के सीएमडी के रूप में पदभार ग्रहण किया। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) एमएनआरई के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था है। इरेडा में शामिल होने से पहले दास भारतीय पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) में निदेशक (वित्त) और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्यरत थे।

# सपनों से समाधान तक: सैमसंग की 'सॉल्व फॉर टूमॉरो 2025' पहल से युवाओं को नवाचार का मौका, 1 करोड़ रूपए का अनुदान

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) पहल 'सॉल्व फॉर टूमॉरो' के चौथे संस्करण की शुरुआत कर दी है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देशभर के युवाओं को प्रौद्योगिकी के ज़रिए सामाजिक चुनौतियों का हल खोजने के लिए प्रेरित करना है।

14 से 22 वर्ष के छात्रों के लिए खुली इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 रखी गई है। चुनी गई टॉप चार टीमों को उनके नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए आईआईटी दिल्ली में इंक्यूबेशन सपोर्ट के साथ कुल एक करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा, टॉप 40 टीमों को 8 लाख और टॉप 20 टीमों को 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रतिभागियों को 82,000 घंटे का विशेष प्रशिक्षण और मेंटरशिप भी दी जाएगी।

इस साल के प्रतिभागियों को चार महत्वपूर्ण थीमों पर समाधान बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है- अधिक सुरक्षित, स्मार्ट एवं समावेशी भारत के लिये एआई; भारत में स्वास्थ्य, आरोग्य तथा तंदुरुस्ती का भविष्य; शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिये खेलों तथा तकनीकी के माध्यम से सामाजिक बदलाव; और टेक्नोलॉजी के जरिये पर्यावरण की स्थिरता।

सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा,÷'सॉल्व फॉर टूमॉरो' के ज़रिए हम भारत के हर कोने के युवा इनोवेटर्स को बड़े सपने देखने, असल ज़िंदगी की चुनौतियों से निपटने और तकनीक के ज़रिए एक स्मार्ट और समावेशी भविष्य गढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस साल की प्रतियोगिता और भी बड़ी और



व्यापक होगी। हम ज़्यादा शहरों में पहुंच रहे हैं, ज़्यादा स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को जोड़ रहे हैं और उन्हें डिज़ाइन थिंकिंग के सिद्धांतों पर आधारित नवाचार का अवसर दे रहे हैं। यह पहल भारत सरकार की अग्रणी #DigitalIndia योजना के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो युवाओं को भविष्य का निर्माणकर्ता बनने के लिए सशक्त करती है।

आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बेनर्जी ने कहा, आईआईटी दिल्ली को युवाओं के बीच नवाचार, उद्यमिता और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान की क्षमता को बढ़ावा देने में गर्व महसूस होता है। सैमसंग 'सॉल्व फॉर टूमॉरो' के साथ हमारी साझेदारी के ज़रिए हम युवा प्रतिभाओं को मेंटरशिप, शोध के लिए अत्याधुनिक संसाधन और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, ताकि वे अपने विचारों को ऐसे उत्पादों में बदल सकें जो समाज पर सकारात्मक असर डालें। हमें इस पहल का हिस्सा बनकर खुशी है, जो सामाजिक रूप से जागरूक नवाचार को बढ़ावा देती है और 'विकसित भारत' के निर्माण में अहम योगदान करती है।

भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प ने कहा, भारत के युवा इनोवेटर्स 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और 2047 तक 'विकसित भारत' के विज़न को साकार करने की दिशा में सबसे बड़ी ताकत हैं। दुनिया में सबसे अधिक युवा प्रतिभाओं के साथ, भारत उन विचारों के ज़रिए नेतृत्व करने की विशेष स्थिति में है जो न सिर्फ स्थानीय समस्याओं का समाधान देते हैं, बल्कि वैश्विक बदलाव की प्रेरणा भी बनते हैं।सैमसंग की 'सॉल्व फॉर टूमॉरो' जैसी पहलें युवाओं को तकनीक की मदद से अपने विचारों को वैश्विक भलाई के लिए व्यावहारिक समाधानों में बदलने का मंच देती हैं। संयुक्त राष्ट्र भारत में ऐसे सार्वजनिक-निजी सहयोगों को समर्थन देने पर गर्व महसूस करता है, जो युवाओं की नेतृत्व क्षमता, नवाचार और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं–इस विश्वास के साथ कि विकास की इस यात्रा में कोई पीछे न रह जाए।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अभिषेक सिंह ने कहा, आज की सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों का समाधान युवाओं के हाथ में है। 'सॉल्व फॉर टूमॉरो 2025' जैसी पहलें युवाओं को तकनीक के ज़रिए अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने का अवसर देती हैं। हम ऐसे नवाचारों को देखने को लेकर उत्साहित हैं, जो युवाओं के नेतृत्व में विकसित होकर समाज में वास्तविक बदलाव ला सकते हैं।

# जनसुनवाई में घूस मांगने की शिकायत डीएम ने पेशकार को किया निलंबित

अवधनामा ब्यूरो



जनता दर्शन में अपनी बात डीएम से कहते पीड़ित

- परवाना भेजने के नाम पर पेशकार ने मांगा था 50 हजार रुपए घूस
- कसया चकबंदी कार्यालय में तैनात है पेशकार राजेश सिंह

**कुशीनगर।** कसया चकबंदी कार्यालय में तैनात पेशकार राजेश सिंह पर एक व्यक्ति ने परवाना भेजने के लिए 50 हजार रुपए घुस मांगने और 10 हजार रुपए लेते हुए वीडियो बनाया था। जनता दर्शन में डीएम के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचे पीड़ित ने पूरी बात बताई। डीएम ने मौके पर वीडियो देखा और मामले का संज्ञान लेकर तत्काल पेशकार को निलंबित कर दिया। इसके अलावा उसके विभागीय जांच का आदेश भी दे दिया। खुद फरियादियों के पास जाकर शिकायत सुनना और साक्ष्यों और प्रपत्रों के आधार पर तत्काल फैसला लेने के इस काम के तरीके की लोग अब तारीफ कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को जैसे शिकायत सुनी और साक्ष्य देखा तत्काल डीएम ने फैसला लेकर निलंबन का आदेश दे दिया।

जनता दर्शन के दौरान एक प्रार्थना पत्र आया जिसमें मोहम्मद सफी पुत्र मीर लुड्डू निवासी नदवा ने बताया कि चकबंदी अधिकारी कार्यालय कसया में कार्यरत पेशकार राजेश सिंह व प्राइवेट मुंशी लाल बाबू द्वारा 50,000 रुपए परवाना भेजने हेतु मांग किया गया और उनके द्वारा कहा गया कि जमीन ज्यादा है इसलिए रुपए देना पड़ेगा तब परवाना बनाएंगे। प्रार्थी ने बताया कि हमारे द्वारा किसी तरह 10,000 रुपए चकबंदी अधिकारी कसया के न्यायालय में राजेश सिंह को दिया तथा रुपए देने का विडियो भी बनवाया है। उक्त लोगों ने सफायत अली का फर्जी हस्ताक्षर भी बना दिया। उक्त लोगो ने यह जानते हुए कि हम लोग फर्जी हस्ताक्षर बना रहे है कानून के विरुद्ध है। फिर भी उक्त लोग मिलजुलकर फर्जी हस्ताक्षर बना कर दाखिल करके चकबंदी अधिकारी से दिनांक 26 अप्रैल 2025 को अनुमोदन तथा 16 अप्रैल 2025 को स्थगित करने का आदेश पारित करा दिए है। उक्त प्रकरण का जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी को बुलाया और उनसे प्रार्थना पत्र की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर पेशकार को निलंबित करने एवं विभागीय कार्यवाही करने हेतु बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अगर तहरीर प्राप्त होती है तो तत्काल पेशकार पर एफ.आई.आर. भी दर्ज कराए। साथ ही प्रार्थी का पैसा भी उसे तत्काल दिलवाए जाने की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने बदोबस्त चकबंदी अधिकारी को संपूर्ण प्रकरण की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# भगवान बुद्ध का डीएम ने किया दर्शन, चढ़ाया चीवर, की सबके कल्याण की कामना

अवधनामा ब्यूरो



भगवान बुद्ध की लेटी प्रतिमा को चीवर चढ़ाते डीएम

- बुद्ध थीम पार्क, बुद्धा घाट पाथ वे, कृषि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा गुरुवार को महापरिनिर्वाण स्थली तथागत भगवान बुद्ध की लेती हुई प्रतिमा का दर्शन कर चीवर चढ़ाया तथा आशीवार्द लिया। उन्होंने समस्त जनपदवासियों के कुशल मंगल की कामना भी की।

तत्पश्चात पर्यटन विकास परियोजनाओं के अंतर्गत बुद्धा थीम पार्क, रामाभार स्तूप के निकट बुद्धा घाट हिरण्यवती नदी पाथ वे, कृषि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। बुद्धा थीम पार्क, बुद्धा हिरण्यवती नदी घाट पर हो रहे पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली एवं विकास कार्यों के अंतर्गत बुद्धा घाट, हिरण्यावती नदी का सौंदर्यीकरण, बुद्धा थीम पार्क के अंतर्गत विशिष्ट एवं सामान्य प्रकृति के कार्य के बारे में भी संबंधित से जानकारी प्राप्त किया। बौद्ध स्थल रामभार स्तूप परिसर में ध्वनि एवं प्रकाश शो के कार्य की प्रगति का भी निरीक्षण किया। सभी परियोजनाओं में गुणवत्तापरक कार्य कराते हुए ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण निर्माण कार्यों का वहनीय, धारणीय एवं चिरकालिक विकास करने के निर्देश दिए ताकि पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षण का केंद्र सदा बना रहे। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी कसया कुशीनगर को निर्देशित किया कि इन पर्यटक स्थलों के आसपास जो वेंडर्स ठेला आदि लगाकर जीविकोपार्जन कर रहे हैं उनकी फोटो सहित एक सूची तैयार कर ले तथा एक वेंडिंग जोन का भी प्रस्ताव बनाएं जिससे कि पर्यटन के दृष्टिकोण से यह स्थल और बेहतर निखर कर आए साथ ही साथ वेंडर का जीविकोपार्जन भी होता रहे। कृषि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था के उपस्थित अधिकारियों से कार्य की गुणवत्ता, भौतिक प्रगति तथा कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि की जानकारी प्राप्त की। कार्यदाई संस्था के उपस्थित अधिकारी द्वारा बताया गया कि 24 माह के अंदर यह परियोजना पूर्ण करना है तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दिया। उन्होंने संपूर्ण निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाले सामानों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए कहा कि प्रयोग होने वाले मैटेरियल्स की गुणवत्ता उत्कृष्ट रहे तथा टाइमलाइन का विशेष ध्यान रखें जिससे कि यह महत्वपूर्ण परियोजना ससमय पूर्ण की जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी कसया आशुतोष, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, कार्यदायी संस्थान के प्रोजेक्ट मैनेजर ए ई, संबंधित क्षेत्र के कानूनगो, लेखपाल तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांवों के विकास के लिए सरकार संकल्पित है : विजय दुबे

## 87.48 लाख रुपए की लागत से जंगल बनबीरपुर में संपर्क मार्ग किया भूमि पूजन

अवधनामा ब्यूरो



संपर्क मार्ग के लिए भूमि पूजन करते सांसद दुबे

**कुशीनगर।** केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत कराए जा रहे विकास कार्यो से कुशीनगर की तस्वीर बदल रही है। आज भाजपा सरकार गावों में भी शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। गांव गांव सड़कों का जाल बिछाकर आमजन को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध दी जा रही है।

उक्त बाते सांसद विजय कुमार दूबे ने विकास खण्ड पड़रौना के जंगल बनबीरपुर में जंगल बनवीरपुर से शिव मन्दिर टोला सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण कार्य की दूरी 1.20 किलोमीटर लंबी और ?87.48 लाख की लागत से बनने वाले सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि आज इस सरकार में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। इसी वजह से इस सरकार में गांव के विकास के लिए संकल्पित है। विशिष्ट अतिथि सदर पड़रौना विधायक मनीष जायसवाल ने कहा को इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन मिलेगी और इस विधानसभा के विकास और सुविधाओं से जोड़ेगी का कार्य करेगी। इस कार्य के लिए सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई देता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ कि जनता के विश्वास और विकास के मार्ग पर हम निरंतर अग्रसर रहेंगे। इस डबल इंजन की सरकार में निरंतर विकास कार्य हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन राहुल कुशवाहा ने किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष विजय सोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विपिन बिहारी मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रकाश शुक्ला उर्फ चिंटू शुक्ला, उदयभान पांडेय, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, छोटू भारती, कुणाल राव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## 'आवास प्लस सूची 2024' में नाम जोड़ने के लिए सर्वे की अंतिम तिथि बढ़ी

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्र पाए गए लाभार्थियों के नाम 'आवास प्लस सूची 2024' में शामिल किए जाने हेतु ग्राम पंचायतों में गत दो माह से सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा था, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित थी। जनपद में अब तक सेल्फ सर्वे के माध्यम से कुल 16,642 लाभार्थियों ने स्वयं सर्वे किया है, जबकि विकासखंडों द्वारा नियुक्त सर्वेकर्ताओं के माध्यम से 33,637 लाभार्थियों का सर्वेक्षण पूर्ण किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इस योजना से लाभान्वित करने के उद्देश्य से सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 15 मई 2025 तक बढ़ा दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि यदि कोई भी परिवार अभी तक सर्वे से वंचित है, तो वे अपने ग्राम पंचायत के सर्वेयर अथवा संबंधित खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर सर्वेक्षण अवश्य कराएं।

# सांसद रामजी लाल पर हमले का सपाईयों में आक्रोश





अवधनामा ब्यूरो

- कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष राम अवध यादव की अगुवाई में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर घंटों धरना-प्रदर्शन किया गया। सपा के सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर हाल ही में हुए हमले के विरोध में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यूपी सरकार में कानून व्यवस्था लचर व दलितों पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम महेंद्र सिंह तंवर को सौंपा। साथ ही अपराधियों के त्वरित गिरफ्तारी की मांग की। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम अवध यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री जावेद इकबाल, कुशीनगर के पुर्व प्रत्याशी राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी, हाटा के पूर्व प्रत्याशी रणविजय सिंह मोहन, पूर्व विधायक डॉ पी के राय, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज यादव, विशुनपुरा के पूर्व ब्लाक प्रमुख विक्रमा यादव, पुरेन्द्र प्रताप यादव, संजय गुप्ता आदि ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन जनता के उत्पीड़न, हत्या, लूट, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अराजकता की घटनाएं आम हो गई हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कानून का शासन स्थापित करने में पूरी तरह विफल हो गई है। उन्होंने कहा कि बीते कई सप्ताह से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा निरंतर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनके आवास पर हमला भी किया गया। पांच दिन पूर्व बीते 27 अप्रैल को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेना ने हमला किया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए और लोगों को गंभीर चोटें भी आई। इस घटना के बाद भी अराजक तत्त्वों पर शासन व प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। इससे यह स्पष्ट है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। इससे उत्तर प्रदेश सरकार की दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है। उन्होंने यूपी सरकार पर दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पीडीए का नारा देकर समाज के सभी शोषित व उत्पीड़ित वर्गों के सम्मान एवं संविधान प्रदत्त अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। इसको उत्तर प्रदेश में प्रभुत्ववादी एवं वर्चस्ववादी समूह बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और संविधान विरोधी मानसिकता का खुलेआम प्रदर्शन कर रहे हैं। इन लोगों की लोकतंत्र और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में कोई आस्था नहीं है। इसीलिए इन समूहों द्वारा पीडीए समाज में उत्पीड़न की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। अंत में डीएम को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बेहाल कानून व्यवस्था, रामजी लाल सुमन के साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार सहित प्रदेश में लगातार हो रहे संविधान विरोधी कृत्यों को आपके संज्ञान में ला रही है, जिससे आपके द्वारा संविधान एवं लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में ठोस निर्णय हो। इस दौरान उदय नारायण गुप्ता, कैसर जमाल टीटू, बजरंगी यादव, ऊषा अग्रहरि, बालकृष्ण मिश्र, वीरेंद्र सिंह सैंथवार, उषा अग्रहरि, राकेश यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 95 वर्षीय संरक्षिका सरस्वती देवी का आकस्मिक निधन

अवधनामा संवाददाता



सरस्वती देवी की फाइल फोटो

**बोदरवार, कुशीनगर।** जीडी इण्टर कालेज की 95 वर्षीय संरक्षिका सरस्वती देवी का बुधवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई है। जीडी इण्टर कालेज असना तथा पंचायत इण्टर कालेज बोदरवार में निवर्तमान प्रधानाचार्य रमेशचन्द्र त्रिपाठी तथा प्रधानाचार्य गोविन्द मिश्र की देखरेख में शोक सभा आयोजित कर मृतात्मा की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सरस्वती देवी अपने पीछे गंगा प्रसाद चौबे, आद्या प्रसाद चौबे, विनोद कुमार चौबे, अरविन्द कुमार चौबे 4 पुत्रों के अलावा इकलौती पुत्री कुमुद तथा एक हरा भरा परिवार छोड़ गई है। सरस्वती देवी तथा इनके पति स्वर्गीय रामनरेश चौबे सामाजिक सरोकार के धनी थे। पचासों वर्षो से गांव स्थित स्वयं भू झारखण्डी शिव मंदिर परिसर में शिव रात्रि के दिन प्रति वर्ष विशाल मेला लगवाते थे। जिसमें आयोजित कुश्ती में अन्तरजनपदीय स्तर के पहलवान भाग लेते थे। इनके निधन से परिजनों तथा शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौंड़ गई है। कप्तानगंज गंडक नदी स्थित राम जानकी घाट पर गुरुवार 10 बजे के करीब मृतिका के छोटे पुत्र अरविन्द कुमार चौबे ने मृतिका सरस्वती देवी की चिता को मुखाग्नि दी।

# यूडीएसपी से टीके से रोके जाने वाली बीमारी की होगी निगरानी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश, अपने स्वयं के यूडीएसपी प्लेटफार्म का उपयोग करके वैक्सीन प्रिवेन्टेबिल डिजीजेस की रीयल टाइम डिजिटल सर्विलान्स शुरू करने वाला पहला राज्य बना। जिले में इस पोर्टल का शुभारम्भ मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ अनिल गुप्ता व भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ अर्चना पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ अनिल गुप्ता ने कहा कि यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल (यूडीएसपी) के माध्यम से टीके से रोके जाने वाले रोगों की निगरानी, शीघ्र पहचान एवं संवाद तीव्र गति से संभव होगी, इसके साथ ही यूडीएसपी पर वीपीडी निगरानी लाने से टीका आधारित रोगों की समझ और बेहतर होगी व भविष्य में कार्ययोजना बनाने में मदद मिलेगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस के सिन्हा ने बताया कि यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के तहत वैक्सीन से रोके जाने वाली 6 बीमारियों पोलियो, मलाइटिस, खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया एवं टिटनेस के लिए केस बेस्ड सर्विलांस चल रहा है। जिससे पहली बार यूडीएसपी में इंटीग्रेटेड किया गया है। जिससे इन छह बीमारियों के लिए रियल टाइम डेटा होगा। इन रोगों की डिजिटल निगरानी जिले एवं राज्य स्तर पर तीव्र गति से संभव होगी एवं टीकाकरण कार्य को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यूडीएसपी पोर्टल के विषय में राज्य स्तर पर दिए गए निर्देश के अनुसार जनपद के चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## रात में खनन दिन में कटान आंखें मूंदे हुए अफसर जनता हैरान

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस की मिली भगत के चलते अवैध खनन व अवैध कटान जोरो पर है, खनन माफिया आए दिन रात के अंधेरे में जेसीबी व डंफर की मदद से धरती को छलनी करते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं अवैध कटान का भी सिलसिला क्षेत्र में बदस्तूर जारी है, बताते चलें कि जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार खनन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से तत्पर है, और जिम्मेदारों को समय-समय पर शासन से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए जाते हैं, लेकिन कोतवाली पुलिस सारे आदेशों और निर्देशों को रौंद रही है, और मनबढ़ खनन माफिया व वन माफिया अवैध कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं, और उन्हें भरपूर संरक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप शाम होते ही रात्रि के अंधेरे में खनन माफिया बेखौफ होकर धरती का सीना छलनी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं, ज्ञात हो कि बीती रात महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसढ़ी सागरपुर गांव के तिराहे पर जेसीबी व डंपर द्वारा क्षेत्र के बेलवा संपर्क मार्ग से सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी खोदकर खनन माफिया ने शासन और प्रशासन को खुली चुनौती दी है तथा बीते एक सप्ताह के अंदर कोतवाली क्षेत्र के चरी का पुरवा व रनागंज सहित कई गांवों में अवैध खनन किया गया है, सूर्यास्त होते ही खनन माफिया अवैध खनन करने में मशगूल हो जाते हैं, इलाकाई लोगों का कहना है कि कोतवाली पुलिस की मिली भगत के चलते ही यह अवैध खनन का कार्य चल रहा है, बगैर पुलिस के संरक्षण संभव नहीं है। मामले में उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है, हल्का लेखपाल विवेक सिंह को मौके पर भेज कर जांच कराई गई है मामला सही पाया गया है रिपोर्ट मिलते ही खनन विभाग को रिपोर्ट भेज कार्रवाई कराई जाएगी।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया ने किया गया विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह-। के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित ए0डी0आर0 भवन में अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा श्रमिको को उनके अधिकारों के बारें में बोध कराकर विधिक सहायता हेतु नालसा के हेल्पलाईन नंम्बर-15100 से अवगत कराया गया। उन्होने कहा कि किसी भी व्यवसाय तथा संस्था को खड़ा करने के लिए श्रमिकों की विशेष भूमिका होती है। मजदूर दिवस मनाने का मूल कारण हर मजदूर के अधिकारों की रक्षा करना तथा उन्हें उनके मूल व कानूनी अधिकारों से अवगत करवाना है। मजदूरों को उनके अधिकारों की विस्तुत जानकारी देते हुए बताया कि वेतन अधिनियम के तहत पुरूष एवं महिला श्रमिकों को समान प्रकृति के कार्य के लिए समान मजदूरी का अधिकार प्राप्त हैं। श्रमिकों के काम करने के लिए निश्चित घंटे तय हैं व कानूनन कर्मचारी को सप्ताह में एक दिन वेतन सहित अवकाश दिया जाना आवश्यक हैं। कामगार मुआवजा अधिनियम के तहत मजदूरों को दुर्घटना होने पर मुआवजा पाने का अधिकार दिया गया हैं।

## बंजर की भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी देवरिया को पत्रक के जरिए सलेमपुर तहसील क्षेत्र के मौजा जिगिना मिश्र तप्पा भटनी तहसील सलेमपुर स्थित आराजी संख्या 164 जो बंजर की भूमि है । उक्त सरकारी भूमि से जिलाधिकारी देवरिया द्वारा अतिक्रमण हटाओ कब्जा मुक्ति अभियान में स्थानीय राजस्व निरीक्षक के मिलीभगत से वास्तविक धरातल पर कार्यवाही नहीं हो पाने का बड़ा आरोप गांव निवासी राकेश मिश्र पुत्र स्वर्गीय बृजकिशोर मिश्र जो सम्मानित प्रिंट मीडिया जन वार्ता अखबार के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी हैं ने आरोप लगाए हैं। जो उनके द्वारा लिक्खे आवेदन में उपरोक्त आराजी संख्या 164 पर गांव निवासी शिव बक्स पुत्र जगदीश पर अवैध रूप से शौचालय एवं बाउंड्री वाल किए जाने एवं कब्जे के गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसमें स्थानीय राजस्व कर्मी एवं हल्का लेखपाल पर भी निजी हित लाभ एवं दबंग कब्जेदार के प्रभाव में फर्जी रिपोर्ट मौके पर किसी के कब्जा नहीं होने जैसे गलत रिपोर्ट प्रेषित कर ऊपर के सक्षम अधिकारियों को भी गुमराह किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही लिखा गया है कि लेखपाल के द्वारा ऐसे कदाचार एवं दबंगों के प्रभाव में काम/सहयोग करने से सरकारी संपत्ति को छती एवं ग्राम सभा को हानि पहुंच रही हैं। साथ ही आवेदक ने संदिग्ध लेखपाल के बजाए किसी अन्य सक्षम राजस्व अधिकारी से रिपोर्ट मंगाकर ग्राम सभा की उक्त आरजी को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग किया है।

## निजीकरण देश के लिए घातक, पेंशन हो एक समान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कैंडल मार्च में लोक निर्माण विभाग के नियमित/वर्क चार्ज कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राघवराम यादव भी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन हमारी बुढ़ापे की लाठी है। सरकार निजीकरण का जाल फैलाए हुए है। निजीकरण देश के लिए घातक है।देश में सब के लिए पेंशन एक समान होनी चाहिए। राजनेता एक साथ कई पेंशन ले रहे हैं। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने को तैयार नहीं है।इस अवसर पर मंजीत यादव,अजय कुमार मौर्य,देवांशु सिंह, संजीव कुमार, रणजीत कुमार, अनिल गौतम,जीत लाल, गणेश प्रसाद शर्मा, तहसीन, सालेहा खातिर जमा, रणजीत कुमार, अनिल गौतम,जीत लाल आदि मौजूद रहे।

## हैदरगढ़ सेमरौता मार्ग पर कटी नहर को ठीक कराया गया

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत निर्माण खंड में हैदर गढ-सेमरौता मार्ग के पास नहर कटने से सड़क पर हो रहे जलभराव की समस्या गुरुवार को दोपहर बाद दूर कर दी गई। जेसीबी से मिट्टी डालकर कटी हुई नहर को ठीक करा दिया गया है। तिलोई विधानसभा में सूखे हुए तालाबों को भरवाने के लिए नहर का पानी छोड़ा गया था। सिंहपुर रजवाहा में अचानक कटान होने पर नहर का पानी हैदरगढ़ सेमरौता मार्ग पर बहने लगा। क्षेत्र वासियों की शिकायत पर डीएम संजय चौहान ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंउ-41मनीष रंजन को मामले की निस्तारण की निर्देश दिए हैं। उन्होंने अवर अभियंता और फील्ड स्टॉफ को मौके पर भेजकर नहर कटान को बंद कराया।

## डीएम ने किया वाटर कूलर व आरओ का उद्घाटन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट आने वाले आंगतुकों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत वाटर कूलर व आरओ स्थापित कराया गया है। गुरुवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि वाटर कूलर तथा आरओ के लगने से कलेक्ट्रेट आने वाले आंगतुकों को शुद्ध व शीतल पेयजल मिलेगा।

# अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों में अपात्रों को चिन्हित कर पात्रों को दें राशन कार्ड : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



महेंद्र सिंह तंवर डीएम कुशीनगर

- ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ व नगरीय क्षेत्र में ईओ करेंगे पात्रता की जांच

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने गुरुवार को समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों अंत्योदय राशन कार्ड की पात्रता जांच करने लिए निर्देश दिया। उन्होंने नामित अधिकारियों को 15 दिवस के अंदर पात्रता की जांच पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

डीएम ने चार दिन पहले समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई के दौरान में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि जनपद में जारी अन्त्योदय कार्ड के लाभार्थियों में से अधिकांश की आर्थिक स्थिति में उन्नयन होने के कारण कुछ लाभार्थी अन्त्योदय राशन कार्ड हेतु अपात्र हो गए हैं तथा अनेक गरीब परिवार जो अन्त्योदय योजना की पात्रता श्रेणी में आ गए हैं, जिस कारण उन्हें इससे आच्छादित किया जाना है। ऐसी स्थिति में अन्त्योदय राशनकार्डो का सत्यापन कराया जाना आवश्यक हो गया है। इस हेतु जनपद में प्रचलित अन्त्योदय राशनकार्डो के सत्यापन कार्य हेतु उक्त सभी संबंधित को विधिवत दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित अन्त्योदय राशनकार्डो के सत्यापन कार्य हेतु संबंधित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी को दायित्व सौंपा है। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अपने विकास खण्ड अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रचलित अन्त्योदय कार्डधारकों की उचित दर दुकानवार सूची की सॉफ्ट कॉपी जिला पूर्ति अधिकारी से प्राप्त की जायेगी। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में प्रचलित अन्त्योदय राशनकार्डो के सत्यापन कार्य हेतु संबंधित नगर क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने अधिक्षेत्र अन्तर्गत प्रत्येक वार्ड में प्रचलित अन्त्योदय कार्डधारकों की उचित दर दुकानवार सूची की सॉफ्ट कॉपी जिला पूर्ति अधिकारी से प्राप्त करेंगे। सूची में अंकित प्रत्येक कार्डधारक के पात्रता की जांच अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ कार्मिकों के माध्यम से कराएं। उन्होंने 15 दिन के अंदर इस कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया अन्यथा की स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अंत्योदय राशन कार्ड हेतु तय किए गए मापदण्ड

जिलाधिकारी ने शासनादेश दिनांक 31 जनवरी, 2001 द्वारा प्रदेश में अन्त्योदय योजना लागू करते हुए उक्त योजना के संचालन के लिए लाभार्थियों के चयन हेतु मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं जो इस प्रकार हैं, 1. अपनी जमीन न हो, 2. पक्का मकान न हो, 3. भैंस/बैल/ट्रैक्टर ट्रॉली न हो, 4. कोई निश्चित व्यवसाय न हो, 5. मुर्गी पालन/गौ पालन आदि न हो, 6. विद्युत कनेक्शन न हो, 7. शासन द्वारा कोई वित्त सहायता का व्यवसाय न हो, और वित्त सहायता प्राप्त न हो।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा पन्द्रह सूत्रीय मांगों का माँगपत्र

- समर्थन में उमड़ा परिषदीय शिक्षको का जनसैलाव
- शिक्षकों की जायज मांगो के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ मैदान में




अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में आज शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हजारो शिक्षकों ने धरना देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की तथा मुख्यमंत्री को संबोधित 15 सूत्रीय माँगपत्र/ज्ञापन ज़िलाधिकारी के प्रतिनिधि मजिस्ट्रेट को सौंपा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बहराइच के जिला अध्यक्ष आनन्द कुमार पाठक ने की। जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने बैठक का संचालन करते हुए बताया प्रदेश अध्यक्ष डॉ . दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों की अनेकों लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आज बेसिक शिक्षकों के 15 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन हो रहा है उसी क्रम में आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जा रहा है।

15 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से 2003 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली करना , वर्षो से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करना, सभी प्रकार केअंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण , सभी शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा 10 लाख करना , विद्यालय की संचालन अवधि टाइम एवं मोशन के अनुसार ग्रीष्म कालीन प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक कार्यअवधि ( 5 घंटे किया जाना ) , विकलांग शिक्षको हेतु दिव्यांग वाहन भत्ता हेतु आदेश निर्गत करने के लिए लगातार अधिकारियों से वार्ता हो रही है परंतु विभाग इन समस्याओं को नज़रंदाज़ कर रहा है। जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक ने धरने को संबोधित करते हुए कहा विभागीय अधिकारियों की शिक्षक समस्याओं के प्रति उपेक्षा शिक्षक बर्दास्त नही करेंगे। यह आंदोलन की शुरुआत है अगर विभागीय अधिकारियों की निंद्रा न टूटी तो और बड़े आंदोलन का ऐलान प्रांतीय नेतृत्व करेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षकों की तमाम मांगों जैसे पुरानी पेंशन , पदोन्नति , स्थानांतरण काफी दिनों से लंबित है शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई भी अधिकारी को रुचि नहीं है अब संघर्ष के बिना कुछ नहीं होगा। संयुक्त मंत्री मोहम्मद अदीब ने कहा कि आज सभी ब्लॉकों के शिक्षक व पदाधिकारी अपने ब्लॉक के बैनर के साथ हजारों की संख्या में धरना में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद कर रहे है सरकार हमारी समस्याओं को दूर करे,कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक एक जुट है और संघ के आवाहन पर हर स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार है। शिक्षको के प्रति सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े। उपाध्यक्ष आसिफ अली ने कहा सरकार को शिक्षकों के साथ भेदभाव को छोड़ कर न्याय करना चाहिए। कैशलेस चिकित्सा सुविधा में सरकार ने शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इस धरने में समस्त विकास खण्डों के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्ययक्ष, व अन्य शिक्षक नेताओ में विनय सिंह, सुरेश सरोज, महेंद्र पाल सिंह, उमाप्रसाद, कृपा शंकर दूवे, सुखदराज सिंह, तनवीर आलम, चंचरिक पाण्डेय, उमाकांत तिवारी, अमित मिश्रा, राकेश यादव, विनोद कुमार पांडे, तजवापुर अध्यक्ष भुवनेश्वर पाठक, अनिल सिंह, जय सुख लाल मिश्रा, डॉ चन्द्र शेखर नागवंशी, सतीस कुमार पांडेय, संध्या सिंह, सुनील मिश्र, धर्मेंद्र अवस्थी, वीरेंद्र कुमार ओझा, मोहम्मद जुबैर, के के वर्मा, धर्मवीर भारती, सौरभ बंसल, फैज मोहम्मद, राजेश कुमार गुप्ता, रवींद्र प्रताप सिंह, कैलाश चंद्र, शैलेंद्र कुमार वर्मा, सुग्रीव वर्मा, रजनीश उपाध्याय, अभय राज मिश्रा, प्रभात कुमार, भारत शुक्ला, ज्ञान प्रकाश पांडे, मनीष मौर्य, राज कुमार पांडे, देवेंद्र कुमार आदि अनेक शिक्षक प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। धरने में जनपद से भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## जनपद में 70 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, इस बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी विकास नायक ने बताया कि वर्षाकाल 2025 हेतु वृक्षारोपण का लक्ष्य जनपद में कुल 70 लाख निर्धारित किया गया है, जिसमें शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य 39 16580 है जबकि जिलाधिकारी ने इस लक्ष्य में 3083420 की बढ़ोतरी करते हुए कुल लक्ष्य पौध रोपण हेतु जनपद को 70 लाख निर्धारित किया है, वन विभाग को 16 लाख और अन्य विभाग को 54 लाख वृक्षारोपण करना है, जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा है कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग गड्ढा खुदान कर लें, उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सहकारिता विभाग को छोड़कर किसी विभाग की प्रगति प्राप्त नहीं हुई है, उन्होंने कहा कि सभी विकासखण्डों में मियांवांकी पद्धति से वृक्षारोपण किया जाना है, इसके लिए सभी खंड विकास अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य को अवश्य कराये, वृक्षारोपण हेतु निम्न स्थानों का चयन किया जा सकता है।

## नगर के बढ़इया वीर स्थित शांडिल्य फिजियोथैरेपी क्लीनिक के संचालक डॉ. सूरज तिवारी हुए सम्मानित



**सुल्तानपुर।** फिजियो थेरेपी के चिकित्सकों के प्रदेश के अलीगढ़ में हुए सम्मेलन में नगर के बढ़इया वीर स्थित शांडिल्य फिजियोथैरेपी क्लीनिक के संचालक डा0 सूरज तिवारी को मुख्य अतिथि अध्यक्ष इंडियन फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन ने संघ का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बीते 27 अप्रैल को हुए सम्मेलन के दौरान डॉ सूरज तिवारी संचालक शांडिल्य फिजियोथेरेपी क्लीनिक, बढ़ैयाबीर, सुलतानपुर को सम्मानित होने पर उनके शुभचिंतकों व परिजनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## मोरंग लदी ट्रक ने बाइक सवार दो छात्रों को मारी टक्कर

**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हलियापुर-कुड़वार मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।इब्राहीमपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार मोरंग लदी ट्रक ने बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी,जिससे दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार,दोनों छात्र वलीपुर से कोचिंग पढ़कर घर लौट रहे थे,तभी यह हादसा हुआ। मौके पर पहुंची डायल 108 की एम्बुलेंस सेवा की मदद से स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए ट्रक सहित उसके चालक को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा,जिसे पुलिस ने नियंत्रण में लिया। स्थानीय लोगों में हादसे को लेकर आक्रोश देखा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घायल छात्रों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## मत्स्य पालन पट्टा शिविर 9 मई को

**फिरोजाबाद।** उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टूंडला में मत्स्य पालन पट्टा शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर दिनांक 9 मई 2025 को समय 12 बजे तहसील टूंडला में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में मत्स्य पालन पट्टा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविर में मत्स्य विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मत्स्य पालन पट्टा शिविर के आयोजन का उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना और स्थानीय मत्स्य पालकों को सुविधा प्रदान करना है।

# शासन ने प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर का कार्य 15 मई तक

- विकास अधिकारी और सचिव आवास सर्वे का कार्य करें पूर्णः डीएम



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** पात्र लाभार्थीयों को ज्यादा से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु शासन ने प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर का कार्य 15 दिनों तक बढ़ा दिया है, अर्थात पहले 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर का कार्य पूर्ण करना था, परंतु शासन ने इस महत्वपूर्ण काम को 15 दिनों के लिए और बढ़ोतरी करते हुए इसे 15 मई तक पूर्ण करने का निर्देश दिये। अगर हम जनपद फिरोजाबाद की बात करें तो अभी तक जनपद में कुल 32588 सर्वेयर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें 26776 सर्वे का कार्य खंड सर्वेयरों द्वारा किया गया है, जबकि 5812 सर्वे का कार्य स्वयं लाभार्थी द्वारा हुआ है, अगर हम ब्लॉक बार बात करें तो अरांव ब्लॉक में 2491, एका ब्लॉक में 5144, फिरोजाबाद में 4000, जसराना में 2597, खैरागढ़ में 3628, मदनपुर में 3879, नारखी में 4209, शिकोहाबाद में 4266, जबकि टूंडला में 2374 प्रधानमंत्री आवास सर्वे का कार्य हुआ है, इस तरह देखा जाए तो अरांव और टूंडला में सबसे कम आवास सर्वे का कार्य हुआ है, जिलाधिकारी ने इन ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी और सचिवों को सख्त निर्देश दिए हैं, कि इन बड़े हुए दिनों में ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास सर्वे में शामिल करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा पात्र नागरिकों को इसकी श्रेणी में लाया जा सके, अगर इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही होगी तो कड़े से कड़ा दंड दिया जाएगा, शासन कि यह जनहितकारी योजना है इसलिए सभी ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों और सचिव इन बढे हुए दिनों में यह सुनिश्चित करें की कोई भी पात्र लाभार्थी इससे वंचित न रहे, इस कार्य को महज सरकारी दायित्व न समझ कर बल्कि एक पुनीत और लोक हितकारी कार्य समझकर पूरा करें, जिससे असहाय, निर्धन परिवारों को छत मिल सके और उनके परिवार को एक सुरक्षात्मक माहौल प्रदान किया जा सके।

# जिला अस्पताल में एक दशक से खाली है रेडियोलॉजिस्ट की पोस्ट

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिला चिकित्सालय आज के मेडिकल कालेज में बीते एक दशक से रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली चल रहा है। योगी सरकार के 8 साल के विकास में एक अदद रेडियोलॉजिस्ट की तलाश सुल्तानपुर जिला चिकित्सालय कर रहा है। जिला अस्पताल अब मेडिकल कॉलेज हो गया है,बावजूद पूरे प्रदेश में सुल्तानपुर के लिए एक रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हो सका। प्रदेश में विकास का ऐसा डंका बज रहा है,किंतु जिला चिकित्सालय में कि लोगों को सैकड़ो रुपए अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए खर्च करने पड़ रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री/ स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह रहे हो या अब बृजेश पाठक जी दर्जनों बार जिले के पत्रकारों ने सुल्तानपुर चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने की मांग उठाई,किंतु योगी सरकार के लगातार दूसरे कार्यकाल में विकास का ढिंढोरा पीटने वाले नेताओं को आखिर सुल्तानपुर चिकित्सालय के लिए एक अदद रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिल रहा है। भाजपा के बड़े-बड़े नेता विधायक एमएलसी समेत सभी के प्रयास धराशाई होते नजर आ रहे हैं। जिले की 26 लाख की आबादी को एक अदद रेडियोलॉजिस्ट की तलाश है। रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में मेडिकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय से जुड़े चिकित्सकों को इलाज करने में समस्या होती है। सुल्तानपुर में भाजपा की विकास गाथा को रेडियोलॉजिस्ट का पद मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है। निजी चिकित्सालय नर्सिंग होम व पैथोलॉजी की लूट का संसाधन बनाने में सुल्तानपुर की चिकित्सा व्यवस्था की पॉलिसी जुटी हुई है। रक्त व अन्य जांच के नाम पर भारी भरकम रकम मरीजों व तीमारदारों से वसूलने जुटे निजी संस्थान लगे हुए हैं। जनपद वासियों ने डबल इंजन की सरकार से जिला अस्पताल/मेडिकल कालेज में एक अदद रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध करवाने की मांग स्वास्थ्य मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है।

# महापौर अर्चना वर्मा ने घर-घर जाकर सुनी जन समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** महापौर अर्चना वर्मा द्वारा वार्ड नं0-20 ( दिलाजाक ) में महापौर जनता के द्वार÷ कार्यक्रम में वार्डवासियों की समस्याओं को घर-घर जाकर सुना गया व वार्ड का निरीक्षण कर सफ़ाई व्यवस्था को देखा गया। महापौर अर्चना वर्मा द्वारा वार्ड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वार्ड की सफ़ाई व्यवस्था वार्ड में स्वच्छता कर्मियों की उपस्थित दर्ज की गयी व सख्त निर्देश दिए गए कि सफाई से सम्बंधित कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। वार्डवासियों द्वारा बताई गयी समस्याओं में सर्वप्रथम नाली, नाले का पुनः निर्माण जैसी समस्याएं रखी गई। वार्ड में जगह-जगह पर लगे हैंड पंप बंद पाए जाने पर मौके पर उपस्थित नगर आयुक्त से वार्ता कर संबंधित अधिकारीयों को तत्काल ठीक कराये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए अर्चना वर्मा द्वारा बताया गया कि जो जनता अपनी समस्या लेकर कार्यालय तक नहीं आ सकती महापौर जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत उनके बीच जाकर समस्या का निवारण किया जाएगा। महापौर अर्चना वर्मा ने समस्त जनता से अपील की है कि वे सफ़ाई व्यवस्था में नगर निगम का पूर्ण सहयोग करें। कूड़ा सड़कों पर न फेंके। गोबर नाली में न बहाएँ। जिससे आपके सहयोग से नगर निगम स्वच्छता में उत्तम रैंकिंग प्राप्त कर सके। स्थलीय निरीक्षण के समय पार्षद पति जीशान हुसैन, नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक अभियंता जलकल, प्रकाश अधिक्षक, मुख्य सफाई एवं खादय निरीक्षक व वार्डवासी मौजूद रहे।

# हाईस्कूल-इंटर के छात्रों को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** गांव गढी निर्भय में श्रीमती वीरमती फौरन सिंह इंटर कॉलेज में शत प्रतिशत 2024-25 परिणाम के संदर्भ में छात्र एवं छात्राओं का सम्मान समारोह रखा गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. ओंमकार सिंह प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र एवं प्रबंधक इंजीनियर सुनील कुमार प्रधानाचार्या इंजीनियर रश्मि यादव, ओपी., पुष्पेंद्र, सचिन, अजय, रामकिशन, नीलेश आदि लोग उपस्थित रहे। इस मौके प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय ग्रामीण अंचल में तथा जिला मुख्यालय से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर है, उसके बाद भी हमारे विद्यालय का रख रखा एवं प्रबंधन एवं शिक्षण कार्य बहुत ही प्रेषित करने वाला है। बच्चों को हर तरह की शिक्षण सुविधाएं प्रदान कराई जा रही है। बच्चों ने अपनी काबिलियत के दम पर प्रथम-स्थान पर अंकित यादव 90:, द्वितीय प्रवीन कुमार 89:, तृतीय -जगमोहन 88: ने हाईस्कूल में अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में प्रथम रेहान 81:, द्वितीय प्राची सिंह 78:, तृतीय- निशा 77: ने अंक प्राप्त किए। इस दौरान कालेज स्टॉफ ने विजयी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## चिराग ने आईसीएसई परीक्षा में नाम किया रोशन

**टूंडला।** ओईएफ हजरतपुर के कर्मचारी के पुत्र ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज व अभिभावक का नाम रोशन किया है। क्राइस दा किंग इंटर कालेज टूण्डला में आईसीएसई बोर्ड से छात्र चिराग माथुर ने दसवी कक्षा में 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्राइस दा किंग इंटर कालेज टूंडला का नाम रोशन किया है। छात्र की सफलता पर अविभावक व स्कूल के अध्यापक ने बधाई दी। छात्र चिराग माथुर सूर्यनगर कालौनी टूंडला में मनोज कुमार एवं श्रीमती रीना माथुर के पुत्र है। पिता ओईएफ हजरतपुर में एग्जामिनर के पद पर कार्यरत है। जब कि माँ एक गृहणी है। पुत्र की इस सफलता पर घर में खुशी का माहौल है चिराग माथुर ने बताया है कि वह पढाई कर एक वैज्ञानिक बनकर देश के लिए कार्य करना चाहते है।

## शाहजहांपुर में आज पहली बार उतरेंगे लड़ाकू विमान

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद में पहली बार दो और तीन मई को राफेल, मिराज और जगुआर लड़ाकू विमान उतरेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही सैकड़ों लोग इसके साक्षी बनेंगे। नाइट लैंडिंग शो के कारण कटरा-जलालाबाद मार्ग दो मई को शाम सात बजे से रात दस बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। दो मई को प्रातः 8 बजे से वायुसेना की ओर से एफएलसी प्रारंभ होगी। सुबह 9:45 बजे से 10:30 बजे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों द्वारा लैंडिंग शो का आयोजन किया जाएगा। जलालाबाद के गांव पीरू के पास स्थित 3:30 किलोमीटर लंबी गंगा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर दो और तीन मई को होने वाले भारतीय वायुसेना अभ्यास की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। डीएम ने निराश्रित गोवंश प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था एवं स्कूली बच्चों के लिए बैठने की व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। धूल-मिट्टी उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव कराने सहित अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

## 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद उर्फ पप्पू की हत्या में वांछित 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिसमें एक अभियुक्त अंकित को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। शनिवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू कुशवाह की पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही हमलावरों ने गोली मारकर व चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी।मृतक के पुत्र प्रिन्स कुशवाह द्वारा थाना टूण्डला पर अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में 05 नामजद एवं 02 अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में 04 पुलिस टीम का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। तलाश के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयीं

# सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर हमले को लेकर सपा का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद (राज्यसभा) रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दिए जाने व 27 अप्रैल को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेना द्वारा हमले किए जाने एवं उनके मकान पर तोड़फोड़ किए जाने के विरोध में हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर गुरुवार को शाहजहांपुर जनपद में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में खिरनी वाग रामलीला मैदान में एकत्र हुए जहां से समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता एकत्र होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करते हुए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक मजिस्ट्रेट जीत सिंह को सौपा और संबंधित करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई कर जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई।

इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव , सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान , पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा,सपा के जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान, पूर्व प्रत्याशी अनवर अली, सपा प्रदेश सचिव सरदार मंजीत सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव,सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया आदि तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे
### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-197330-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-155464-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-109933-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-495-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-494-24-1 (Advertising-Out of Home |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Pnu-LKO-PYGS-WRL-79-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloack Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1286/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय ग्राम पंचायत- पेडार वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत पेडार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 15.05.2025 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत पेडार के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पेडार के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पेडार कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत पेडार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान-महेन्द्र कुमार, ग्रा.पं. पेडार, वि.खं. मिठवल

सचिव- दुर्गेश कुमार सिंह, ग्रा.पं. पेडार, वि.खं. मिठवल

## कार्यालय - जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

पत्रांक : 947(2)/नि.अ./ई-टेण्डर/जि0पं0/2025-26 दिनांक : 30 अप्रैल, 2025

### ई-निविदा सूचना

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त, राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वाँ वित्त आयोग अनुदान योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो के प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेबसाईट http//etender.up.nic.in से दिनांक : 14.05.2025 अपरान्ह 01.00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाइन निविदा दिनॉक : 22.05.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक डाली जा सकती है, जो दिनांक : 23.05.2025 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे से निविदा समिति के समक्ष तकनीकी बिड ऑनलाइन खोली जायेगी तथा तकनीकी बिड जॉचोपरान्त फाइनेन्सियल बिड आनलाइन खोली जायेगी। कार्यो का विवरण एवं शर्ते बेबसाईट http//etender.up.nic.in व http//kheri.nic.in तथा कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में जाना जा सकता है।

(राकेश सिंह) अभियन्ता जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

(जागन सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

(ओम प्रकाश) अध्यक्ष जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

# पुरैनी गांव में परिवार पर हमला

**पीड़ित से मिलने पहुंची बुंदेलखंड नव निर्माण सेना**



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी में 29 अप्रैल 2025, मंगलवार को एक गरीब ब्राह्मण परिवार पर गांव के ही कुछ अराजक तत्वों द्वारा लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आधा दर्जन हमलावरों ने घर में घुसकर परिवार को बुरी तरह से पीटा, जिससे परिजन लहूलुहान हो गए। इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

घटना के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलने बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट विनय तिवारी के नेतृत्व में गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ितों का हालचाल लिया और मौके से ही सीओ सरीला व एसओ जलालपुर से फोन पर बात कर मामले में शीघ्र गिरफ्तारी और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे गांव और घर छोड़ने को मजबूर होंगे। पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाया और भय के माहौल में जीने की बात कही। इस मौके पर भरत मिश्रा, हिमांशु पाठक सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे। बुंदेलखंड नव निर्माण सेना ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

# गणतंत्र दिवस 2026 के पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अवधनामा संवाददाता**

**17 मई तक जिला खेल कार्यालय से प्राप्त करें फार्म**

**हमीरपुर।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन खेलों के क्षेत्र में शोध, उत्कृष्ट योगदान एवं विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी बृजेश कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक पात्र महिला और पुरुष खिलाड़ी, जो किसी खेल से संबंधित हैं और जिन्होंने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान दिया है, वे अपना आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय, हमीरपुर से 17 मई 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में अपना व्यक्तित्व एवं कृतित्व संबंधी विवरण (साइटेशन) तीन प्रतियों में भरकर 23 मई 2025 तक जिला खेल कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। साइटेशन में केवल खेलों से संबंधित योगदान और उपलब्धियों का उल्लेख किया जाना चाहिए। खेल अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की कटिंग, ओवरराइटिंग अथवा इरेजर का प्रयोग मान्य नहीं होगा। पात्रता और अन्य विवरणों के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं। यह पहल सरकार द्वारा खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मज़दूर दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** मजदूर दिवस पर पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद इटावा तुलसी के सभी सम्मानित सदस्यों ने एक गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी का शुभारंभ शाखा के अध्यक्ष एवं पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डी टी सी सीबीएसई इटावा ने दीप प्रज्वलन कर एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरुआत की। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने कहा हर वर्ष 1 मई को हम मजदूर दिवस (Labour Day) के रूप में मनाते हैं। यह दिन उन सभी मेहनतकश मजदूरों को सम्मान देने का दिन है, जो हमारे समाज और देश की नींव हैं। बिना मजदूरों के हम किसी भी विकास की कल्पना नहीं कर सकते। मजदूर दिवस की शुरुआत 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर से हुई थी, जब वहां के मजदूरों ने अपने काम के घंटे कम करने के लिए आंदोलन किया। उनका संघर्ष रंग लाया और 8 घंटे काम का नियम बना। इसके बाद यह दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों के अधिकारों के प्रतीक के रूप में मनाया जाने लगा। हमारे देश में भी मजदूर वर्ग बहुत बड़ा है किसान, निर्माण कार्य में लगे लोग, फैक्टरियों में काम करने वाले मजदूर ये सब हमारे देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, उन्हें वह सम्मान और सुविधाएं हमेशा नहीं मिलतीं, जिनके वे हकदार हैं। इसलिए, मजदूर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें उचित वेतन, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता, नीलिमा चौधरी, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, मौसमी पाल, पंकज चौहान एवं अंजू चौधरी उपस्थित रही।

# सपा सांसद लालजी वर्मा के समर्थन में हमीरपुर में ज्ञापन सौंपा



**अवधनामा संवाददाता**

**कार्रवाई वापस लेने की मांग**

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व अंबेडकरनगर से सांसद लालजी वर्मा के समर्थन में सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हमीरपुर में एकजुट होकर प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सांसद लालजी वर्मा को राजनीतिक द्वेषवश झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। ज्ञापन में यह मांग की गई कि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई तत्काल प्रभाव से वापस ली जाए, ताकि लोकतंत्र और जनप्रतिनिधियों की गरिमा बनी रहे। इस दौरान सपा नेताओं ने कहा कि लालजी वर्मा जैसे वरिष्ठ और स्वच्छ छवि के नेता के खिलाफ की गई कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया और विरोध जताते हुए नारेबाजी भी की।

ज्ञापन सौंपने वालों में सपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक बादशाह सिंह , पुष्पेंद्र यादव सहित अनेक युवा नेता व कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो समाजवादी पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी।

# पौधशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम व जागरूकता शिविर का आयोजन

**राठ (हमीरपुर)।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर राठ वन रेंज द्वारा धनौरी पौधशाला में श्रमिकों के सम्मान और उनके उत्साहवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को वानिकी कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण देना तथा उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण, श्रमिक गोष्ठी, तथा पौधशाला में शिफ्टिंग, ग्रेडिंग व सावधानियों से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला श्रमिकों को सम्मानित करते हुए स्टॉल, छाता, साफी, टॉर्च, पानी की बोतल समेत अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इसके अतिरिक्त, वन विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों को सुरक्षित कार्यस्थल, उनके अधिकार, कर्तव्य और कार्यस्थल पर आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें पौधशाला में काम करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी सतेंद्र सिंह राजावत, वन दरोगा सतीश चंद्र, अमित कुमार, पूर्व प्रधान मुन्ना सहित वन विभाग राठ के अधिकारी, कर्मचारी व सभी श्रमिक उपस्थित रहे।

# जल जनित रोगों और स्वास्थ्य प्रभावों पर कार्यशाला का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत इन्फोटेक सॉल्यूशंस द्वारा जल गुणवत्ता के मुद्दों पर एफ टी के सदस्यों की भागीदारी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य आतिथि सुरेश कुमा 'अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती की प्रतिमा प 'माल्यार्पण क 'किया गया। कार्यक्रम मे इन्फोटेक सॉल्यूशंस नोएडा के अधिकारियों द्वारा महिलाओं को जल् गुणवत्ता हेतु जागरूक किया गया तथा जल जांच के बारे में जानकारी दी गयी साथ् ही जल सखी को किड एवं बैग लेटर पैड के साथ वितरण किया गया। जल जांच के बारे में जानकारी देते हुए शुद्ध जल पीने के लिए प्रेरणा दी गई। वह गांव-गांव में आयोजन करने के लिए किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम मे युनोप्स के जिला सलाहकार सिद्धगोपाल त्रिवेदी ने गन्दे पानी से होने वाली जलजनित बिमारियो और बीमारियो से बचने के उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम् मे सहायक आभियन्ता जल निगम ग्रामीण शिवम् त्रिपाठी, अवर अभियंता धीरेंद्र मौर्य एवं शंकु कुमार तथा रामाक्रषन् शुक्ला (सुपरविजन पीएमसी ), संतोष कुमार सोशल एक्सपर्ट, राकेश् कुमा 'पीएमसी, सिद्धगोपाल त्रिवेदी यूनोप्स तथा लैब से अब्दुल् हसन एवं शालिनी तथा इन्फोटेक सॉल्यूशंस से सोनू सैनी (डीपीसी), एडीपीसी आदर्श शर्मा , एकता गुप्ता तथा विवेक शर्मा व स्टाफ उपस्थित रहे।

**मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान**

# झोला वितरण का कार्यकम किया शुरुआत



**सोनभद्र।** शासन के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पॉलिथीन का उपयोग पूर्णत्या प्रतिबंन्धित कर दिया गया है जिसके कम में आज दिनांक 01 मई, 2025 को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिसद सोनभद्र द्वारा मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान के अन्तर्गत नागरिको व नगर पालिका के सदस्यगण को झोला वितरण का कार्यकम नगर पालिका परिषद सोनभद्र के सभाकक्ष में किया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष महोदया द्वारा उपस्थित लोगों से अपील की गयी कि प्रतिबंन्धित पॉलिथीन का उपयोग न करे यह हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए नुकसान देय है। उक्त कार्यक्रम में सदस्यगण मनोज चौबे, राकेश कुमार, भैयालाल, विरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार हीरावती देवी व नजबुन निशा तथा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# डीएम ने जनसुनवाई में 90 शिकायतें सुनीं



**अवधनामा संवाददात**

**त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जन सामान्य की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश मामलों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के समाधान हेतु उन्होंने एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक (जूम एप के माध्यम से) आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम मीना ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई करें और लोगों को त्वरित राहत प्रदान करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का अधिकारीगण मौके पर जाकर जांच करें और गुणवत्ता के साथ निस्तारण कर निर्धारित समय सीमा में आख्या उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी की इस सक्रियता से लोगों में संतोष देखा गया और आमजन ने त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# मुलायम सिंह यादव जी की मूर्ति का अनावरण

**वहाज अली निहाल**



**इटावा कचहरी पर लगी प्रतिमा हमेशा नेता जी द्वारा किये गये विकास कार्यों को याद दिलाती रहेगी**

**इटावा।** कई वर्षों से बहुत प्रतीक्षित पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, पूर्व रक्षामंत्री भारत सरकार एवं इटावा के गौरव ही नहीं देश के महान नेताओं में शुमार धरती पुत्र नेता जी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह यादव जी इटावा डी.बी.ए.के इन्द्रा गांधी जी पार्क में मूर्ति का अनावरण अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों वरिष्ठ, युवा अधिवक्ता तथा कार्यकारिणी के तमाम सदस्य मौजूद रहे तत्पश्चात डी.बी.ए.हॉल में अधिवक्ताओं ने उनके समय के यादगार पलों को लोगों के बीच साझा गया। डी.बी.ए.के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित व रूपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि अधिवक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि इटावा कचहरी की सुन्दरता में चार चांद लगाने का काम धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव ने किया जो आज दिन तक किसी ने नहीं किया। अधिवक्ताओं ने अपने वकत्व्य में इटावा कचहरी पर पक्के बरामदे अधिवक्ता भवन का निर्माण आदि तमाम निर्माण कार्य जो कि कचहरी पर हुये सभी अधिकांश नेता जी के समय में ही हुये। नेता जी ने इटावा कचहरी ही नहीं इटावा जिले के विकास के लिये डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर चिकित्सालय इटावा सैंफई स्टेडियम सैंफई का चिकित्सालय, सैंफई हवाई पट्टी आदि तमाम सैकड़ों कार्य इटावा के लिये किये। वक्ताओं ने नेता जी मुलायम सिंह द्वारा किये गये कार्यों की भूरि-भूरि प्रशांत करते हुये कहा कि इटावा कचहरी पर लगी प्रतिमा हमेशा उनके द्वारा किये गये विकास कार्यों को याद दिलाती रहेगी।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री देवेन्द्र पाल ने किया। मंच पर उपस्थित पूर्व अध्यक्ष चन्द्र शेखर प्रसाद सिंह गौर, रमेश यादव, विद्याराम भारती ने भी मुलायम सिंह यादव की अपने ओजस्वी भाषण में काफी प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्तिक यादव, मनोज कुमार शाक्य, अवनीश कुमार, प्रहलाद सिंह, अनिल वर्मा, सुनील टण्डन, राजेश वर्मा, राजू यादव, हुतेश यादव, अभिनय यादव, रामनाथ, अशोक सिंह राठौर, संदीप अग्रवाल, शिवम सेंगर, साक्षी शर्मा, अनिल शाक्य, मुकेश यादव, गजेन्द्र पाल सिंह चौहान, मेराज अली ख़ान, सुभाष राजपूत, प्रदीप राजपूत, किरन राजपूत, हैप्पी ठाकुर, प्रेम किशन पाल, बृजेन्द्र चर्तुवेदी, बृजेन्द्र कुमार गुप्ता, मधु तोमर, रविन्द्र सिंह यादव, इम्तियाज अंसारी, चन्द्र गुप्त, प्रशांत कुदेशिया, अनार सिंह, काशिफ़ा नाज़, सुभाष प्रजापति, हरविलास दोहरे व सचिन पाल सैकड़ों अधिवक्ता शामिल रहे।

# एनसीएल परिवार ने खनिक अभिनंदन दिवस पर श्रमवीरों को किया नमन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में खनिक अभिनंदन दिवस-2025 के अवसर पर मुख्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी /संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, श्रमिक संघों के जेसीसी सदस्य- सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्याम धर दूबे, एचएमएस से अशोक कुमार पाण्डेय, सीएमओएआई महासचिव, सर्वेश सिंह, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियों ने शहीद स्मारक एवं खनिक प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर देश की ऊर्जा आपूर्ति हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले ऊर्जा वीरों को नमन किया। इस दौरान सीएमडी बी. साईराम ने अपने उद्बोधन में एनसीएल परिवार एवं हितग्राहियों को खनिक अभिनंदन दिवस की बधाई दी। साथ ही उन्होंने कर्मी और कार्य दोनों के सम्मान की कार्य संस्कृति को आत्मसात करने हेतु आह्वान किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें कोल इंडिया के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने के आलोक में इस खनिक अभिनंदन दिवस को अलग और अहम बताया द्य उन्होंने एनसीएल की शानदार विभागीय क्षमता उत्कृष्टता का ज़िक्र करते हुए सभी कर्मियों के अभूतपूर्व योगदान की सराहना की।

# हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को विवश होंगे: विनोद

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** बेसिक शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली सहित 14 सूत्रीय मांगों के समर्थन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रांतीय मंत्री एवम् जिलाध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर धरना प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार को को सौंपा। धरने की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय मंत्री एवम् जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने संबोधित करते हुए कहा शिक्षकों की 14 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से 01 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन (OPS) से आच्छादित किया जाए, विशिष्ट बी.टी.सी. , 2004 को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया जाए, प्रोन्नति वेतनमान, आकांक्षी जिलों सहित सामान्य अंतर्जनपदीय स्थानांतरण आदि मांगें पूरी की जाएं, यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को विवश होंगे। धरने को ब्रजेश यादव, जौली शाक्य, उपेन्द्र कुमार वर्मा, राज़दा खातून, विपिन मिश्रा, राकेश यादव, श्रीराम राही, रामविलास यादव, गोविंद चौहान, प्रद्युम्न यादव, जितेन्द्र यादव, रविंद्र सिंह, संजीव कुमार, दीपक कनौजिया, यशवीर सिंह, हरीमोहंन राजपूत, दीपक बघेल ने भी संबोधित किया। धरने में प्रमुख जिलामंत्री अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी, रवि त्रिपाठी, महिला सह संयोजक शाषिप्रभा, राधा यादव, संगठन मंत्री के.पी.शाक्य, अमित त्रिपाठी, ब्लॉक मंत्री हरीमोहन राजपूत, मानवेंद्र गोयल, योगेंद्र यादव, दीपक कनौजिया, सत्य देव सिंह आज़ाद, तहसील प्रमुख अमर यादव, नीरज यादव, ईश्वर नारायण, शिववीर सिंह कुशवाहा, सुनील कश्यप, संघर्ष समिति अध्यक्ष जितेन्द्र कश्यप, विजयपाल, नितिन वर्मा, ऋषभ यादव, आभा पुरवार, आरती सिंह, प्रीती गुप्ता, अनुज यादव, कौशलेंद्र यादव, औसान यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। धरने का संचालन जिला प्रचार मंत्री राम सजीवन ने किया।

# कर्मियों के सम्मान में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से 7 अधिकारियों एवं 31 कर्मचारियों सहित कुल 38 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से निर्भय चावरे , मुख्यप्रबन्धक (उत्पादन), बबुआ राम यादव , सहायक अभियंता (सिविल) एवं अमृत लाल, पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड-सी, गुणवत्ता नियंत्रण सेवानिवृत्त हुए। कंपनी मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने कंपनी की उत्तरोत्तर र्पाती में सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस दौरान एनसीएल के निदेशक मण्डल ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी की शुरुआत हेतु शुभकामनाएँ दीं। अभिनंदन समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल में अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के संस्मरण सभी के साथ साझा किए और अपनी उपलब्धियों का श्रेय एनसीएल को दिया।

# सपाइयों ने कलेक्ट्रेट पर किया जोरदार प्रदर्शन

**योगी सरकार पर कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाया**

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर पहुंच कर सफाईयों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत नई दिल्ली के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सोपा गया जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया एवं संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन जनता के उत्पीड़न हत्या लूट महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अराजकता की घटनाएं आम हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कानून का शासन स्थापित करने में पूरी तरह विफल हो गई है। बीते कई सप्ताह से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद राज्यसभा रामजी लाल सुमन को करणी सेवा द्वारा निरंतर जान से मारने की धमकी दी जा रही है तथा उनके आवास पर हमला भी किया गया। पांच दिन पुर्व दिनांक 27 अप्रैल 2025 को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करनी सेना ने हमला किया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए और लोगों को गंभीर चोटे भी आई। इस घटना के बाद भी अराजक तत्वों पर शासन प्रशासन में कोई कार्रवाई नहीं किया, जिससे यह स्पष्ट है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। इससे उत्तर प्रदेश सरकार की दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है। भाजपा सरकार में पीडीए का सोषण चरम सीमा पर है। आप भारतीय संविधान की संरक्षक है, ऐसे में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बिहार कानून व्यवस्था, रामजी लाल सुमन के साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार सहित प्रदेश में लगातार हो रहे संविधान विरोधी कृत्यों को आपके संज्ञान में ला रही है, जिससे आपके द्वारा संविधान एवं लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में ठोस निर्णय हो। यदि पीडीए समाज का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव पीडीए का नारा देकर समाज के सभी शोषित उत्पीडित वर्गों के सम्मान एवं संविधान प्रदत्त अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। इसको उत्तर प्रदेश में प्रभुत्ववादी एवं वर्चस्ववादी समूह बर्दाश्त नहीं कर पा रही है और संविधान विरोधी मानसिकता का खुलेआम प्रदर्शन कर रहे हैं। इन लोगों की लोकतंत्र और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में कोई स्थान नहीं है। इसलिए इन समूहों द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में कोई आस्था नहीं है। इसलिए इन समूहों द्वारा पीडीए समाज में उत्पीड़न की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है।

# हिंडाल्को कर्मचारियों को दिए विशेष आभार-पत्र




**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणूकूट।** आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, रेणूकूट के तत्वावधान में संचालित सोशल सर्विस क्लब द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (मजदूर दिवस) के अवसर पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य के प्रति उनके समर्पण और कार्यनिष्ठा के लिए धन्यवाद स्वरूप आभार-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता शाही के निर्देशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में क्लब से जुड़े प्राथमिक कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी सरल एवं स्नेहिल अभिव्यक्ति के माध्यम से कर्मचारियों की कार्यकुशलता एवं कर्तव्यपरायणता का सम्मान करते हुए हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की। प्लांट गेट पर खड़े बच्चों ने आते- जाते कर्मियों के न केवल श्रम की महत्ता को समझा, बल्कि उनकी अनुशासित कार्य प्रणाली एवं समर्पित जीवनशैली से प्रेरणा भी प्राप्त की। विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की ओर से हिंडाल्को के सभी कर्मठ कर्मचारियों को उनके अमूल्य योगदान, कठिन परिश्रम एवं समर्पण के लिए हार्दिक धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर हिंडाल्को के मुखिया समीर नायक एवम मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने बच्चों की इस पहल की खूब प्रशंसा की वहीं बच्चों द्वारा उनके नैतिक गुणों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना भी की।

# राजनीति में आना मेरे जीवन का 'टर्निंग प्वाइंट' था : आनंदीबेन पटेल

■ उपराष्ट्रपति ने किया राज्यपाल की पुस्तक का विमोचन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीति में आना उनके जीवन का 'टर्निंग प्वाइंट' था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें सियासत में लेकर आये थे। राज्यपाल ने यहां अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में अपने जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन के अवसर पर यह बात कही। विनोद जोशी, अशोक देसाई और पंकज साहनी द्वारा लिखित इस पुस्तक का उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विमोचन किया।


राज्यपाल ने कहा, यह पुस्तक मेरे जीवन में आयी चुनौतियों, परिश्रम और आत्मबल का लेखा-जोखा है। इसमें मेरी भावनाओं, संघर्षों और अनुभवों की यात्रा है। इसके माध्यम से मेरा यह प्रयास रहा है कि मैं उन संघर्षों को साझा कर सकूं जो शायद किसी और के जीवन में आशा की एक किरण बने, किसी थके हुए यात्री को संबल दे या किसी युवा को यह विश्वास दे कि इच्छाशक्ति प्रबल हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

पटेल ने कहा, मुझे खुशी है कि इस समाज को बदलने का काम भी हमारे जैसे हजारों भाई बहनों ने किया है, लेकिन राजनीति में आना मेरे लिए टर्निंग पॉइंट बना। उस समय गुजरात में तीन साल तक लगातार अकाल पड़ा था। ऐसी स्थिति में नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में न्याय यात्रा का आयोजन हुआ। मैं भी उसमें शामिल हुई। मैं उस वक्त पार्टी में नहीं थी। नरेन्द्र भाई ने मुझे सुझाव दिया कि आप भाजपा ज्वाइन करिये।

उन्होंने कहा, मैंने थोड़ी आनाकानी भी की। एक तरफ मेरा स्कूल था, बच्चे थे और सास को कैंसर भी था। तब मैंने सोचा कि चलिए एक जिले का दायित्व संभालू तो दूसरे दिन महिला मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में मेरे नाम की घोषणा हो गई। महिलाओं का संगठन तैयार करने की जिम्मेदारी मुझे मिली और बहुत दिल से मैंने पूरे गुजरात में महिलाओं का संगठन बनाया, जो आज भी काम कर रहा है। राज्यपाल ने गुजरात की महिला मोर्चे की अध्यक्ष, मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में अपने अनेक अनुभवों को साझा किया और कहा, यह पुस्तक मेरे अतीत का दस्तावेज है लेकिन इसका उद्देश्य आने वाले भविष्य को प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा, इस पुस्तक की कीमत 500 रुपये है और यह किसी को मुफ्त में नहीं मिलने वाली है.... लेकिन इससे जो धन प्राप्त होगा वह मैंने जहां-जहां काम किया है वहां के बच्चों को पढ़ाने के लिए उपयोग किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने पुस्तक के विमोचन के लिये एक मई का दिन इसलिये भी चुना है क्योंकि आज गुजरात का स्थापना दिवस भी है।

## मार्क्सवादी ने की उ.प्र. राज्य सचिव मंडल की बैठक

**लखनऊ।** लोक गायिका नेहा सिंह राठौर तथा प्रो.माद्री के खिलाफ लखनऊ में अभियोग पंजीकृत किए जाने की घटना लोकतांत्रिक अधिकारों तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। भाजपा सरकार लोकतंत्र को समाप्त करने वाले कदम रही है। सीपीआईएम इसका विरोध करती है। पार्टी ने कहा है कि लोकतंत्र में सवाल करना जायज है। जनता यदि अपने द्वारा चुनी गई सरकार से सवाल नहीं करेगी तो किससे करेगी। भाजपा सरकार को पूछे गए सवालों का जवाब देना चाहिए ना कि उनके ऊपर दमनात्मक कदम उठाकर उनकी आवाज को बंद करना चाहिए। पार्टी ने नेहा राठौर और प्रोफेसर माद्री के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमों का विरोध करते हुए उसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। राज्य सचिव मंडल ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले के तीव्र निंदा करते हुए गिरफ्तार हमलावरों की आनन फानन में रिहाई पर भी सवाल उठाया और हमलावरों की सरकार से मिली भगत का आरोप लगाया। बैठक में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सांप्रदायिक और जातिवादी हुड़दंगियों की फौज तैयार कर रही है जो समूची कानून व्यवस्था को अपने हाथ में ले रहे हैं।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लामार्ट ग्राउण्ड, लखनऊ पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को विदाई देते हुए

# हयातुल्लाह की 125 वीं जयंती मनाई गई

■ आप से कोई नफरत करे तो आप उनसे नफरत न करें

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** स्वतंत्रता सेनानी पूर्व राज्य सभा सदस्य और लेखक मरहूम हयातुल्लाह अंसारी की 125 वीं जन्मदिन के मौके पर उनके देश सेवा, कौमी एकता सद्भावना पर रौशनी डाली गई वहीं प्रतिदिन आग उर्दू के पूर्व चीफ एडिटर तथा कौमी आवाज के एडिटर इब्राहिम अल्वी को सम्मानित करने के साथ उपस्थित कई लेखक व शायर को भी सम्मानित किया गया। इस मौके कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए बेकसूरों की नृशंस हत्या की निंदा करते हुए बज़्म ए ख्वातीन की सदर शहनाज़ सिदरत ने कहा मेरा परिवार और हयातुल्ला साहेब ने जीवन भर देश की एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए काम किया, उनके द्वारा संचालित तालीम घर द्वारा चलाए जा रहे मदरसे में दीनी तालीम के साथ साथ उन्हें समाजी और आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है जहां से निकली बेटियां देश सेवा में काम आएं और किसी क्षेत्र में पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा समाज के लिए पूरी कोशिश करते रहे जहां सभी में मोहब्बत हो। उन्होंने कहा कि नफरत को मोहब्बत से मिटाएं आप से कोई नफरत करे तो आप उनसे नफरत न करे बल्कि उनसे मोहब्बत न छोड़े एक दिन वो आप से मोहब्बत करने लगेगा। वक्ताओं ने हयातुल्लाह अंसारी और अहमद इब्राहिम अलवी के बारे में बोलते हुए उन्होंने हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई सभी में कोई अंतर नहीं समझा बल्कि सभी एक जैसा मोहब्बत का संदेश दिया और उन्हें भी समाज के सारे कौमों से इज्जत और मोहब्बत मिली। कार्यक्रम में शेरो-शायरी की महफिल भी खूब सजी जहां शायरों ने कुछ इस अंदाज में हयातुल्लाह साहेब और उनके शागिर्द इब्राहिम अल्वी के बारे में अपने शायराना अंदाज में कहा कि हजारों साल नर्गिस अपनी बेनूरी पर रोती है- बड़े मुश्किल से चमन में दीदावर पैदा होता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे रिजवान फारूकी ने वक्फ के बारे में कहा कि इस पर अध्ययन करना चाहिए कि यदि कोई कमी है तो उसको संवैधानिक रास्तों से हल निकलना चाहिए, उसमें कौम और वक्फ को जो सकारात्मक फायदे हैं या महिलाओं की भागीदारी पर कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए बल्कि उसके जो प्रावधान वक्फ के या कौम के हित में नहीं है उसके लिए कोर्ट का रास्ता है जिसे अख्तियार किया गया है पर इस पर कोई ऐसा विरोध न करें जिससे देश का माहौल बिगड़े हम हमेशा देश के लिए कुर्बानी देने वाले है न कि देश को परेशानी में डालने वाले है। पहलगाम हमला भी हमारे पड़ोसी द्वारा आपसी भाईचारा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश थी इस संकट की घड़ी में हम सब साथ है और एक है।

# डाक विभाग ने आरम्भ किया 'ज्ञान पोस्ट' सेवा

**किफायती दामों पर भेज सकेंगे शैक्षणिक पुस्तक और सामाजिक-सांस्कृतिक साहित्य**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग ने पुस्तकों और अध्ययन सामग्री को कम लागत में भेजने के लिए 01 मई, 2025 से 'ज्ञान पोस्ट सेवा' की शुरुआत की। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 'ज्ञान पोस्ट' के तहत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक बोर्ड, विश्वविद्यालय, सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय और सांविधिक निकाय से संबंधित पुस्तकें, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली पाठ्यपुस्तकें और देश के सुसंगत विधि के अनुसार जारी या प्रकाशित सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्वरूप से संबंधित साहित्य डाक द्वारा भेजे जा सकेंगे। ऐसे सभी पैकेट पर ज्ञान पोस्ट अंकित होने चाहिए। 'ज्ञान पोस्ट' के अंतर्गत भेजी जाने वाली पुस्तकों और मुद्रित शैक्षिक सामग्रियों को ट्रैक किया जा सकेगा और कम लागत के प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए सतही माध्यम से परिवहन किया जा सकेगा। इसके तहत बुक करने हेतु न्यूनतम पैकेट वजन सीमा 300 ग्राम और अधिकतम वजन सीमा 5 किलोग्राम होगी और शुल्क 20 रुपए से शुरू होकर अधिकतम 100 रुपए (लागू करों के अनुसार) तक होगा। उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि 'ज्ञान पोस्ट' यह सेवा 'हर घर ज्ञान, हर सपने को उड़ान' की संकल्पना के साथ देश के हर हिस्से में शिक्षा का समर्थन करने और शिक्षार्थियों तक पहुँचने के लिए भारतीय डाक की निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाती है।

# खाद्य आयुक्त के पीएस जय शर्मा के आगे मुख्य सचिव भी कुछ नहीं

अवधनामा संवाददाता

■ खाद्य आयुक्त भूपेंद्र चौधरी भी फंस गये अपने पीएस जय शर्मा के गिरोह के चंगुल में

■ छह साल से एक ही पद पर

**लखनऊ।** आपने वह कहावत तो सुनी होगी कि सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का। इन दिनों यही गुनगुनाते हुए आप खाद्य आयुक्त भूपेंद्र चौधरी के निजी सचिव जय शर्मा को देख सकते हैं । शासन के सारे नियमों को धता बताते हुए छह साल से एक ही पद पर काबिज जय शर्मा का जलवा इतना है कि अब तक जितनी भी शिकायतें उसके विरुद्ध आयीं वह सब फाइलों के बोझ तलें दब गयी। ताजा प्रकरण मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा एक मामले की शिकायत का संज्ञान लेकर भेजे जाने का है। उस पत्रावली को भी दबा दिया गया और जब इस मामले में आईजीआरएस डाली गयी तो रणवीर प्रसाद जब तक आयुक्त पद पर रहे तब तक तो जांच चली लेकिन भूपेंद्र चौधरी के आते ही जय शर्मा के गिरोह ने उसका निस्तारण करा लिया। जय शर्मा का गिरोह इसलिए क्योंकि बाकायदा विभाग में उनकी टीम है। अभी पिछले दो महीने पहले ही उनकी टीम के दो कर्मचारी दफ्तर में मयखाने में ठुमके लगाते और जुआं खेलते देखे गये वीडियो वायरल हुआ तो तीनो निलंबित कर दिये गये। अब कैसे तीन महीने की अवधि पूरी हो और उनको बहाली मिल जाये, इस पर जय शर्मा अभी से जुगत लगाये है। अभी पत्रकार राजेश श्रीवास्तव के की शिकायत पर मुख्य सचिव के पत्र के साथ ही आई आईजीआरएस का यह कहकर निस्तारण कर दिया गया कि उचित साक्ष्य नहीं दिये गये।

# सनातन ब्राह्मण समाज ने कन्या विवाह व उपनयन संस्कार किया सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा गत वर्षो की भाति इस वर्ष स्थानीय नवीन चैक स्थित सुदर्शन गेस्ट हॉउस में ब्रम्हचारियों बटुकों का उपनयन संस्कार व कन्याओ का विवाह सम्पन्न कराया। प्रात काल आचार्य ब्रजेन्द्राचार्य शास्त्री, संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, प्रेम शंकर मिश्रा, रामदत्त मिश्रा ने बटुकों को मंत्रोच्चार के साथ यज्ञोपवीत धारण कराया। उपनयन संस्कार के दौरान बटुकों की तेल हल्दी की रस्म के साथ ही मंडप पूजन की विधि की गई। इसके उपरांत शाय काल प्रियंका, विनीत, शुभी, महेश, लक्ष्मी, शुभम, शीलू, शुभम, हेमा, छोटू, राधा, रामकुमार, ज्योति, आयुष आदि जोड़ो ने मन्त्र उच्चारण के साथ अग्नि को साक्षी मानकर सात जन्मों के बंधन मे बधने के लिए फेरे लिए। कार्यक्रम मे वर वधू के साथ ही उनके परिजनों ने भी उपस्थित रहे। सामूहिक विवाह के बाद नव दंपतियों को उपहारों को भी भेंट किया गया। वर एवं वधु के परिजनों के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी नगर अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, राजन गुप्ता आदि ने नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया। वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने कहा कि कमजोर,जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह कराना पुनीत कार्य होता है।

# सपा सांसद पर हमले के विरोध में ज़ोरदार प्रदर्शन

■ अपराधियों के हौसले बढ़ जाने से कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को लगातार जान से मारने की धमकी, उनके आवास एवं काफिले पर हमले की घटना सहित प्रदेश में दलित समाज के उत्पीड़न की बढ़ रही घटनाओं में उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ जिला कार्यालय कैसरबाग से जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त के नेतृत्व में पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता एकसाथ महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामजी लाल सुमन को लगातार जान से मारने की धमकी, उनके आवास एवं काफिले पर हमला किया गया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए और कई लोगों को गंभीर चोटें भी आई। इस घटना के बाद भी सरकार द्वारा उन अराजक तत्वों पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी, जिससे यह स्पष्ट है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। साथ ही आए दिन जनता के उत्पीड़न, हत्या, लूट, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अराजकता की घटनाएं आम हो गयी हैं। अपराधियों के हौसले बढ़ जाने से कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीष सिंह पुष्कर, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड सिद्धार्थ सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव, फखरूल हसन चांद, प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, विजय सिंह यादव, रंजीत यादव, राशिद अली, फैसल मकबूल खान, अकरम उर्फ बब्लू, प्रदेश अध्यक्ष मजूदर सभा धनीलाल श्रमिक, प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद शरन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुसवाहा, पूर्व मंत्री राम सिंह राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, अशोक यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, पूर्व प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, सलाउद्दीन 'मुस्सन', जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह, अनिल पासी, बचान सिंह यादव, ललिता राजपूत लोधी, विजयश्री गौतम, अर्चना रावत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, रमेश सिंह रवि, ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, नगर पंचायत अध्यक्ष बीकेटी गणेश रावत, प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक सभा अवधेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य, उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, अजय कुमार रावत, जिला पंचायत सदस्य पन्ना लाल रावत, जीत बहादुर जीतू, जितेन्द्र यादव 'गुड्डु', निहाल अहमद सिद्दीकी, सुशील यादव 'गुड्डु', प्रेमलता यादव, ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', दिवाकर यादव, जिला कोषाध्यक्ष इस्तियाक अहमद, अधिवक्ता रामनाथ रावत, विजयश्री गौतम, शगीर अहमद 'अंगूर', मुलायम सिंह यादव, संग्राम सिंह यादव, शिवम यादव गोलू सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता

## मुस्लिम इदरीशी महासभा मया बाज़ार अयोध्या द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया



**लखनऊ।** देश भर के दर्ज़ी कामगार मजदूरों की ओर से देशवासियों को बधाई दे रहा हूं दर्ज़ी कामगार मजदूर जो देशवासियों को रंग बिरंगे कपड़े को बेहतरीन डिजाइन करके आपको पहनाता है और जब लोग कपडे पहन लेते हैं तो दर्ज़ी कामगार मजदूर को भूल जाते हैं इसलिए कामों के साथ उन्हें याद दिलाने के लिए संघर्षरत रहने की जरूरत है।

## तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का उद्घाटन आज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फ सिटी कैम्पस, जॉपलिंग रोड कैम्पस एवं राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का भव्य उद्घाटन कल 2 मई, शुक्रवार को अपरान्ह 4.30 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2 से 4 मई तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग हेतु आस्ट्रेलिया, नेपाल, मॉरीशस एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से लगभग 500 प्रधानाचार्य, शिक्षक व शिक्षाविद् लखनऊ पधारे हैं। उद्घाटन समारोह में सी.एम.एस. छात्र देश-विदेश से पधारे शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी छटा प्रदर्शित करेंगे।

# विद्या की दीपशिखा से उज्जवल हुआ अल-हुदा का आकाश

■ छात्रों ने रचा सफलता का स्वर्णिम इतिहास

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ज्ञान का दीप जहां प्रज्वलित होता है, वहां अंधकार स्वयं ही पीछे हट जाता है। अल-हुदा मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2025 की आईएससी एवं आईसीएसई परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यही प्रमाणित किया है।

**आईएससी परीक्षा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ-** इस वर्ष विद्यालय से 76 छात्रों ने आईएससी परीक्षा में प्रतिभाग किया। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में से तैय्यबा सिद्दीकी ने अपनी विलक्षण मेधा और अथक परिश्रम से 93.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान अर्जित किया।

**अन्य प्रमुख विद्यार्थियों में हैं:** - मोहम्मद ज़ैद क़ादरी- 91 प्रतिशत
- मोहम्मद इब्राहीम- 90 प्रतिशत

इन छात्रों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और अनुशासन से हर शिखर प्राप्त किया जा सकता है।

आईसीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन 133 छात्र-छात्राओं ने आईसीएसई परीक्षा में भाग लिया और अनेक छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया हैः

- तासमिया बानो ने, जिन्होंने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता की नई ऊँचाइयों को छुआ।


अन्य होनहार विद्यार्थियों में शामिल हैः

- रुश्दा हाशमी दिलशाद अली- 95.4 प्रतिशत
- तुबा फातिमा- 93.4 प्रतिशत
- सिबग़तुल्लाह- 93.2 प्रतिशत
- सादिया इरफ़ान- 90.8 प्रतिशत

इन विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ केवल अंक नहीं, बल्कि उनके स्वप्न, तप और दृढ़ निश्चय का प्रतिरूप हैं। विद्यालय परिवार- प्राचार्य, शिक्षकगण एवं प्रबंधन- इन प्रतिभाशाली छात्रों को हार्दिक बधाई देता है। यह सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग एवं विद्यार्थियों की निष्ठा का फल है। अल-हुदा मॉडल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, चरित्र निर्माण और समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। यह उपलब्धि हमारे उसी दृष्टिकोण की सशक्त पुष्टि है।

## परिवहन निगम में मृतक आश्रितों को नियुक्ति यथाशीघ्र दी जाएगी : दयाशंकर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि मृतक आश्रित 1145 परिचालक एवं 20 चालक



की नियमित नियुक्ति प्रदान किये जाने का सर्कुलर आज परिवहन निगम द्वारा जारी कर दिया गया है। उन्होंने मृतक आश्रितों को बधाई देते हुए कहा कि श्रमिक दिवस पर निगम में लंबे समय तक अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं मुहैया कराने वाले मृतक कर्मचारियों के आश्रितो को इससे बेहतरीन इनाम और कुछ नहीं हो सकता। परिवहन मंत्री ने अधिकारियों निर्देशित किया है कि उक्त नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्गत प्रपत्र में उल्लिखित प्रावधानो का अनुपालन करतें हुये तत्काल प्रक्रिया प्रारम्भ कर दे। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण सुचिता का अनुपालन के साथ ही सुनिश्चित करें की किसी भी प्रकार का कोई परिवाद न हो।

# सज्जाद बाक़री ने हाईस्कूल में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूनिटी कॉलेज का नाम किया रोशन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** छात्र-छात्राओं के लिए बोर्ड परीक्षा किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होती। हर साल हजारों विद्यार्थी पूरे समर्पण और मेहनत से इस परीक्षा का सामना करते हैं, और कुछ छात्र अपनी लगन व उत्कृष्ट परिणामों से नई मिसाल कायम कर जाते हैं। ऐसी ही एक मिसाल पेश की है लखनऊ के सरफराजगंज, हुसैनी लेन इलाके के रहने वाले सज्जाद बाक़री ने। उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूनिटी कॉलेज, हुसैनाबाद का नाम रौशन किया है। सज्जाद ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों और मैनेजमेंट को दिया, साथ ही अपने माता-पिता के सहयोग को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा, मेरे मम्मी-पापा ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया और मेरी कामयाबी के लिए दुआएं कीं। आज मैं जो भी हूं, उन्हीं की दुआओं और समर्थन की बदौलत हूं। गौरतलब है कि सज्जाद बक़री, मौलाना सकलैन बाक़री के बेटे हैं। सज्जाद ने उन विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया जो इस बार अपेक्षित अंक नहीं ला सके। उन्होंने कहा, कभी हार मत मानिए। लगातार मेहनत करते रहिए, क्योंकि मेहनत का फल एक न एक दिन ज़रूर मिलता है।

## जैनब रिज़वी ने हाई स्कूल में 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर CMS महानगर का नाम किया रौशन



लखनऊ के छात्र-छात्राओं के लिए बोर्ड परीक्षा किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होती। हर साल हजारों विद्यार्थी पूरे समर्पण और मेहनत से इस परीक्षा का सामना करते हैं, और वहीं कुछ छात्र अपनी लगन और परिणामों से मिसाल कायम कर जाते हैं। ऐसी ही एक मिसाल पेश की है पुराने लखनऊ के शीशमहल की रहने वाली जैनब रिजवी ने, जिन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा में 95.25 अंक प्राप्त कर सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, महानगर शाखा का नाम गौरवान्वित किया है। जैनब ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन को दिया और साथ ही यह भी कहा कि उनके माता-पिता और बहनों का सहयोग उनके लिए सबसे बड़ी ताकत रहा। उन्होंने कहा, मेरे मम्मी-पापा ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया और मेरी कामयाबी के लिए दुआएं कीं।